■ आईटी मंत्री की चेतावनी : प्रोडक्ट डिजाइन नहीं तो रोकेंगे सरकारी फंड -12

■ पेट्रोल पंप पर केरोसिन भी मिलेगा, हर जिले में 2 पंपों पर रहेगी सुविधा -12

■ ईरान होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से ट्रांजिट टोल वसूल करने की तैयारी में -13

■ लोगों को बात करने दें, मैं अपना हुनर साबित करने के लिए नहीं खेल रहा हूं : रहाणे -14

आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
20.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.02
सूर्यास्त 06.24

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 06:56 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 31 मार्च 2026, वर्ष 36, अंक 52, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

आंगनबाड़ी में होंगी 65 हजार भर्तियां स्मार्ट सैलरी से बढ़ेगा मानदेय: योगी

मुख्यमंत्री ने किया एलान: 69,804 कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन और 18,440 को दिए नियुक्ति पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आंगनबाड़ी व्यवस्था में बड़े बदलाव करते हुए पांच हजार कार्यकत्रियों और 60 हजार सहायिकाओं की भर्ती समेत मानदेय में बढ़ोतरी का एलान किया। उन्होंने 'स्मार्ट सैलरी' व्यवस्था लागू करने की बात कहते हुए विभाग को जल्द प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और 'न पर्ची-न खर्ची' के आधार पर चयन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी लोकभवन में सोमवार को 69,804 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन और 18,440 कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने 450 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विभिन्न बाल विकास एवं महिला कल्याण परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब आंगनवाड़ी केंद्रों को स्मार्ट बनाया जा रहा है, तो वहां कार्य करने वाली महिलाओं का मानदेय भी उसी अनुरूप होना चाहिए। न्यूनतम मानदेय की गारंटी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि उन्हें सम्मानजनक पारिश्रमिक मिल सके। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्रों को डिजिटल सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। स्मार्टफोन वितरण से रियल टाइम डेटा अपलोड होगा और योजनाओं की निगरानी बेहतर होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तीन से पांच वर्ष के बच्चों की प्री-प्राइमरी शिक्षा भी अब इन्हीं केंद्रों पर संचालित होगी।

लखनऊ :लोक भवन सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नियुक्ति पत्र प्रदान करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए लोगों को चाहिए गुंडों की फौज

मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए कहा कि जो लोग चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए हैं, वे गरीब की पीड़ा नहीं समझ सकते। उन्हें समाज को बांटने के लिए पर्व-त्योहारों से पहले दंगा करवाने वाली गुंडों की फौज चाहिए। महिलाओं व व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले चाहिए। उनसे काम की उम्मीद करना अपने आप में दिवास्वप्न जैसा है।

मुख्यमंत्री बोले-पहले पोषाहार पर शराब माफिया का था कब्जा

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में पोषाहार वितरण पर शराब माफिया का कब्जा था और वही पूरे सिस्टम को नियंत्रित करता था। राशन की गुणवत्ता खराब होती थी, जिससे कुपोषण बढ़ता था। अब इस तंत्र को समाप्त कर पारदर्शी व्यवस्था लागू की गई है और योजनाओं में बिचौलियों या भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं है।

● 450 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास, योगी बोले- भर्ती प्रक्रिया में न पर्ची-न खर्ची

पहले माफिया संचालित करता था आउटसोर्सिंग

योगी ने कहा कि पहले आउटसोर्सिंग कंपनियां माफिया या नेताओं से जुड़ी होती थीं। वे सरकार से 10-12 हजार रुपये लेकर कर्मचारियों को पांच-छह हजार ही देती थीं और नियुक्ति में भी कमीशन लेती थीं। अब सरकार कॉर्पोरेशन के माध्यम से शोषण-मुक्त व्यवस्था लागू कर सम्मानजनक मानदेय सुनिश्चित करेगी।

आंगनवाड़ी कार्यकत्री 'यशोदा मैया'

मुख्यमंत्री योगी ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को 'यशोदा मैया' बताते हुए कहा कि वे कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में अहम भूमिका निभा रही हैं। पिछले वर्षों में 1.70 करोड़ से अधिक बच्चों की स्क्रीनिंग की गई है और बड़ी संख्या में बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराया गया है। प्रदेश में बौनापन की दर भी 48 प्रतिशत से घटकर 37 प्रतिशत तक आ गई है।

ट्रंप की धमकी, होर्मुज खोलो नहीं तो तेल और पावर प्लांट कर देंगे तबाह

वाशिंगटन/दुबई, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को ईरान को नए सिरे से धमकी देते हुए कहा कि अगर शांति समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका ईरान के बिजली संयंत्रों, तेल के कुओं और खार्ग द्वीप को नेस्तनाबूद कर देगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि उनका प्रशासन सैन्य अभियानों को समाप्त करने के लिए ईरान के साथ गंभीर बातचीत कर रहा है। ट्रंप ने पोस्ट में कहा कि बहुत प्रगति हुई है, लेकिन अगर किसी भी कारण से जल्द ही कोई समझौता नहीं हो पाता है, जिसकी आशंका बहुत अधिक है, और अगर होर्मुज तुरंत व्यापार के लिए नहीं खुलता है, तो हम ईरान में अपनी कार्रवाई का समापन उनके सभी बिजली उत्पादन संयंत्रों, तेल कुओं और खार्ग द्वीप (और संभवतः सभी विलवणीकरण संयंत्रों!) को उड़ाकर और पूरी तरह से नष्ट करके करेंगे।

वहीं, ईरान ने रिवोल्यूशनरी गार्ड के नौसेना प्रमुख अलीरजा तंगसिरी की मौत की सोमवार को पुष्टि की। इजराइल ने गुरुवार को दावा किया था कि उसने ईरानी नौसेना के रियर एडमिरल तंगसिरी को मार गिराया है। रिवोल्यूशनरी गार्ड के एक बयान में कहा कि तंगसिरी गंभीर रूप से घायल होने के बाद अल्लाह के पास चले गए। ईरान के हमले में उत्तरी इजराइल के हाइफा शहर में एक तेल रिफाइनरी पर सोमवार को आग लग गई। घटनास्थल की वीडियो फुटेज में यह आग दिख रही है। वीडियो में एक बड़े रिफाइनरी टैंक में आग की लपटें और घना काला धुआं दिखाई दिया, जिसे इजराइल की अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं ने जल्दी ही बुझा दिया। यह स्पष्ट नहीं हो सका कि आग मिसाइल हमले से लगी थी या किसी मलबे के गिरने से। इजराइल में केवल दो ही रिफाइनरियां हैं और यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब इजराइल ने ईरान के साउथ पार्स प्राकृतिक गैस क्षेत्र व पेट्रोकेमिकल स्थलों पर हमले किए हैं।

● अमेरिकी राष्ट्रपति ने शांति समझौते को लेकर रविवार को ईरान को नए सिरे से दी धमकी
● ईरान ने रिवोल्यूशनरी गार्ड के नौसेना प्रमुख अलीरजा तंगसिरी की मौत की पुष्टी की
● तेहरान के मिसाइल हमले के बाद इजराइली तेल रिफाइनरी के निकट आग जलती दिखी

ईरान ने अमेरिकी-इजराइली अधिकारियों के आवास को निशाना बनाने की दी चेतावनी

दुबई। ईरान की संयुक्त सैन्य कमान के प्रवक्ता ने रविवार को चेतावनी दी कि अब अमेरिका और इजराइल के अधिकारियों के निजी आवास को निशाना बनाया जाएगा। पश्चिम एशिया में एक माह से अधिक समय से जारी युद्ध भयावह होता जा रहा है। यह धमकी इजराइल तथा पश्चिम एशिया में रहने वाले अमेरिका और इजराइल के सैन्य तथा राजनीतिक अधिकारियों को लक्षित है।

कुवैत में ईरानी हमलों में एक और भारतीय की मौत

दुबई। रविवार को कुवैत में एक बिजली और जल अलवणीकरण संयंत्र पर ईरान के हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। इस घटना के साथ ही इस युद्ध में मारे गए भारतीय नागरिकों की संख्या आठ हो गई है। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत की पुष्टि की है। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह कुवैत में एक जल अलवणीकरण संयंत्र पर हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की दुखद मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त करता है।

न्यूज ब्रीफ

नीतीश व नितिन नबीन का विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी और जनता दल (यूनाइटेड) के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) संजय कुमार ने कुमार का इस्तीफा विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह को सौंपा। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने भी बिहार विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बांकीपुर सीट से उनका इस्तीफा भाजपा की बिहार इकाई के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार को सौंपा।

देश में उर्वरक का पर्याप्त भंडार, किसान चिंतित न हों : नड्डा

नई दिल्ली। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को कहा कि भारत में घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त उर्वरक भंडार मौजूद है और पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। नड्डा ने उर्वरक कंपनियों और हरित अमोनिया बनाने वालों के बीच हरित अमोनिया की आपूर्ति से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर के अवसर पर कहा, यह ही नहीं, भारत ने कई संकट देखे हैं।

घुसपैठ चुनावी मुद्दा नहीं, यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर घुसपैठियों को जमीन कब्जाने की अनुमति देने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि असम में घुसपैठ केवल चुनावी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह राज्य की अस्मिता की रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है।

नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले असम में भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य ने लंबे समय तक अस्थिरता का दौर देखा, लेकिन पिछले एक दशक में स्थिति बदली है क्योंकि भाजपा की डबल-इंजन सरकार ने राज्य में शांति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किया। पहली बार वोट देने वाले और युवा मतदाताओं को असम में पिछली कांग्रेस सरकारों के कुशासन के बारे में याद दिलाने की जरूरत है और उन्हें आगाह करना चाहिए कि सबसे छोटी गलती भी राज्य को पीछे धकेल सकती है। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राज्य में पार्टी की जीत की हैट्रिक सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। मोदी ने कहा, घुसपैठ सिर्फ चुनावी मुद्दा नहीं है। यह असम की पहचान और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा का विषय है। कांग्रेस ने घुसपैठियों को अवैध तरीके से भूमि कब्जाने की अनुमति दी। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां-जहां घुसपैठिए बसते हैं, वे छोटे व्यवसायों, स्थानीय निवासियों की आजीविका पर कब्जा कर लेते हैं।

● प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर घुसपैठियों को जमीन कब्जाने की अनुमति देने का लगाया आरोप
● असम में भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से किया संबोधित

मोदी बोले- हमने वह दौर देखा जब असम हिंसा में जल रहा था

प्रधानमंत्री ने बताया कि पूर्वोत्तर में विभिन्न संगठनों के साथ 12 शांति समझौते किए गए हैं और कार्यकर्ताओं को यह याद दिलाना चाहिए कि कांग्रेस सिर्फ कागजों पर समझौते करती थी। कहा, हमने वह दौर देखा है जब असम हिंसा में जल रहा था। लेकिन पिछले दशक में स्थिति बदली है और आज राज्य में नया आत्मविश्वास दिख रहा है। कांग्रेस के शासन में शांति समझौतों को नजरअंदाज किया गया और युवाओं को अशांति की ओर धकेला गया।

आईबीसी संशोधन विधेयक पारित, सुधरेगी बैंकों की हालत

नयी दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के कारण देश की बैंकिंग प्रणाली में काफी सुधार हुआ है तथा वाणिज्यिक बैंकों की एनपीए की वसूली में भी मदद मिली है। उन्होंने सदन में 'दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025' पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि विधेयक के माध्यम से आईबीसी में 12 संशोधन प्रस्तावित हैं। विधेयक पर चर्चा में 40 सदस्यों ने भाग लिया। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से इस विधेयक को मंजूरी दी।

वित्त मंत्री ने कहा कि संसद की प्रवर समिति ने विधेयक में कुल 17 बड़ी अनुशंसाएं कीं, जिन्हें सरकार ने स्वीकार कर लिया। सरकार ने एक और सिफारिश को इसमें जोड़ा है कि कर्जदाताओं की समिति को आवेदकों को चयन करने के कारणों को दर्ज करना होगा, इससे पारदर्शिता आएगी। आईबीसी संहिता से भारतीय बैंकिंग प्रणाली में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि एनपीए की वसूली में इस संहिता की प्रभावी भूमिका रही है। सीतारमण के अनुसार वाणिज्यिक बैंक के एनपीए की कुल वसूली में दिवाला संहिता का 54 प्रतिशत से अधिक का योगदान रहा है।

● वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा- एनपीए की वसूली में मदद मिली

ग्राहकों के लॉकर में रखे सामान को बैंक नहीं देख सकते

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला ने कहा कि ग्राहकों के लॉकर में रखे सामान को बैंक नहीं देख सकते और ना ही उसका रिकॉर्ड रख सकते हैं क्योंकि इससे बैंकिंग नियमों का उल्लंघन होगा। सीतारमण लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस सदस्य किरसन नामदेव के पूरक प्रश्न उत्तर दे रही थीं। उन्होंने कहा, किसी ग्राहक के लॉकर में रखे कीमती सामान पर नजर रखना बैंकिंग नियमों का उल्लंघन है, और बैंक ऐसा नहीं करेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि किसी भी नुकसान की स्थिति में लॉकर धारकों के लिए उनके सामान की क्षति या लॉकर टूटने जैसे मामलों में मानक कवरेज लॉकर के सालाना किराये का 100 गुना तय है।

दो गुटों में फायरिंग के दौरान रिटायर्ड ब्रिगेडियर को लगी गोली, मौत



देहरादून। यहां के राजपुर में सोमवार सुबह कानून व्यवस्था को चुनौती देती सनसनीखेज और हृदयविदारक घटना में सेना के रिटायर्ड ब्रिगेडियर मुकेश जोशी की गोली लगने से मौत हो गई। वे सुबह की सैर पर निकले थे। इस दौरान कार सवार युवकों के दो गुटों में हुई फायरिंग में उन्हें गोली जा लगी। पुलिस ने इस मामले में बार मालिक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी सिटी प्रमोद के अनुसार, सुबह 6:50 बजे जोहड़ी गांव में फायरिंग की सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची तो जांच में सामने आया कि, मसूरी रोड पर मालसी के पास गाड़ी को पास न देने को लेकर दिल्ली नंबर की फॉर्च्यूनर कार व उत्तराखंड की स्कॉर्पियो में सवार युवकों के बीच विवाद के बाद फायरिंग हो गई।

आईजी समेत 27 आईपीएस के तबादले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः शासन ने सोमवार देर शाम 27 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। चंद्र प्रकाश को प्रशिक्षण निदेशालय से हटाकर सुरक्षा में आईजी बनाया गया है। लखनऊ कमिश्नरेट के पूर्वी जोन के डीसीपी शशांक सिंह को एसपी महोबा, पश्चिम के विश्वजीत श्रीवास्तव को एसपी बहराइच तथा दक्षिणी जोन के डीसीपी निपुण अग्रवाल को 9वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद का सेनानायक बनाया गया है। अमरोहा के एसपी अमित कुमार आनंद को लखनऊ में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है।

एसपी शाहजहांपुर राजेश द्विवेदी को 38वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ का सेनानायक, श्याम नारायण सिंह को एसएसपी एटा से एसडीआरएफ लखनऊ का सेनानायक, एसपी महोबा प्रबल प्रताप सिंह को अपराध मुख्यालय डीजीपी कार्यालय, रामपुर के एसपी विद्यासागर मिश्र को 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर, एसपी कौशाम्बी राजेश कुमार द्वितीय को 44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ का सेनानायक, एसपी जालौन डॉ. दुर्गेश कुमार को 6वीं वाहिनी एसएसएफ अयोध्या का सेनानायक, एसपी बहराइच रामनयन सिंह को 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर का सेनानायक बनाया गया है। इसके अलावा एसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित को एसपी शाहजहांपुर, एसपी महाराजगंज सोमेंद्र मीना को एसपी रामपुर, एसपी हमीरपुर डॉ. दीक्षा शर्मा को पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ नियुक्त किया गया है।

● प्रदेश के कई जिलों में नए कप्तान, लखनऊ कमिश्नरेट के तीन डीसीपी भी स्थानांतरित

सात दोषियों को उम्र कैद की सजा

अयोध्या कार्यालय,

अमृत विचारः बीकापुर कोतवाली क्षेत्र में जमीन के विवाद में एक युवक की हत्या करने के मामले में कोर्ट ने सात दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। हत्या के दोषियों पर एक लाख 52 हजार 600 रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। यह निर्णय सोमवार को अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट रवि कुमार गुप्ता की कोर्ट ने सुनाया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्रीधर मिश्रा तथा वादी के अधिवक्ता सईद खान ने बताया कि घटना दो अगस्त 2022 की है। हैबतपुर कोतवाली अयोध्या के रहने वाला राजकुमार वर्मा बीकापुर कोतवाली के सेमरा स्थित अपने खेत की जुताई करने गया था। विपक्षी अजय, अरविंद कुमार वर्मा ,अनिल ,मायाराम, सोनू, भारत रवि शंकर ,मुकेश व रीता वर्मा तथा गीता वर्मा लाठी-डंडा तथा लोहे की रॉड से लैस होकर पहुंचे और राजकुमार पर हमला कर दिया। तब तक मारते रहे जब तक राजकुमार की मौत नहीं हो गई। इसकी रिपोर्ट मृतक के लड़के उदयभान ने हत्यारोपियों के खिलाफ लिखाई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। दौरान मुकदमा आरोपी मायाराम की मौत हो गई। इसलिए उसके खिलाफ मुकदमा समाप्त कर दिया गया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सभी सात आरोपियों को हत्या बलवा जानलेवा हमला का दोषी पाते हुई आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई, जबकि दो महिलाओं रीता और गीता को दोषमुक्त कर दिया।

युवक की हत्या मामला

01 लाख 52 हजार 600 रुपये जुर्माना भी लगाया गया

02 अगस्त 2022 को बीकापुर इलाके में हुई थी हत्या

जानकारी | जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार बोले- व्यक्तिगत डेटा किसी योजना का लाभ लेने के लिए नहीं होगा इस्तेमाल

कई राज्यों में कल से जनगणना, गोपनीय रहेगा डेटा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायणन ने सोमवार को लोगों से जनगणना करने वालों को सही जानकारी देने की अपील करते हुए आश्वस्त किया कि व्यक्तिगत डेटा गोपनीय रहेगा। उन्होंने कहा कि इसे किसी साक्ष्य या किसी योजना का लाभ लेने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। जनगणना अधिनियम की धारा 15 के तहत सभी व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रहती है।

दिल्ली समेत देश के कुछ राज्यों में अप्रैल में 16वीं जनगणना का पहला चरण 1 अप्रैल से शुरू होने से पहले संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि दिल्ली में जनगणना 16 अप्रैल से 15 मई तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा, जनगणना के दौरान एकत्र किया गया सभी व्यक्तिगत डेटा गोपनीय रहता है। इसे सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत साझा नहीं किया जा सकता, न ही अदालत में साक्ष्य के रूप में उपयोग किया जा सकता है और न ही किसी सरकारी या निजी संस्था के साथ साझा किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि सांख्यिकीय डेटा का उपयोग केवल संकलन के लिए किया जाएगा। जाति को जनगणना में शामिल करने और लोगों द्वारा सही जानकारी नहीं दिए जाने की आशंका के बारे में पूछे जाने पर महापंजीयक ने कहा कि जाति से संबंधित डेटा दूसरे चरण में एकत्र किया जाएगा और इसके प्रश्न व्यापक चर्चा के बाद तय किए जाएंगे। नारायण ने बताया कि पहली बार स्व-गणना की व्यवस्था शुरू की गई है, जिसमें लोग जनगणना के पहले चरण (हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना) से पहले 15 दिनों की अवधि में डिजिटल रूप से अपनी जानकारी जमा कर सकते हैं। पहले डेटा कागज पर एकत्र किया जाता था, जिससे डिजिटलीकरण में काफी समय लगता था। अब शुरुआत से ही डिजिटल डेटा मिलेगा।

लिव-इन में रहने वालों की गणना वैवाहिक दंपत्ति के समान मानकर की जा सकती

नई दिल्ली। भारत में जनगणना के सिलसिले में स्व-गणना पोर्टल पर दिए गए में कहा गया है कि अगर लिव-इन संबंध में रहने वाले दो लोग एक-दूसरे को हमेशा के लिए अपना मानते हैं तो उन्हें जगणना के दौरान वैवाहिक दंपत्ति के समान माना जाए। स्व-गणना का विकल्प चुनने वालों के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। यह पोर्टल जनगणना के दोनों चरणों हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना (एलएलओ) और जनसंख्या गणना के लिए उपलब्ध होगा। एफएक्यू में कहा गया है, क्या लिव-इन संबंध में रहने वाले जोड़े को विवाहित जोड़ा माना जाएगा? यदि वे हमेशा के लिए एक-दूसरे को अपना मानते हैं, तो उन्हें विवाहित जोड़े के रूप में माना जाए। सरकार ने शुरू होने वाले जनगणना हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग गणना के पहले चरण के दौरान लोगों से पूछे जाने वाले 33 प्रश्न अधिसूचित किए हैं।

न्यूज ब्रीफ

लेखा परीक्षा विभाग में पदोन्नति

अमृत विचार, लखनऊ : वित्त (लेखा-परीक्षा) विभाग ने सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा विभाग में 4 वरिष्ठ लेखा परीक्षकों को पदोन्नत किया है। इनमें नीरज कुमार सिंह, पुष्पनारायण सिंह, मनोज कुमार अग्रहरि और अरुण कुमार सिंह (दिव्यांग) शामिल हैं। ये सभी अब सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी (लेवल-8) पद पर कार्य करेंगे। तैनाती के आदेश अलग से जारी किए जाएंगे। यह जानकारी सोमवार को विशेष सचिव जयशंकर दूबे ने दी। जारी आदेश में कहा गया है कि पदोन्नति विभागीय चयन समिति की संस्तुति पर दी गई है। यह पहली अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी। तैनाती आदेश अलग से जारी होंगे। वेतनमान लेवल-8 (ग्रेड पे 4800) लागू किया गया है।

एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन आज

अमृत विचार, लखनऊ : मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच औद्योगिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक सहयोग को नई दिशा देने के उद्देश्य से 31 मार्च 2026 को वाराणसी में एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूपी सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री राकेश सचान को औपचारिक आमंत्रण भेजा है। भोपाल से जारी पत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि यह सम्मेलन वाराणसी के रमाडा होटल में आयोजित होगा। इसका उद्देश्य दोनों राज्यों के बीच व्यापार, शिल्प, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट, पर्यटन तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है।

पदाधिकारियों संग आज बैठक करेंगी मायावती

अमृत विचार, लखनऊ : पश्चिम उप्र. में भाजपा और सपा के चुनावी शंखनाद के बाद बसपा ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को लखनऊ स्थित कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ जिला पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है, बैठक में आंबेडकर की 135 वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों के जरिए संगठन विस्तार के अलावा चुनावी रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक को अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अहम माना जा रहा है। बैठक में बसपा प्रमुख द्वारा आगामी विधानसभा चुनावी तैयारियों के अलावा संगठन की जमीनी मजबूती, आर्थिक स्थिति और सर्व समाज में पार्टी का जनाधार बढ़ाने पर चर्चा किए जाने की संभावना है।

युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए एमओयू

अमृत विचार, लखनऊ : श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने सोमवार को सेवामित्र योजना के तहत संचालित कॉल सेंटर (टोल फ्री 155330) का निरीक्षण किया और स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ाने की दिशा में इसकी उपयोगिता पर जोर दिया। इस दौरान उप्र. रोजगार मिशन के तहत युवाओं को देश-विदेश में रोजगार दिलाने के उद्देश्य से ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और एएफसी इंडिया लि. के साथ एमओयू किया गया। इसके जरिए युवाओं को अंग्रेजी, जर्मन, जापानी, अरबी और फ्रेंच भाषाओं का प्रशिक्षण देकर उन्हें वैश्विक रोजगार के लिए तैयार किया जाएगा। कार्यक्रम में 'स्किल ब्रिज' पहल के तहत चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। मंत्री ने कहा कि जापान, जर्मनी और यूरोपीय देशों में कुशल श्रमिकों की मांग को देखते हुए प्रदेश के युवाओं को तैयार किया जा रहा है।

गोबरधन योजना से पंचायतों की बढ़ी आय

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में गोबरधन योजना के जरिए गांवों में स्वच्छता के साथ आर्थिक सशक्तिकरण का नया मॉडल विकसित हो रहा है। गोबर और जैविक कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन से जहां स्वच्छ वातावरण बन रहा है, वहीं ऊर्जा और जैविक खाद उत्पादन के माध्यम से ग्राम पंचायतों की आय भी बढ़ रही है। फरवरी 2026 तक पंचायतों ने जैविक खाद और अन्य उत्पादों की बिक्री से 28 लाख से अधिक की आय अर्जित की है।

ईंट भट्टे पर झुलसे युवक की मौत

अमृत विचार, कुंडा (प्रतापगढ़) : नवाबगंज थाना क्षेत्र के कालीदीन का पुरवा गांव निवासी राम कुमार का 32 वर्षीय बेटा अर्जुन कुमार परिवार के जीवकोपार्जन को जैसलमेर राजस्थान के ईंट भट्ठे पर काम करने गया था। काम करने के दौरान वह आग की चपेट में आने से झुलस गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक के मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

पीसीएस-2024 : यूपी की परीक्षा प्रणाली बनी राष्ट्रीय भरोसे का प्रतीक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

10 राज्यों के अभ्यर्थियों को मिली परीक्षा में सफलता

- **योगी मॉडल से पारदर्शी और मेरिट आधारित चयन को मजबूती**

अमृत विचार: उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस-2024 परीक्षा का परिणाम प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक मजबूत संकेत बनकर उभरा है। इस बार चयन सूची में यूपी के साथ 10 अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों की सफलता ने साबित किया है कि यूपी की परीक्षा प्रणाली अब राष्ट्रीय स्तर पर भरोसे का प्रतीक बन चुकी है।

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकसित यूपी मॉडल ने भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता को नई पहचान दी है। योग्यता आधारित चयन और तकनीकी निगरानी के चलते अब यूपी की परीक्षाएं देशभर के अभ्यर्थियों के लिए विश्वसनीय मंच बन गई हैं। इस बार कुल 932 चयनित अभ्यर्थियों में 864 (92.7%) उत्तर प्रदेश से हैं, जबकि 68 (7.3%) अभ्यर्थी अन्य राज्यों से सफल हुए हैं।

सभी राज्यों को समान अवसर: राज्यवार आंकड़ों में मध्य प्रदेश से 20, हरियाणा से 18, बिहार से 12 और दिल्ली से 9 अभ्यर्थियों की सफलता दर्ज हुई है। यह दर्शाता है कि प्रदेश की परीक्षा प्रणाली में सभी को समान अवसर मिल रहा है और बाहरी राज्यों के अभ्यर्थी भी बराबरी से प्रतिस्पर्धा कर सफलता प्राप्त कर रहे हैं।

अभ्युदय योजना का असर, 43 अभ्यर्थी सफल : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अभ्युदय कोचिंग योजना का प्रभाव भी इस परिणाम में स्पष्ट दिखा। इस योजना से जुड़े 43 अभ्यर्थियों ने पीसीएस-2024 में सफलता हासिल की है। निःशुल्क कोचिंग, मेंटरशिप और बेहतर मार्गदर्शन ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में आगे बढ़ने का अवसर दिया है। यह परिणाम योगी मॉडल की उस सोच को मजबूत करता है, जिसमें हर प्रतिभा को समान अवसर देने पर जोर है।

हर जिले से उभर रही प्रतिभाएं

जिला-वार विश्लेषण में 75 में से 74 जिलों के अभ्यर्थियों का चयन होना इस बात का प्रमाण है कि अब प्रतिभा केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है। लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर नगर, आगरा और अयोध्या जैसे जिलों के साथ संभल, कन्नौज, कासगंज, महोबा और फतेहगढ़ जैसे छोटे जनपदों से भी अभ्यर्थियों की सफलता समावेशी विकास को दर्शाती है।

संतुलित सामाजिक प्रतिनिधित्व

वर्गवार चयन में सामान्य वर्ग से 357, ओबीसी से 270, एससी से 186, ईडब्ल्यूएस से 97 और एसटी से 22 अभ्यर्थियों की सफलता संतुलित सामाजिक प्रतिनिधित्व को दिखाती है। टॉप 20 में ओबीसी वर्ग के 8 अभ्यर्थियों की मौजूदगी समान अवसर का मजबूत संकेत है। वहीं टॉप-5 में 80% महिला अभ्यर्थियों की सफलता महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा संकेत है।

सफल अभ्यर्थियों को सीएम योगी ने दी बधाई

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा-2024 के परिणाम घोषित होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सफल अभ्यर्थियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से बधाई दी। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की कार्यप्रणाली की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पारदर्शिता, निष्पक्षता और शुचिता के साथ संपन्न कराया गया, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति युवाओं का विश्वास और मजबूत हुआ है। मुख्यमंत्री ने सभी सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जनसेवा को अपने आचरण का आधार बनाएं और 'नए उत्तर प्रदेश' के निर्माण में अपनी भूमिका को पूरी निष्ठा के साथ निभाएं।

अग्निवीर भर्ती रैली आगरा में कल से

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय सेना पहली अप्रैल से मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड) के तत्वावधान में एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम, आगरा कैंट में अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित करेगी। इसमें उत्तर प्रदेश के 12 जिलों से लगभग 19 हजार चयनित अभ्यर्थी शामिल होंगे। चयनित अभ्यर्थी ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम उत्तीर्ण कर चुके हैं और अब शारीरिक, चिकित्सीय एवं दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया में सम्मिलित होंगे। सेना के साथ जिला प्रशासन ने रैली के सफल संचालन की व्यवस्थाएं की है। सेना ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे अपने प्रवेश पत्र के अनुसार, निर्धारित समय पर उपस्थित होंगे तथा सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएंगे।

समाजवाद के नाम पर 'परिवारवादी' खा जाते थे गरीबों का हक : मुख्यमंत्री योगी

27,99,982 विद्यार्थियों के बैंक खातों में भेजी गई 3350 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में छात्रा को छात्रवृत्ति का वितरण करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य।

- **गरीबों के हक पर डकैती डालने वालों की जगह जेल, बाप-दादा की कमाई गरीबों में बांटेंगे: योगी**

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवाद के नाम पर परिवारवादियों ने गरीबों का हक खा लिया था, लेकिन अब यह खेल बंद हो चुका है। चेतावनी दी कि गरीबों के हक पर डकैती डालने वालों को अब मालूम है कि उनकी जगह जेल है। जरूरत पड़ी तो उनकी बाप-दादा की कमाई भी जब्त कर गरीबों में बांट दी जाएगी।

मुख्यमंत्री सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कक्षा 9-10 और दशमोत्तर के 27,99,982 विद्यार्थियों के खातों में 3350 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति का अंतरण किया। उन्होंने गरीब परिवारों के मुख्य अर्जक की मृत्यु होने पर राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत 33,334 आश्रित परिवारों को भी 100 करोड़ रुपये की सहायता राशि भी सीधे खातों में भेजी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने समाजवादी पार्टी के नेताओं को जमकर आड़े हाथ लिया। पूर्व मुख्यमंत्री व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि जिनके समय में दिव्यांगों को 300 रुपये पेंशन भी समय पर नहीं मिलती थी, वे आज सवाल उठा रहे हैं। छह महीने में 1800 रुपये जाते थे, लेकिन गरीब को आधे ही मिलते थे, बाकी सपा के गुंडे और बाबू हड़प जाते थे।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि 2016-17 में अनुसूचित जाति-जनजाति के छात्रों को छात्रवृत्ति तक नहीं दी गई, क्योंकि खजाना खाली कर दिया गया था और केंद्र की राशि भी डायवर्ट कर दी गई थी। उनकी सरकार को आने के बाद दो वर्षों की छात्रवृत्ति एक साथ देनी पड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब एक क्लिक पर हजारों करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम में योगी सरकार के मंत्री ओमप्रकाश राजभर, असीम अरुण, नरेंद्र कश्यप, दानिश आजाद अंसारी, संजीव गौड़, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्य अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, यूपी सिडको के अध्यक्ष वाईपी सिंह आदि मौजूद रहे।

सपा शासन में गुंडे चलाते थे समानांतर सरकार

सीएम योगी ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि सपा के शासन में गुंडे समानांतर सरकार चलाते थे, दलितों और वंचितों की कोई सुनवाई नहीं होती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि महापुरुषों के स्मारकों के नाम तक बदल दिए गए और समाज को जाति के आधार पर बांटने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि आज का प्रदेश पारदर्शिता, विकास और सुशासन का मॉडल बन चुका है।

रणंजय सिंह बने नायब तहसीलदार और वर्धन सिंह का सब रजिस्ट्रार के पद पर चयन

मामा राजेंद्र प्रताप सिंह के साथ पीसीएस में चयनित रणंजय सिंह।

पीसीएस में चयनित वर्धन सिंह।

प्रतापगढ़ अमृत विचार : पीसीएस 2024 के अंतिम परिणाम में मानधाता ब्लॉक के पर्वतपुर निवासी प्रधान संघ अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह बबऊ के भांजे रणंजय सिंह अंकित का चयन नायब तहसीलदार के पद पर हुआ। राजेंद्र सिंह ने बताया कि अंकित के पिता प्रमोद सिंह किसान एवं मां सुमन सिंह गृहणी हैं। बाबा स्व. हरिबक्श सिंह गहरवार मानधाता के हिंदूपुर निवासी थे। परिवार अब प्रयागराज के खानपुर मऊआइमा में बस गया है। रणंजय की शुरुआती पढ़ाई ननिहाल पर्वतपुर, स्नातक पीबीपीजी कॉलेज सिटी से उत्तीर्ण किया। इसके बाद वह दिल्ली जाकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने लगे। उन्होंने सफलता पर मामा राजेंद्र प्रताप सिंह, मामी गीता सिंह का मुंह मीठा कराकर लोगों ने बधाई दी है। वहीं इस सफलता पर हिंदूपुर में तेजभान सिंह, महेंद्र सिंह गहरवार, प्रभाकर सिंह आदि ने खुशी जताते हुए बधाई दी। माता - पिता, चाचा मनोज सिंह, विनोद सिंह, भाई रिशू सिंह, बहन रिचा सिंह समेत परिजनों ने खुशी व्यक्त करते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। रणंजय ने बताया कि सफलता में मामा राजेंद्र प्रताप सिंह का विशेष योगदान है। उन्हें यह सफलता दूसरे प्रयास में मिली है। विधायक जीतलाल पटेल, शिक्षक नेता विनोद सिंह ने भी बधाई दी है। वहीं अफसरों के गांव कहे जाने वाले बहुचरा के वर्धन सिंह पुत्र अखिलेश सिंह का चयन सब रजिस्ट्रार के पद पर हुआ है। वर्धन की प्रारंभिक शिक्षा वाराणसी में एवं स्नातक बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी से किए। लखनऊ रहकर तैयारी कर रहे थे। दूसरे प्रयास में यह सफलता मिली है। बड़ी बहन शुचिता सिंह 2018 में डिप्टी एसपी पद पर चयनित हुई थी। वर्तमान में वह सीओ सिटी मेरठ में कार्यरत हैं।

प्राथमिक विद्यालय रामनगर के तीन छात्रों का नवोदय एवं अटल आवासीय विद्यालय में चयन

प्रतापगढ़ अमृत विचार : विकासखंड मानधाता के प्राथमिक विद्यालय रामनगर में एक छात्र का चयन नवोदय एवं दो छात्रों का चयन अटल आवासीय विद्यालय में हुआ है। इस सफलता पर मुंह मीठा करा कर शिक्षकों ने बधाई दी। अव्यांश सिंह पुत्र धानेंद्र प्रताप सिंह निवासी हिंदूपुर का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। वहीं इसी विद्यालय के रामनगर निवासी अभिषेक कुमार पुत्र प्रवीण कुमार एवं लक्ष्य पुत्र धर्मराज का चयन अटल आवासीय विद्यालय प्रयागराज में हुआ है। बच्चों की सफलता पर शिक्षकों ने बधाई दी। सोमवार को मुंह मीठा कराकर बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। लगातार तीसरे वर्ष विद्यालय के बच्चों द्वारा नवोदय प्रवेश परीक्षा में सफलता पर बीएसए भूपेंद्र सिंह, बीईओ प्रभाकर यादव ने शुभकामनाएं दी। प्रधानाध्यापक अखिलेश प्रताप सिंह, सुनील कुमार, कृष्णकांत द्विवेदी, सुनील यादव, कुलदीप सिंह, संध्या सिंह, देवेंद्र कुमार पटेल आदि मौजूद रहे।

बीज-उर्वरक की कमी पर दी चेतावनी

अमृत विचार, लखनऊ : कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रदेश में बीज और उर्वरकों की उपलब्धता में किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए। कहा कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक और उन्नत बीज उपलब्ध हैं, इसलिए किसानों को वितरण में परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि वितरण में लापरवाही या भ्रष्टाचार की शिकायत मिली तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बजट खर्च में लापरवाही पर वेतन से होगी भरपाई : शाही

अमृत विचार, लखनऊ : कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विभागीय योजनाओं में बजट खर्च को लेकर अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बजट व्यय में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होगी और आवश्यकता पड़ने पर उनके वेतन से भरपाई की जाएगी। कैबिनेट मंत्री सोमवार को कृषि भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई समीक्षा बैठक कर रहे थे। वित्तीय वर्ष 2025-26 की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने बताया कि कुल 8620.65 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान के सापेक्ष अब तक 6432.67 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, जो 74.62 प्रतिशत है।

पीसीएस 2024: प्रतापगढ़ के कई होनहारों ने हासिल की सफलता, खुशी की लहर

संवाददाता, प्रतापगढ़

श्वेता द्विवेदी का मुंह मीठा कराते परिजन। अमृत विचार

चयनित आयुष सिंह एवं अतुल तिवारी।

अमृत विचार : पीसीएस 2024 की परीक्षा में जनपद के कई होनहारों ने सफलता हासिल की है। डिप्टी कलेक्टर से लेकर डिप्टी जेलर, असिस्टेंट जीएसटी कमिश्नर, नायब तहसीलदार तक के पदों पर परचम लहराया है। उनकी उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के पिपरी खालसा गांव निवासी अधिवक्ता रवि कुमार द्विवेदी की बेटी श्वेता द्विवेदी ने यूपीपीएससी में 29वां रैंक हासिल किया है। श्वेता का चयन एसडीएम के पद पर हुआ है। इससे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोगों ने घर पर पहुंचकर श्वेता को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी।

आयुष बने असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी: उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित पीसीएस-2024 के अंतिम परिणाम में जनपद प्रतापगढ़ के मूल निवासी आयुष सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए असिस्टेंट कमिश्नर (जीएसटी) में 45वीं रैंक प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। आयुष सिंह इससे पूर्व पीसीएस-2018 में आबकारी अधिकारी पद पर चयनित हो चुके हैं। वर्तमान में पीसीएस-2023 के तहत जिला कमांडेंट, होमगार्ड्स बलिया के पद पर कार्यरत हैं। उनकी यह निरंतर सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा प्रभात एकेडमी प्रतापगढ़ से हुई। उन्होंने बी.टेक, एलएलबी तथा समाजशास्त्र में एमए की डिग्री प्राप्त की है। शैक्षणिक जीवन में भी वे सदैव उत्कृष्ट रहे हैं। वर्ष 2019 में एलएलबी में शीर्ष स्थान प्राप्त करने पर उन्हें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सम्मानित किया था। हाल ही में उन्हें मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट सेवा पदक से भी नवाजा था। आयुष सिंह की इस उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है। उनके परिवारजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

पट्टी के अतुल बने डिप्टी जेलर: पट्टी इलाके के बिरौती गांव के होनहार युवक अतुल तिवारी ने वर्ष 2024 में घोषित पीसीएस परीक्षा में सफलता हासिल करते हुए डिप्टी जेलर पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अतुल तिवारी विंध्याचल थाना में उपनिरीक्षक पद पर तैनात विजय शंकर तिवारी के सुपुत्र हैं। उनकी इस सफलता की खबर मिलते ही परिवार में खुशी का माहौल छा गया, वहीं गांव के लोगों में भी उत्साह देखने को मिला। अतुल की इस उपलब्धि पर बिरौती गांव के युवाओं में नई प्रेरणा जगी है। ग्रामीणों, शुभचिंतकों और रिश्तेदारों ने उनके घर पहुंचकर बधाई दी।

चिकित्सक परिवार के अमित का असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर चयन

परिजनों के साथ पीसीएस में चयनित अमित सिंह।

रानीगंज, प्रतापगढ़ अमृत विचार : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के घोषित अंतिम परिणाम में भैसोना गांव तहसील रानीगंज, जनपद प्रतापगढ़ के डॉ. राजीव सिंह के छोटे भाई प्रतिभाशाली युवा अमित कुमार सिंह ने 152वीं रैंक प्राप्त कर असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर चयनित होकर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनके पिता विनय कुमार सिंह हैं। अमित की प्रारंभिक शिक्षा गांव से ही हुई। सीमित संसाधनों और अभावों के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य को कभी नहीं छोड़ा। प्रयागराज में 24 संस्थान से तैयारी प्रारंभ की। दिल्ली में भी अध्ययन किया और अंतत: निरंतर मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर यह सफलता प्राप्त की। गांव के राजेंद्र बहादुर सिंह, मुन्नू सिंह, दशरथ सिंह, आरके सिंह, संतोष सिंह, अनिल सिंह और ग्राम प्रधान सोनू सिंह, पुष्पेंद्र बहादुर सिंह, मुलायम सिंह ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है।

पहल यूपीएसआईएफएस को देश के प्रमुख संस्थानों से जोड़कर छात्रों को 'जॉब रेडी' बनाने की तैयारी

फॉरेंसिक के छात्रों को 'धुरंधर' बनाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **दिग्गज संस्थानों से होंगे एमओयू बढ़ेगा प्रैक्टिकल प्रशिक्षण**
- **जेल, मेडिकल कॉलेज और टेक्निकल संस्थानों से जुड़कर सीखेंगे अपराध की बारीकियां**

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उप्र. स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज (यूपीएसआईएफएस) को देश के प्रमुख संस्थानों से जोड़कर छात्रों को 'जॉब रेडी' बनाने की तैयारी की गई है। इसके तहत यूपीएसआईएफएस चार प्रतिष्ठित संस्थानों महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोरखपुर, धीरूभाई अंबानी यूनिवर्सिटी गांधीनगर, उप्र. कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं और किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू करने जा रहा है।

इस पहल का उद्देश्य फॉरेंसिक शिक्षा को केवल सैद्धांतिक न रखकर छात्रों को वास्तविक परिस्थितियों में प्रशिक्षित करना है, ताकि वे अपराध जांच के क्षेत्र में दक्ष विशेषज्ञ बन सकें। यूपीएसआईएफएस के निदेशक जीके गोस्वामी के अनुसार मुख्यमंत्री का विशेष जोर प्रैक्टिकल ट्रेनिंग पर है। केजीएमयू के साथ होने वाले एमओयू के तहत छात्र फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग में पंचनामा से लेकर पोस्टमार्टम तक की पूरी प्रक्रिया को करीब से समझेंगे। इससे उन्हें मौत की परिस्थितियों और वैज्ञानिक विश्लेषण की गहरी जानकारी मिलेगी।

वहीं, उप्र. कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं के साथ समझौते के तहत छात्र जेलों में जाकर बंदियों के केस स्टडी करेंगे। इससे वे अपराध के सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारणों को समझ सकेंगे। डिप्टी डायरेक्टर चिरंजीव मुखर्जी के अनुसार, यह अनुभव छात्रों को अपराध की जड़ों तक पहुंचने में मदद करेगा।

महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोरखपुर के साथ सहयोग से छात्रों को इंटर्नशिप के अवसर मिलेंगे और दोनों संस्थान मिलकर अत्याधुनिक तकनीक से लैस फॉरेंसिक लैब स्थापित करेंगे। इससे अनुसंधान और परीक्षण की गुणवत्ता में सुधार होगा। इसके अलावा धीरूभाई अंबानी यूनिवर्सिटी गांधीनगर के साथ छात्र और फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम चलाए जाएंगे। इससे राष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान और तकनीकी अनुभव का आदान-प्रदान होगा। इस पहल की एक खास विशेषता यह भी है कि फैकल्टी मेंबर्स भी एक-दूसरे के संस्थानों में जाकर लेक्चर देंगे, जिससे शिक्षण की गुणवत्ता बेहतर होगी।

सरकार का मानना है कि डिजिटल क्राइम, साइबर फ्रॉड और जटिल आपराधिक मामलों में वैज्ञानिक जांच ही सटीक निष्कर्ष तक पहुंचने का सबसे विश्वसनीय माध्यम है। ऐसे में यह पहल न केवल छात्रों को दक्ष बनाएगी, बल्कि प्रदेश में फॉरेंसिक इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत करेगी।

ईरान में जेल में बंद प्रतापगढ़ के मर्चेंट नेवी अफसर की हुई भारत वापसी

प्रतापगढ़

मर्चेंट नेवी अफसर अनिल सिंह।

अमृत विचार : क्रूड आयल की तस्करी के आरोप में ईरान की जेल में महीनों से बंद प्रतापगढ़ निवासी मर्चेंट नेवी अफसर की भारत वापसी हो गई। जानकारी मिलते ही परिवार ने राहत की सांस ली है। कुंडा के खेमीपुर रहने वाले अनिल सिंह का परिवार शांतिपुरम प्रयागराज में रहता है। अनिल को आठ दिसंबर 2025 को ईरान पुलिस ने 16 लोगों के साथ तेल की तस्करी की आशंका में जहाज से गिरफ्तार कर लिया था। वह ढाई महीने वहां की जेल में रहे। उनकी रिहाई के लिए परिजन परेशान रहे। डीएम शिव सहाय अवस्थी से मिले, कई जनप्रतिनिधियों से मदद मांगी। सबके प्रयास से बात विदेश मंत्रालय के माध्यम से उच्च स्तर पर पहुंची। इसके बाद 26 फरवरी को उनको रिहा कर दिया गया, लेकिन 28 फरवरी से ही युद्ध शुरू हो जाने से वह फंस गए। आने में फिर बाधा आने से परिवार चिंतित हो गया। फिर उनको भारत सरकार की पहल पर किसी तरह वहां से निकालकर दुबई लाया गया। रविवार को वह हवाई जहाज से मुंबई पहुंचे। उनके पुत्र रितुराज सिंह, पत्नी सावित्री सिंह ने इसके लिए जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों व भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

न्यूज ब्रीफ

जान से मारने की दी धमकी, मामला दर्ज

हैदरगढ़, बाराबंकी : कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मनगढ़ गांव में एक युवक ने निर्माणाधीन मकान पर लगा सीसीटीवी कैमरा तोड़ डाला। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। गांव निवासी उपेन्द्र कुमार शुक्ला ने कोतवाली पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उनके निर्माणाधीन मकान पर लगा सीसीटीवी कैमरा 28 मार्च को दोपहर गांव के ही अजय प्रताप उर्फ गोलू सिंह ने तोड़ दिया। आरोप है कि उस समय बिजली न होने का फायदा उठाकर आरोपी ने घटना को अंजाम दिया और कैमरा अपने साथ रखकर ले गया। पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने मौके पर खड़े होकर जान से मारने की धमकी भी दी। यही नहीं, इससे पहले भी आरोपी अपने दो साथियों के साथ उनके घर पहुंचा और पांच हजार रुपये की मांग करते हुए धमकी दी थी कि पैसे न देने पर गोली मार दी जाएगी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रामनगर से चुनाव लड़ने की जताई इच्छा

रामनगर, बाराबंकी : बजरंग दल के पूर्व प्रदेश संयोजक सुनील सिंह सेवक ने कहा कि यदि भाजपा उन्हें मौका देती है तो वे रामनगर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़कर जनता की पूरी निष्ठा से सेवा करेंगे। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि वे 2009 से बजरंग दल और विहिप से जुड़े रहे और संगठन को मजबूत करने के साथ श्री राम मंदिर निर्माण में भी योगदान दिया। सुनील सिंह ने कहा कि वे पुराने राजनीतिक परिवार से हैं और पार्टी व संगठन के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं। उन्होंने भाजपा के प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व को बायोडाटा भेजकर चुनाव लड़ने का अवसर मांगा।

हादसों का कहर: 2 की मौत शिक्षिका समेत दो घायल

जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुईं घटनाएं, परिजन बदहवास

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: सोमवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक शिक्षिका समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनाओं के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

इरशाद।

फतेहपुर प्रतिनिधि के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के इसरौली गांव निवासी 28 वर्षीय इरशाद सोमवार सुबह फतेहपुर स्थित ससुराल से अपनी दो वर्षीय बेटी के साथ कार से घर लौट रहे थे। फतेहपुर-देवा मार्ग पर डडियामऊ गांव के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर पानी भरे खारजा में पलट गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने दोनों को बाहर निकाला। इरशाद को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी बेटी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार थाना क्षेत्र के रहटा मजरे पोखईपुरवा निवासी 34 वर्षीय विक्रम गौतम की भी सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अयोध्या में मजदूरी करता था और गोण्डा से लौटते समय रामनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास हाईवे पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शहर कोतवाली क्षेत्र में गांधी आश्रम के पास तेज रफ्तार टाटा इलेक्ट्रिक कार ने एक बाइक सवार और स्कूटी सवार महिला को टक्कर मार दी। हादसे में देवा रोड स्थित ग्लोबल स्कूल की 33 वर्षीय शिक्षिका निशा सिंह व मानपुर गांव के रहने वाले पवन मिश्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शिक्षिका की हालत नाजुक बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था। पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

शहर में हुए हादसे में स्कूटी पर चढ़ी कार। अमृत विचार

फतेहपुर-देवा मार्ग पर हुए हादसे में क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

उल्लास से मनाई भगवान महावीर की जयंती

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: जनपद में सोमवार को भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। शहर से लेकर तहसील क्षेत्रों तक जैन समाज द्वारा विविध धार्मिक कार्यक्रमों, प्रभात फेरियों, अभिषेक, शोभायात्राओं और भंडारों का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मुख्यालय पर सुबह 5 बजे श्री दिगम्बर जैन मंदिर से प्रभात फेरी निकाली गई, जो सरावगी, धनोखर नाका, घंटाघर, सट्टी बाजार और नागेश्वरनाथ होते हुए दोबारा मंदिर पहुंची। प्रभात फेरी में श्रद्धालु भगवान महावीर के जयघोष करते हुए चल रहे थे। पंचामृत अभिषेक एवं शांतिधारा आचार्य भद्रबाहु सागर महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न हुई। उसके भव्य रथयात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रथयात्रा के दौरान जगह-जगह स्वागत, पुष्पवर्षा और जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। तहसील रामनगर के गणेशपुर कस्बे तथा रामसनेहीघाट नगर पंचायत में भी जैन समाज द्वारा भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं। जैन मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद सजे-धजे रथों पर भगवान महावीर की प्रतिमाएं स्थापित कर गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया। श्रद्धालु नंगे पांव भक्ति गीतों पर झूमते-गाते चल रहे थे और पूरे मार्ग में प्रसाद एवं शीतल पेय का वितरण किया गया। राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने रामसनेहीघाट स्थित जैन मंदिर में दर्शन किय। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। फतेहपुर में सुबह प्रभात फेरी के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई, जिसमें जियो और जीने दो का संदेश गूंजता रहा। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पूजन, अभिषेक एवं शांतिधारा के बाद अपराह्न में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। फूलों से सजे रथ पर भगवान महावीर की प्रतिमा विराजमान रही और नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए यात्रा जैन धर्मशाला पहुंचकर सम्पन्न हुई। जगह-जगह पुष्पवर्षा और आरती हुई।

रामसनेहीघाट स्थित जैन मंदिर में दर्शन-पूजन करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा।

लोकार्पण करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष। अमृत विचार

बिना भेदभाव योजनाएं चला रही सरकार: राजरानी

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी : जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने पारिजात धाम ग्राम बरौलिया में नवनिर्मित कॉमन सर्विस सेंटर का लोकापर्ण किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश में हमारी डबल इंजन की सरकारें बिना किसी भेदभाव के विकास और कल्याणकारी योजनाओं को चला रही हैं, जिससे सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने पूर्व सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले नौकरियों में केवल एक वर्ग को ही प्राथमिकता दी जाती थी। कॉमन सेंटर की नींव पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी के कार्यकाल में रखी गई थी और यह उत्तर प्रदेश वक्फ विकास निगम लिमिटेड द्वारा 1.40 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुआ है। इसके निर्माण से स्थानीय लोगों को विवाह और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने केंद्र निर्माण के लिए अपनी निजी भूमि दान देने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता रामप्रसाद वर्मा की प्रशंसा की।

कैशलेस चिकित्सा योजना का शासनादेश हो जारी

जिलाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कैशलेस चिकित्सा योजना का शासनादेश शीघ्र जारी कराने की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने सदर विधायक सुरेश यादव एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राम सिंह उर्फ भुल्लन वर्मा को ज्ञापन देकर बताया कि कर्मचारियों के हित में इस योजना का लागू होना जरूरी है। संघ के पदाधिकारियों ने शासन स्तर पर इस विषय में निर्णय लेने की अपेक्षा व्यक्त की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नीरज पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, जिला मीडिया प्रभारी अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा मित्रों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सुरक्षित यात्रा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय माई भारत पोर्टल पर पंजीकृत सड़क सुरक्षा मित्रों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अंकिता शुक्ला, सम्भागीय निरीक्षक बलवन्त सिंह यादव तथा यातायात प्रभारी रामयतन यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान सड़क सुरक्षा मित्रों को यातायात नियमों, संकेतों और सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को दुर्घटना स्थल प्रबंधन, गुड सेमेरिटन कानून, ब्लैक स्पॉट की पहचान, रोड सेफ्टी ऑडिट और प्राथमिक उपचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा किट वितरित की।

हेड मास्टर व अध्यापक को दी विदाई

विदाई देते शिक्षक और छात्र। अमृत विचार

निन्दूरा, बाराबंकी : विखं निन्दूरा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में अपना जीवन समर्पित करने वाले शिक्षकों की विदाई का क्षण बेहद भावुक होता है। कुछ ऐसा ही नजारा पूर्व मावि निन्दूरा में देखने को मिला जहां प्रधानाध्यापिका प्रज्ञा त्रिवेदी व सहायक अध्यापक साबिर अहमद के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई। इसके बाद छात्रों ने विदाई गीतों पर नृत्य और लघु नाटिका के माध्यम से गुरु-शिष्य के अटूट रिश्ते को दर्शाया, जिसे देखकर उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो गया। प्रज्ञा त्रिवेदी ने बच्चों को अनुशासन और निरंतर परिश्रम का संदेश दिया।

शिक्षक विदाई समारोह हुआ आयोजित

हैदरगढ़, बाराबंकी : पूमावि नरौली के प्रांगण में वार्षिक परीक्षा फल वितरण और शिक्षक विदाई समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया और सेवानिवृत्त शिक्षक इस्माइल को अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 8 में क्रांति ने प्रथम, प्रिंसी द्वितीय और रमन कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य कक्षाओं में भी छात्रों को उनके प्रदर्शन के अनुसार एनसीआरटी की पुस्तकें, पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक महेंद्र प्रताप सिंह ने शिक्षक के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में मदन मोहन वर्मा, धर्मेंद्र मिश्रा, रमाकांत गुप्ता, संजय शुक्ला, अध्यापकगण, अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

उन्मुखीकरण कार्यशाला हुई आयोजित

कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व सम्मानित शिक्षक। अमृत विचार

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी : ग्राम प्रधानों, प्रधानाध्यापकों और स्थानीय प्राधिकरण सदस्यों के लिए नवनिर्मित कॉमन सर्विस सेंटर बरौलिया में सोमवार को ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी और उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह, पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी और खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर किया गया। प्राथमिक विद्यालय पीठापुर और किन्तूर-2 के शिक्षकों एवं बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा ने छात्रों के सर्वांगीण विकास, सामुदायिक सहभागिता और स्कूल चलो अभियान में ग्राम प्रधानों से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक करुणा शंकर तिवारी, मोहम्मद वसीम और रामदास को सम्मानित किया गया।

शिविर समापन के दौरान मुख्य अतिथि को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

एनएसएस शिविर व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम

मसौली, बाराबंकी : वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय मसौली में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं समालोचक डॉ. श्यामसुंदर दीक्षित रहे। समारोह में डॉ. श्यामसुंदर दीक्षित ने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। विशिष्ट अतिथि डॉ. विनय दास ने कहा एनएसएस युवाओं में सामाजिक संवेदनशीलता, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। आयुर्वेदाचार्य डॉ. शशि कुमार अवस्थी ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का प्रसार आवश्यक है। महाविद्यालय के शैक्षिक समन्वयक डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार, गुलाम नबी, डॉ. अर्चना सिंह, सरिता सिंह, आराधना वर्मा, जीशान अहमद, अमर दीप कनौचिया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

सुबोध बने जिलाध्यक्ष, अजय को महामंत्री की जिम्मेदारी

बाराबंकी, अमृत विचार : आजाद नगर स्थित अखिल भारतीय कायस्थ महासभा कार्यालय पर प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में जिला इकाई का सर्वसम्मति से गठन किया गया। बैठक में सुबोध श्रीवास्तव को जिलाध्यक्ष और अजय श्रीवास्तव को महामंत्री मनोनीत किया गया। हरीश श्रीवास्तव 'राजा' को संगठन मंत्री तथा पूर्व सैनिक राकेश श्रीवास्तव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष पद पर सतीश श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, हेमंत श्रीवास्तव, मदन मोहन निगम, अभिषेक श्रीवास्तव और राजीव खरे को जिम्मेदारी सौंपी गई। बलराम श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष, प्रभात सिन्हा को प्रवक्ता और डॉ. राकेश श्रीवास्तव को चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष बनाया गया। जिलामंत्री के रूप में सतीश श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव और सौरभ निगम, जबकि विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव नियुक्त किए गए। युवा इकाई अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव और युवा महामंत्री अमित श्रीवास्तव बनाए गए। शरद श्रीवास्तव 'रोमी' को मीडिया प्रभारी तथा शरद श्रीवास्तव को वैवाहिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अंत में सभी पदाधिकारियों को अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

जेवर छुड़ाने गई महिला से किया दुर्व्यवहार

मसौली, बाराबंकी : थाना क्षेत्र के सहादतगंज कस्बे में एक दलित महिलो के साथ अभद्रता और जातिसूचक गालियां देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बनौक थाना सफदरगंज निवासी रीता देवी पत्नी सत्यनाम ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि करीब दो वर्ष पहले उनके 6 माह के बच्चे की तबीयत खराब होने पर आर्थिक तंगी के चलते उन्होंने अपनी 600 ग्राम चांदी की कर्धनी सहादतगंज स्थित एक दुकान पर 3 प्रतिशत ब्याज पर गिरवी रखकर 10 हजार रुपये लिए थे। 19 फरवरी को वह अपने पति के साथ उक्त दुकान पर पहुंची और जेवर वापस लेने व ब्याज सहित रकम चुकाने की बात कही। आरोप है दुकानदार छन्नू उर्फ उमाशंकर ने केवल सोने के जेवर का हिसाब करने की बात कही और चांदी की कर्धनी देने से मना कर दिया।

रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देतीं छात्राएं। अमृत विचार

प्रतिभा अलंकरण समारोह हुआ आयोजित

सूरतगंज, बाराबंकी : फूलपुर स्थित सरस्वती ज्ञान कुंज विद्यापीठ में सोमवार को वार्षिक उत्सव और प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा जिला उपाध्यक्ष और सूरतगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शेखर हयारण ने दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, देशभक्ति और भक्ति गीतों पर रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिससे अभिभावक और दर्शक तालियों से झूम उठे। इस अवसर पर प्रबंधक अरुण कुमार मिश्रा, श्यामू, अतुल सिंह, सुनील वर्मा, विवेक मिश्रा, उदित निगम, कन्हैया वर्मा, आर्यन शुक्ला, बबली वर्मा, स्वीटी वर्मा, चेतना वर्मा, पूजा वर्मा, शिवानी मिश्रा, रोली मौर्य, विजय वर्मा, संजय वर्मा, नीरज तिवारी, मंजय, नरेंद्र वर्मा, रुद्र प्रताप सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

चोरी और नकबजनी गैंग का डी श्रेणी में किया गया पंजीकरण

बाराबंकी, अमृत विचार : बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण के लिए पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए एक सक्रिय गैंग को चिन्हित कर उसे डिस्ट्रिक्ट गैंग में पंजीकृत कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, ऐसे गिरोह जो लूट, डकैती, चोरी, नकबजनी, वाहन चोरी, मादक पदार्थों की तस्करी, साइबर अपराध और अन्य गंभीर वारदातों में शामिल रहते हैं, उन्हें चिन्हित कर डी-श्रेणी में रखा जाता है ताकि उनकी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा सके। इसी क्रम में थाना जहांगीराबाद पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर एक गैंग का पंजीकरण किया गया है। इस गैंग का सरगना राम उर्फ बाबू पुत्र प्रेमचन्द्र वर्मा निवासी अतरौरा बताया गया है। पुलिस के मुताबिक यह गिरोह जनपद में चोरी और नकबजनी जैसी घटनाओं में लिप्त रहा है। पंजीकृत गैंग को डी-गैंग संख्या 253 दी गई है। गैंग के अन्य सदस्यों में लवकुश यादव, शिवा सिंह, दिलीप कुमार, मुलायम यादव, राजेश मौर्या, कुन्दन बेडिया, सचिन और अखिलेश शामिल हैं, जो जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के निवासी हैं। पुलिस का कहना है कि गैंग के सदस्यों की गतिविधियों पर अब कड़ी नजर रखी जाएगी और इनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

नहीं रहे कद्दावर नेता संग्राम सिंह

बाराबंकी, अमृत विचार: तीन बार विधायक व यूपी सरकार में दो बार मंत्री रहे जिले के कद्दावर नेता संग्राम सिंह वर्मा का 92 साल की उम्र में निधन हो गया। एक सप्ताह से तबीयत अधिक खराब होने की वजह से उन्हे लखनऊ स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होने सोमवार की दोपहर अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर सुनते ही राजनीतिक दलों, शुभचिंतकों व गांव में दुख की लहर दौड़ गई। हर किसी ने नम आंखों से उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि दी। हरख ब्लाक के ग्राम जरमापुर के मूल निवासी संग्राम सिंह वर्मा ने राजनीति में कदम रखा तो इसके असर से परिजन भी अछूते नहीं रहे। 21 जुलाई 1938 को जन्मे संग्राम सिंह शुरुआत से ही जुझारु प्रवृत्ति के थे। वर्ष 1958 में उनका विवाह बिन्देश्वरी देवी से हुआ। उनका मूल व्यवसाय कृषि ही रहा। एक बार राजनीतिक में आने के बाद उन्होने पीछे मुड़ कर नहीं देखा। हालांकि उनके लंबे राजनीतिक जीवनकाल में उतार चढ़ाव भी आए पर वह डिगे नहीं। एक मध्यावधि चुनाव को मिलाकर वह तीन बार विधानसभा पहुंचे। इसी तरह वह कल्याण सिंह की सरकार में विकास राज्यमंत्री तो मायावती सरकार में रेशम राज्यमंत्री रहे। पूर्व विधायक हरदेव रावत हत्याकांड में उनका नाम आया हालांकि वह निर्दोष साबित हुए। राजनीति के साथ ही वह धर्मार्थ कार्य के लिए भी प्रसिद्ध हुए। उन्होने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए 51 लाख की धनराशि दान दी, जो उस समय चर्चा का विषय बनी थी। दलगत बदलाव भी चलता रहा। कांग्रेस से पहली बार चुनाव लड़े संग्राम सिंह ने 2017 में भाजपा में एंट्री मारी तो बसपा में भी दबदबा रहा। 2022 में उन्होने भाजपा छोड़कर सपा का दामन थाम लिया।

संग्राम सिंह।

लटका ताला | विकासखंड बनीकोडर क्षेत्र में कई केंद्रों पर अव्यवस्था व लापरवाही का आलम

आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थिति बदहाल

विकास पाठक, बनीकोडर, बाराबंकी

अमृत विचार: सरकार की तमाम कोशिशों के बाद भी जमीनी स्तर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। विकासखंड बनीकोडर क्षेत्र में कई केंद्रों पर अव्यवस्था और लापरवाही के हालात सामने आए हैं। रसूलपुर ग्राम पंचायत के दिलावलपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर सोमवार दोपहर ताला लटका मिला। केंद्र के आसपास झाड़ियां उगी हुई हैं और परिसर में गंदगी फैली है। जिसे देखकर साफ है कि यह केंद्र शायद ही कभी कभार ही खुलता हो। जिससे मरीजों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह केंद्र अधिकतर समय बंद रहता है, जिससे यहां नियमित स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि केवल टीकाकरण के दिन ही एएनएम केंद्र पर आती हैं, बाकी दिनों में केंद्र बंद ही रहता है। यही स्थिति टिकरा गांव में बने आयुष्मान आरोग्य मंदिर की भी देखने को मिली, जहां केंद्र पर ताला लगा मिला। इसके अलावा भीखरपुर ग्राम पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में भी गंदगी का अंबार लगा है, जो बदहाल व्यवस्था की तस्वीर साफ बयां करता है। इन हालातों से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है और उन्होंने प्रशासन से व्यवस्था सुधारने की मांग की है। इस संबंध में सीएचसी रामसनेहीघाट के अधीक्षक रमेश चंद्र ने बताया कि टिकरा केंद्र पर कोई नियुक्ति नहीं है, हालांकि वहां टीकाकरण कार्य कराया जाता है। वहीं रसूलपुर केंद्र पर किसकी नियुक्ति है, इसकी जानकारी की जा रही है। सीएमओ डॉ. अवधेश कुमार यादव ने कहा कि वह स्थिति की जानकारी लेंगे।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर रसूलपुर पर लटकता ताला। अमृत विचार

पीड़ित परिवार से मिले मंत्री, मदद का भरोसा

बाराबंकी, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र दरियाबाद के बेहटा गांव में बर्फ बेचने गए बबलू राजभर की निर्मम हत्या के बाद सोमवार को मंत्री श्रम एवं सेवायोजन व समन्वय विभाग अनिल राजभर ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और दुख व्यक्त किया।

मंत्री अनिल राजभर सीधे मृतक के घर पहुंचे, जहां उन्होंने बबलू राजभर की पत्नी, मां, पिता और ससुर को ढांढस बंधाया। उन्होंने परिवार को भरोसा दिलाया कि सरकार और प्रशासन इस दुख की घड़ी में उनके साथ पूरी तरह खड़ा है। मंत्री ने मौके पर ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की और आश्वासन दिया कि बच्चों की शिक्षा, भरण-पोषण और अन्य जरूरतों की जिम्मेदारी शासन स्तर से पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी कीमत पर अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। निल राजभर ने प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पीड़ित परिवार को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही मामले की निष्पक्ष जांच कर जल्द से जल्द न्याय दिलाने की बात कही।

न्यूज ब्रीफ

डीसीएम की टक्कर से युवक की मौत

नवाबगंज, उन्नाव। सोहरामऊ कस्बे में रोड पार कर रहे युवक को डीसीएम ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार अश्वनी पुत्र माधव जी मिश्रा 36 वर्ष ग्राम मझरिया जिला देवरिया निवासी सोहरामऊ कस्बे में एक दुकान से सामान लेकर रोड पार कर रहा था। वह डिवाइडर से उतरा ही था कि कानपुर से लखनऊ जा रही डीसीएम ने उसे टक्कर मार दी। जिससे अश्वनी की मौके पर मौत हो गई।सूचना पर पहुंची सोहरामऊ पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

नमन तिवारी का नायब तहसीलदार में चयन

उन्नाव, अमृत विचार। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत संचालित अभ्युदय कोचिंग में पढ़ने वाले छात्र नमन तिवारी पुत्र अवधेश कुमार का चयन नायब तहसीलदार पद पर हुआ है। यह जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पांडे ने कहा कि 29 मार्च को यूपीपीएससी परीक्षा-2024 का अंतिम परिणाम घोषित हुआ है। नमन तिवारी का चयन नायब तहसीलदार पद पर हुआ है।

एक अप्रैल को होगी काउंसलिंग

उन्नाव, अमृत विचार। 29334 सहायक अमापक भर्ती प्रकिया के तहत विज्ञान/गणित विषय के सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्ति के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में 1 अप्रैल को 11:30 बजे से काउंसलिंग होगी। यह जानकारी देते हुए बीएसए शैलेश पांडे ने कहा अभ्यर्थी समय से पहुंचकर विद्यालय आवंटन का नियुक्ति पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

सीएम ने ऑनलाइन किया 194 आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। जिले में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के बुनियादी ढांचा सशक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री ने जिले में 194 नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास व 31 केंद्रों का लोकार्पण लखनऊ से ऑनलाइन किया। इसे लेकर विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सफीपुर विधायक बम्बालाल दिवाकर, डीएम गौरांग राठी व सीडीओ कृतिराज आदि उपस्थित रहे। इसमें मुख्यमंत्री का संबोधन लाइव देखा गया। इसके बाद विधायक बम्बालाल दिवाकर ने पर्दे खींचकर शिलापट्ट का अनावरण किया। वहीं, मुख्यमंत्री द्वारा जिले को मिली सौगातों में 194 आंगनबाड़ी केंद्र व गंजमुरादाबाद, सफीपुर, सुमेरपुर, हसनगंज, औरास व फतेहपुर चौरासी सहित छह सीडीपीओ कार्यालयों की आधारशिला रखी गई।

वहीं, 31 आंगनबाड़ी केंद्रों, हिलौली व बिछिया के दो नव निर्मित सीडीपीओ कार्यालयों का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया गया। इसमें परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां व सुपर वाइजर उपस्थित रहीं।

शिलापट्ट का अनावरण करते विधायक बम्बालाल दिवाकर। अमृत विचार

परिवार को सांत्वना देते राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल। अमृत विचार

नाला हादसे के पीड़ित परिवार से मिले आयोग उपाध्यक्ष: शुक्लागंज: गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रहमत नगर निवासी पिता-पुत्र की कानपुर में नाला सफाई के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आकर हुई मौत के बाद सोमवार को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उनके साथ एसीपी कल्याणपुर आशुतोष कुमार व पुलिस मौजूद रही। उपाध्यक्ष ने परिजनों से मुलाकात कर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया और सरकार की ओर से उचित मुआवजा दिलाने की बात कही।

गौरतलब है कि 25 मार्च को कानपुर के गुबा गार्डन कल्याणपुर क्षेत्र में नाला सफाई के दौरान जहरीली गैस से जावेद व उनके बेटे आबिद की मौत हो गई थी। जबकि उनके साले इरफान घायल हो गए थे। घटना के बाद ठेकेदार द्वारा पीड़ित परिवार को साढ़े 7 लाख का मुआवजा दिया गया था। सोमवार को पहुंचे हरदीप गिल ने मृतक जावेद की बेटी मंतशा, बेटे अब्दुल रहमान व अन्य परिजनों से हुई बातचीत में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार ऐसी घटनाओं में हर मृतक के परिवार को 30-30 लाख का मुआवजा मिलना चाहिए।

उन्होंने बताया कि सिर पर मैला ढोने जैसी अमानवीय प्रथा को समाप्त करने के लिए आयोग लगातार अभियान चला रहा है। उपाध्यक्ष ने पीड़ित परिवार को ठेकेदार पर कार्रवाई करने की सलाह दी। इसके बाद हरदीप गिल कानपुर चले गए।

रेलवे पुल पर मेगा ब्लॉक की तैयारी तेज

शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगा नदी पर बने रेलवे पुल की डाउन लाइन पर जर्जर ट्रफ हटाकर नए एचबीम स्लीपर डालने की तैयारी तेज हो गई है। इसी क्रम में सोमवार को रेलवे द्वारा यूटीवी मशीन लगाकर ट्रैक किनारे जमा पुराने पत्थर व स्लीपर हटाने का कार्य हुआ। ताकि निर्धारित स्थान पर नए एचबीम स्लीपर रखे जा सकें।

बता दें कि 2 अप्रैल से प्रस्तावित मेगा ब्लॉक को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने कार्य में तेजी ला दी है। रेलवे कॉलोनी के पीछे से पुराने पत्थर व स्लीपर हटाकर वहां नई व्यवस्था बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई। इसके साथ कार्य के दौरान तैनात रहने वाले मजदूरों व कर्मियों के लिए सुविधाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं। इसके तहत पानी की व्यवस्था के लिए अतिरिक्त सबमर्सिबल पंप लगाने हेतु जनरेटर भी पहुंचाया गया है। जिसे कॉलोनी के पास स्थापित किया जाएगा। वहीं गंगा रेलवे पुल पर डाउन लाइन में सपोर्टिंग पटरी हटाने व गिट्टी समेटने का काम भी जारी है। रेलवे के अनुसार, मेगा ब्लॉक के दौरान ट्रैक सुधार व स्लीपर बदलने का कार्य तेजी से पूरा किया जाएगा। जिससे ट्रेनों का संचालन अधिक सुरक्षित व जल्द सुचारु हो सके। कार्य को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं।

यूटीवी मशीन से हटाये जाते पुराने स्लीपर। अमृत विचार

शिक्षिका का किया मानसिक उत्पीड़न, शिक्षक निलंबित

उन्नाव, अमृत विचार। विखं सफीपुर के कंपोजिट विद्यालय कुसैला में शिक्षिका का मानसिक उत्पीड़न करने व विवाह के लिए दबाव बनाने के मामले में सहायक शिक्षक प्रदीप तिवारी को बीएसए ने निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि तक सफीपुर बीआरसी में सम्बद्ध कर मामले की जांच के लिए नवाबगंज के खंड शिक्षाधिकारी को नामित किया है। बीएसए शैलेश पांडेय ने कहा कि सहायक शिक्षिका ने शिक्षक पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। शिक्षक पर अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन न करने, विद्यालय में कार्यरत महिला स्टॉफ का मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करने की चेष्टा करने, शिक्षण कार्य से विरत रहने, अभद्र टिप्पणी करने व गलत नियत रखने, धमकी देने, कार्यरत स्थल पर अपने दायित्वों से विपरीत आचरण करने आदि के आरोप दर्ज किए गए हैं। बीएसए ने बताया कि जांच 15 दिन में आरोपपत्र तैयार कर आरोपी शिक्षक को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

मेधावियों को किया गया सम्मानित

सम्मानित किये गए उत्कृष्ट छात्र व अभिभावक। अमृत विचार

उन्नाव, अमृत विचार। बेनहर इंस्टीट्यूशनल ग्रुप के अंतर्गत बेनहर सिविल लाइन व बेनहर इंटरनेशनल अब्बासपुर में ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्रम में वे अभिभावक सम्मानित हुए जिनके बच्चों ने शिक्षा, खेल, गायन, कला, नृत्य, शत-प्रतिशत उपस्थिति व अनुशासन सहित वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाया। मेधावियों को गोल्ड, सिल्वर, ब्रॉन्ज मेडल, सर्टिफिकेट व मोमेंटो दिए। शुभारंभ प्रधानाचार्या सूफिया अल्वी व प्रधानाचार्या पल्लवी हरमन ने किया। बच्चों ने अंग्रेज़ी में अपने माता-पिता को संबोधित किया। यलकेजी के बच्चों के मनमोहक नृत्य ने सभी का दिल जीत लिया। प्रबंधक फैज अली अल्वी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जो भी जरूरी होगा इसके लिये संस्थान सदैव तत्पर रहेगा। इंचार्ज जेपी वर्मा व रूही सईद ने सभी शिक्षकों व कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

पुरस्कृत छात्र-छात्राओं के साथ प्रबंध समिति के पदाधिकारी व शिक्षक।

उन्नाव, अमृत विचार। विखं सिकंदरपुर सिरोसी के उप्रावि जूड़ा पुरवा में वार्षिक परीक्षा फल वितरण व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इसमें प्रथम तीन स्थान पर आए बच्चों को विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष नन्हेंलाल व शिक्षक अमित मिश्रा, प्रवीण कुमार, गिरीश पांडे ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पुरस्कार पाने वालों में छात्रा आयुषी को टिफिन बॉक्स, संध्या को पानी की बोतल, चांदनी को ज्योमेट्री बॉक्स दिये गए। इसके अलावा कक्षा 6 की सुहानी, शिवानी, धीरज व कक्षा 7 में आयुषी दीपाली, कक्षा 8 में चांदनी, काजल व रौनक को सम्मानित किया गया। कक्षा 8 के बच्चों को अंगवस्त्र देकर विदाई दी गई। सूर्यांश, काजल, अंश, रितिका, प्रियांशी, आनंद, हिमांशु, आरव, शिवानी, आंचल, धीरज, सौम्या, राजकुवर, सुहानी, करिश्मा, आशिकी, दिव्यांशी दीपाली, कौशल्या, राधा रहीं।

खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे।

अंडर-16 क्रिकेट ट्रायल में दिखाया दमखम

उन्नाव, अमृत विचार। उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के सत्र 2026-27 के अंतर्गत अंडर-16 जनपदीय क्रिकेट चयन प्रक्रिया का दूसरा चरण सप्रू स्टेडियम शुक्लागंज में शुरू हुआ। ट्रायल के पहले दिन आयोजित सेलेक्शन मैच में जिले के खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि पहले चरण की स्क्रीनिंग के बाद चयनित हुए 40 खिलाड़ियों को दूसरे चरण में शामिल किया गया है। पहले सेलेक्शन मैच में खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी व विकेट कीपिंग में बेहतरीन प्रदर्शन किया। चयनकर्ता नवीन सिन्हा, कैलाश नेगी व अभिषेक श्रीवास्तव 'शंकर' ने एक-एक खिलाड़ी की तकनीक व प्रदर्शन का निरीक्षण किया। चयन प्रक्रिया के शुभारंभ से पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान ओम मिश्र, हिमालय वर्मा, साकिर हुसैन, सूरज त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

बालू आने से ठप हुई पेय जलापूर्ति पश्चिमी क्षेत्र के सैकड़ों घरों में पानी की किल्लत से बढ़ा लोगों का संकट

शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार। नगर पालिका क्षेत्र के पश्चिमी इलाकों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। पंप हाउस की मुख्य जलापूर्ति मोटर में बालू आने से बीते दो दिनों से सैकड़ों घरों की सप्लाई ठप है। इससे भीषण गर्मी में लोगों को शुद्ध पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, नगर पालिका के मुख्य पंप से सप्लाई होने वाले पश्चिमी क्षेत्र के कई मोहल्लों में रविवार शाम से जलापूर्ति बाधित है। मोटर में बालू भरने से पानी की सप्लाई अचानक बंद करनी पड़ी। सोमवार को नगर पालिका कर्मियों ने मोटर को बाहर निकालकर उसकी मरम्मत शुरू की। यह कार्य सुबह करीब साढ़े 11 बजे से जारी है। जलकल प्रभारी पंकज ने बताया कि मोटर की मरम्मत तेजी से की जा रही है। देरशाम तक जलापूर्ति सुचारु करने का प्रयास चल रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा। उधर, पानी की सप्लाई बंद होने से क्षेत्रीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। इसके साथ ही मजबूरन आरओ पानी खरीदकर प्रयोग करना पड़ रहा है।

आयुर्वेदिक चिकित्सालय की जमीन की पैमाइश कराकर कब्जेदारों को दी नोटिस

संवाददाता नवाबगंज, उन्नाव

अमृत विचार। नायब तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम सोमवार को कस्बा स्थित आयुर्वेदिक चिकित्सालय पहुंची। टीम ने चिकित्सालय की जमीन का चिन्हांकन कराकर अवैध कब्जा मुक्त कराया। इसमें एक रेस्टोरेंट में तालाब की जमीन निकलने पर उससे कब्जा खाली करने का नोटिस देते हुए आयुर्वेदिक अस्पताल के पास एक तालाब का नंबर होने पर प्रधान से उसे बनवाने को कहा। बता दें कि नवाबगंज कस्बा स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में तैनात डॉ. मोनिशा यादव ने अस्पताल की जमीन का चिन्हांकन कराकर सुरक्षित कराने का प्रार्थना पत्र उच्चाधिकारियों को दिया था। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर राजस्व टीम ने जमीन की पैमाईश की थी। इसके बाद अस्थाई कब्जेदारों ने अस्पताल की जमीन से कब्जा भी हटा लिया था। इसके बाद सोमवार को नायब तहसीलदार प्रीती सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की एक टीम आयुर्वेदिक अस्पताल पहुंची। टीम ने चिकित्सालय की करीब 2 बीघा जमीन का चिन्हांकन कर चूने से मार्किंग कराई। इस दौरान अस्पताल के पास नक्शे पर एक 5 बिसुआ का तालाब मिलने पर प्रधान से तालाब का कार्य कराने के लिए कहा। वहीं एक रेस्टोरेंट में करीब दो बिसुआ तालाब की जमीन होने पर उसे कब्जा खाली करने का नोटिस दिया गया। नायब तहसीलदार ने बताया कि आयुर्वेदिक अस्पताल की जमीन का चिन्हांकन कराकर मार्किंग कराई जा रही है। वहीं तालाब की जमीन को भी सुरक्षित करने के लिए कहा गया है।

प्रतिभावान छात्रों संग अभिभावक सम्मानित

सम्मानित छात्र-छात्राओं व अभिभावकों के साथ शिक्षक अमित तिवारी।

उन्नाव, अमृत विचार। विखं सफीपुर के कंपोजिट स्कूल रनियामऊ में रिपोर्ट कार्ड वितरण में अनोखी पहल की गई। इसमें उत्तीर्ण छात्रों के साथ उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। शिक्षक अमित तिवारी ने छात्रों को रिपोर्टकार्ड देते हुए उनके अभिभावकों को सम्मानित किया और कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। छात्रा कामिनी व अंबिका ने बताया कि गणित व विज्ञान में उन्हें सबसे अधिक अंक मिले हैं। वे अगली कक्षा में और मेहनत करेंगी।

श्रेष्ठ छात्रों को किया गया सम्मानित

उन्नाव, अमृत विचार। विवेकानंद सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज मोती नगर में वार्षिक परीक्षा के प्रगति पत्रों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक पंकज गुप्ता व प्रबंधक नवीन भारतीय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसमें पीजी से कक्षा 11 तक के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं में वैष्णवी, अनन्या, आयुषी, अंकुश, आयुषी, अनुष्का राजपूत, अंशिका, आजम, मुजम्मिल, सक्षम सिंह, तनुष मौर्य, अदिति मिश्रा, आकाश प्रजापति, राघवेंद्र, शिवम, शुभ तिवारी, कृतिका, गौरी, परी, महान, प्रांजल, रितिका वर्मा, अनुष्का भारतीय, आराध्या कश्यप, काव्य, उर्मी, ऋषभ आर्या, इब्राहिम, सिमरन, मानस, शिवन्या, पलक, नैतिक, अनुभव, अफ्रीका, निदा, अदिति सिंह, उत्कर्ष, सानिया, आंचल, प्रियंका, वैष्णवी सोनवानी, आदित्य सोनकर, आद्या, अंशिका गौतम, आयुषी व कृतिका हैं। इन्हें अतिथि व प्रबंधक प्रधानाचार्य ने सम्मानित किया। प्रधानाचार्य मानिक भारतीय ने अभिभावकों का सम्मान किया। इसमें प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह (आनंद), शिक्षक रज़ी, सिराज, प्रमिला, गीतिका, अदिति, जोया, स्नेहा, कामिनी, श्रीकांत, संतोष, कल्पना आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

छात्रा को बैडमिंटन देते सदर विधायक पंकज गुप्ता। अमृत विचार

मेधावियों के साथ मौजूद प्रबंधक, प्रधानाचार्य व मुख्य अतिथि। अमृत विचार

सरस्वती विद्या मंदिर में परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार। गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में सोमवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित हुआ। इसका शुभारम्भ जिला प्रचारक संदीप, प्रबन्धक राकेश कुमार, नगर प्रचारक शिवम, कार्यकारिणी सदस्य ओम प्रकाश, रामकृष्ण, उदरवीर सिंह व प्रधानाचार्य श्रवण सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व पुष्प अर्पण कर किया। प्रधानाचार्य ने अतिथियों का परिचय कराया और उन्हें अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह व रामचरित मानस देकर सम्मानित किया। कक्षा 8 की छात्राएं मानवी व वैष्णवी पांडेय ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रबन्धक राकेश कुमार ने परीक्षाफल घोषित किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 400 छात्रों को सम्मानित किया गया। जूनियर वर्ग में मौसमी वर्मा व सीनियर वर्ग में कर्तव्य मिश्रा अव्वल रहे। संचालन रवि शंकर श्रीवास्तव व श्याम नारायण ने किया।

कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

उन्नाव, अमृत विचार। पुरवा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने सोमवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 का आयोजन हुआ। मौरावां स्थित सूर्यपाल सिंह डिग्री कॉलेज में आयोजित शिविर में बिछिया, असोहा, मौरावां व हिलौली मंडल के कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया। इसका शुभारंभ विधायक अनिल सिंह, पूर्व जिला महामंत्री बिपिन मिश्रा व जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन ने पं. दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित कर किया। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए विधायक अनिल सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं। कहा कि प्रशिक्षण ही वह माध्यम है जिससे कार्यकर्ता वैचारिक रूप से मजबूत होता है। इस दौरान रजनीश वर्मा, संदीप शुक्ल, सुनील साहू, मयंक मिश्र, विजय गुप्ता आदि रहे।

उत्कृष्ट कार्य करने पर सरैयां प्रधान सम्मानित

सरैयां ग्राम प्रधान को सम्मानित करतीं सीडीओ। अमृत विचार

शुक्लागंज, उन्नाव। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा ग्राम प्रधानों को सम्मानित किए जाने के लिए सोमवार को विकास भवन सभागार उन्नाव में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां सरैयां गांव के प्रधान को सम्मानित किया गया। शासन के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने व खादी एवं ग्रामोद्योग इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विकास भवन में एक कार्यक्रम आयोजित था। जहां सीडीओ कृति राज, जिला विकास अधिकारी, जिला खादी उद्योग अधिकारी की मौजूदगी में सरैयां गांव के प्रधान राजेन्द्र कुमार को 2 हजार की चेक, अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मारपीट की घटनाएं सोशल मीडिया पर वायरल

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गए। वायरल वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है। पहली घटना मिश्रा कालोनी स्थित श्मशान घाट के पास की बताई जा रही है, जहां एक युवक लकड़ी के टाल पर काम करने वाले अधेड़ को सरेआम लाठी से पीटता दिखाई दे रहा है। हमले के दौरान अधेड़ खुद को बचाने का प्रयास करता रहा, लेकिन उसके सिर पर गंभीर चोट लगने की सूचना है। दूसरी घटना बिन्दानगर इलाके की है, जहां किसी बात को लेकर युवकों के बीच कहासुनी हो गई और देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर मारपीट शुरू हो गई। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर जांच कर रही है। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से कोतवाली में तहरीर नहीं दी गई है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार अखबार नही करता है।

यूपी बोर्ड परीक्षा | चार मूल्यांकन केंद्रों पर अब तक 93 प्रतिशत जांची गईं कॉपियां

कापियां जांचने के लिए नहीं पहुंचे 668 परीक्षक

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की कांपियों के मूल्यांकन के दसवें दिन चार केंद्रों में 938 परीक्षकों ने 31229 कांपियों का मूल्यांकन किया। इसमें 1606 परीक्षकों में 668 अनुपस्थित रहे। डॉ. जीनाथजी दयाल बालिका इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के 52 डिप्टी हेड में 49 उपस्थित हुए। वहीं 517 परीक्षकों में 235 उपस्थित हुए। इसमें 12040 कांपियों का मूल्यांकन किया गया। यहां 27 में 18 अंकेक्षक परीक्षक उपस्थित हुए। अब तक 91306 कांपियों का मूल्यांकन किया गया। जीआईसी में हाईस्कूल के 37 डिप्टी हेड में 35 उपस्थित व 356 परीक्षकों में 224 उपस्थित हुए। जिन्होंने 8040 कांपियों का मूल्यांकन किया। यहां 18 में 14 अंकेक्षक उपस्थित हुए। अब तक 84375 कांपियों का मूल्यांकन किया गया। जीजीआईसी में इंटर के 31 डिप्टी हेड में 26 व 297 परीक्षकों में 196 परीक्षक उपस्थित हुए। यहां 2367 कांपियों का मूल्यांकन किया गया। इसमें 17 अंकेक्षकों में 12 उपस्थित हुए। अब तक 92513 कांपियों का मूल्यांकन किया गया। जो करीब 99 प्रतिशत है। वहीं, अटल बिहारी इंटर कॉलेज में इंटर के 30 डिप्टी हेड में 27 व 286 परीक्षकों में 146 परीक्षक उपस्थित हुए। यहां 8782 कांपियों का मूल्यांकन किया गया। यहां 15 में 13 अंकेक्षक उपस्थित हुए। इसमें अब तक 67021 कांपियों का मूल्यांकन किया गया। कंट्रोल रूम प्रभारी रामचंद्र सिंह ने बताया कि चार मूल्यांकन केंद्रों में अब तक 93.26 प्रतिशत कांपियों का मूल्यांकन किया गया है।

कांपियों का मूल्यांकन करते परीक्षक। अमृत विचार

रंजीत बने पीसीएस अधिकारी, 60वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया जिले का मान

शुक्लागंज उन्नाव। सीमित संसाधनों के बावजूद अगर लक्ष्य स्पष्ट हो तो सफलता जरूर मिलती है। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पिंडोखा निवासी रंजीत कुमार ने इसका जीवंत उदाहरण पेश करते हुए पीसीएस परीक्षा में 60वीं रैंक हासिल कर बीडीओ बनकर अपने परिवार का नाम रोशन किया है। खास यह कि वे इस समय लखनऊ में सीएसआईआर में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर भी कार्यरत हैं। रंजीत के पिता पप्पू कुमार मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

रंजीत ने प्रारंभिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय उन्नाव से पूरी की। इसके बाद उन्होंने कर्नाटक से इंटर व आईआईटी धनबाद से बीटेक की पढ़ाई की। वर्ष-2021 से रंजीत यूपीएससी व पीसीएस की तैयारी में जुटे। उन्होंने यूपीपीएससी में तीन प्रयास किए जिसमें तीन बार मेंस परीक्षा पास की और एक बार इंटरव्यू तक पहुंचे। लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। लेकिन बाद में उनकी मेहनत रंग लाई और उन्होंने पीसीएस में 60वीं रैंक पाकर बीडीओ बने। रंजीत की 3 बहनों में सरला (विवाहित), रोशनी व मोनी गौतम प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं। बेटे की सफलता पर पिता की आंखें खुशी से भर आईं।

न्यूज ब्रीफ

ट्रांसफार्मर के पोल से फंदा लगाकर दी जान

हरदोई, अमृत विचार। युवक ने गांव के बाहर ट्रांसफार्मर के पोल में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मां सुबह शौच के लिए निकली तो बेटे का शव लटकता देख चीख पड़ी। बिलग्राम कोतवाली के हबीबपुर रड़ेना निवासी 36 वर्षीय दिनेश कुमार पुत्र रामबहादुर खेती-बाड़ी कर पत्नी नीतू, दो बेटों और एक बेटी के साथ बसर कर रहा था। रविवार की शाम दिनेश खाना खाने के बाद फिर कहीं चला गया। मां फूलमती रात भी उसके लौटने की राह देखती रही। सोमवार की भोर पहर फूलमती गांव के बाहर शौच के लिए जा रही थी, उसी बीच दिनेश का शव खेत के बीच में लगे ट्रांसफार्मर के पोल के बीच रस्सी से लटक रहा था।

भाजपा मीडिया प्रभारी की बाइक ले गए चोर

पुरवा उन्नाव, अमृत विचार। नगर के मोहल्ला शीतलगंज निवासी दूधेलाल साहू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती रात वह अपनी बाइक नगर के मोहल्ला पीरजादीगढ़ी निवासी मित्र सुनील शुक्ला के यहां खड़ी कर मित्र की बहन की शादी में शामिल होने उन्नाव गया था। जहां से देररात लौटने पर उसकी बाइक वहां नहीं मिली। पड़ोसियों से पूछताछ के बाद भी बाइक का कुछ पता नहीं चला। कोतवाल भवन सिंह मौर्य ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

झोपड़ी में लगी आग

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम अतरछा खुर्द में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब खेतों के बीच बने एक झोपड़ी में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और झोपड़ी में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

पेयजल चबूतरा निर्माण के नाम पर लाखों की बंदरबांट

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

- 3 लाख से अधिक की रकम का किया गया आहरण, ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप
- निर्माण कार्य में पंचायत सदस्यों को भी मटेरियल और मिस्त्री के रूप में भुगतान किया गया

अमृत विचार। विकास खंड भरखनी की ग्राम पंचायत ख्वाजगीपुर में सामुदायिक पेयजल स्थल पर प्लेटफॉर्म निर्माण के नाम पर किए गए खर्च को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सरकारी अभिलेखों में लाखों रुपये के व्यय का उल्लेख है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग तस्वीर पेश कर रही है। ग्रामीणों का दावा है कि पंचायत में कहीं भी ऐसा कोई चबूतरा नजर नहीं आता, जिसके नाम पर धनराशि निकाली गई हो।

दस्तावेजों के अनुसार वर्ष 2024-25 में स्वीकृत इस कार्य की अनुमानित लागत 3,20,000 रुपये निर्धारित की गई थी, जबकि अब तक 3,13,760 रुपये खर्च दर्शाया गया है। 22 जनवरी 2025 को जारी वाउचर के माध्यम से चबूतरे की सामग्री एवं मजदूरी के नाम पर विभिन्न व्यक्तियों और एक ईंट भट्ठे को भुगतान किया गया। इन भुगतान आदेशों पर पंचायत सचिव नीरज कुमार वर्मा और सरपंच मधु के हस्ताक्षर दर्ज बताए गए हैं। आरोप यह भी सामने आया है कि इस निर्माण कार्य में पंचायत सदस्यों को भी मटेरियल और मिस्त्री के रूप में भुगतान किया गया। अभिलेखों में पंचायत सदस्य के नाम से सामग्री उपलब्ध कराने तथा मजदूरी/मिस्त्री मद में धनराशि जारी होने का उल्लेख है, जिसे पंचायत वित्तीय नियमों के विपरीत माना जा रहा है। नियमों के अनुसार पंचायत सदस्य कार्य की निगरानी में भूमिका निभाते हैं, लेकिन उन्हें सीधे तौर पर ठेकेदार, सप्लायर या श्रमिक के रूप में भुगतान किया जाना पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। जब इस निर्माण कार्य के बारे में जानकारी ली गई तो पंचायत सचिव नीरज कुमार वर्मा ने बताया कि हरदेव बाबा स्थान पर चबूतरा बनाया गया है।

इस संदर्भ में खंड विकास अधिकारी भरखनी अशोक कुमार दुबे से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। कहा कि शिकायत मिलने पर जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

बोले प्रधान प्रतिनिधि

पूछने पर प्रधान प्रतिनिधि अवनीश त्रिवेदी ने पहले तो ऐसे किसी निर्माण से इनकार किया, लेकिन बाद में उसी स्थान को पेयजल चबूतरा बताने लगे। प्रतिनिधि के विरोधाभासी बयान ने मामले को और संदिग्ध बना दिया। वहीं कुछ ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में कहीं भी पेयजल चबूतरा का निर्माण नहीं हुआ है। उनका कहना है कि यदि कार्य कराया गया है तो संबंधित स्थल को सार्वजनिक किया जाए, ताकि हम लोग भी उसे देख सकें।

निकाह व धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी को जमानत नहीं

हरदोई, अमृत विचार। एक दलित लड़की को फुसलाकर उसका अपहरण किया गया, उसके बाद उसे बंधक बनाकर जबरिया निकाह और धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया। इस मामले में आरोपित की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट सुनील कुमार सिंह ने आरोपी की गंभीरता को दृष्टिगत जमानत अर्जी खारिज कर दी।

शासकीय अधिवक्ता अमित मिश्रा ने बताया कि थाना कासिमपुर क्षेत्र के निवासी इमरान ने 14 फरवरी को पीड़िता को अपहरण करके उसे लखनऊ ले गया और वहां उसके साथ रेप किया और धर्म परिवर्तन के लिए विवश किया। पीड़िता ने कहा कि आरोपी ने उससे झूठ बोला और अपना नाम गलत बताकर उसे बंधक बनाया। इस मामले में आरोपी की जमानत अर्जी पर सुनवाई की गई। आरोपी ने अदालत के समक्ष खुद को झूठा फंसाए जाने की बात कहते हुए जमानत पर छोड़े जाने की मांग की। शासकीय अधिवक्ता अमित मिश्रा ने पुरजोर विरोध किया और कहा कि मामला काफी गंभीर है इसलिए जमानत पर छोड़ने जाने का कोई औचित्य नहीं है। जज ने आरोपी की जमानत अर्जी कर दी।

निपुण बच्चों को किया गया पुरस्कृत

कंपोजिट विद्यालय में शिक्षा चौपाल में सेवानिवृत्त शिक्षक का हुआ सम्मान

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव,

अमृत विचार। कंपोजिट विद्यालय परशुरामपुर में न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन हुआ। इसमें मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के साथ शिक्षा की गुणवत्ता व सरकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। शुभारंभ बीईओ देवेंद्र सिंह ने किया।

चौपाल में न्याय पंचायत के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के प्रथम स्थान पाने वाले बच्चे व 'निपुण' छात्र पुरस्कृत हुए। बीईओ ने अभिभावकों से कहा कि सरकारी विद्यालयों में अब उच्च स्तरीय व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। अपील की कि लोग अपने व पड़ोस के बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूलों में ही कराएं। यदि विद्यालय संबंधी कोई शिकायत हो तो मेरे व्यक्तिगत मोबाइल नंबर पर बताएं। एआरपी राजकुमार द्विवेदी ने शिक्षकों को निर्देश दिये कि शासन की मंशा के अनुरूप हर हाल में बच्चों को 'निपुण' बनाने के लक्ष्य पर काम करें। प्रधान शिक्षक सुभाष यादव ने सरकार द्वारा दी जा रही निःशुल्क सुविधाओं जैसे पुस्तकें, ड्रेस, जूते-मोजे, लाइब्रेरी व स्पोर्ट्स किट के बारे में बताया। इस दौरान सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक गंगाराम तिवारी को अंगवस्त्र व प्रतीकचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके बाद कंपोजिट विद्यालय तेरवा में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में बीईओ देवेंद्र सिंह व उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने उन्हें शाल ओढ़ाकर विदाई दी। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुदीप सचान, दिनेश वर्मा, ग्राम प्रधान रामू कन्नौजिया, अरुण कुमार, दीपक वर्मा, प्रियंका वर्मा, ऊषा पाल, अमित कुमार, देवेंद्र प्रताप सिंह, ठाकुर प्रसाद, निजाम अहमद, राजीव द्विवेदी, विबुधेश यादव व जय मंगल कुशवाहा आदि रहे।

शिक्षा चौपाल में विचार रखते अधिकारी। अमृत विचार

सीएचसी पर सात किशोरियों को लगा एचपीवी का टीका, दिए गए प्रमाण पत्र

संवाददाता, कोथावां, हरदोई

अमृत विचार। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोथावां अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सोमवार को एच.पी.वी. वैक्सीन टीकाकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसमें सात किशोरियों का सफल टीकाकरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. विपुल वर्मा ने बताया कि किशोरियों में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की बीमारी फैल रही हैं जिसके बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें आशीष बाजपेयी बी.पी.एम. व पूनम सरोज बी.सी.पी.एम. ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका समय पर टीकाकरण ही है। इस दौरान सभी किशोरियों को डिजिटल वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र भी दिए गए।

किशोरी को वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र सौंपते चिकित्सक। अमृत विचार

साले-बहनोई की मौत से घरों में मचा कोहराम

संवाददाता, हरदोई,

अमृत विचार Follow UP

- रविवार की शाम गंगा एक्सप्रेस-वे पर कार की टक्कर से बाइक सवार तीन लोगों की हुई थी मौत

अमृत विचार। गंगा एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे ने एक तरफ बेटी की मांग, वहीं दूसरी तरफ मां की गोद सूनी कर दी। बहन-बहनोई के घर आने से हर तरफ हंसी-ठिठोली हो रही थी, लेकिन हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। एक घर में साले-बहनोई की मौत का मातम बरपा हो रहा था, वहीं दूसरे घर में पिता की मौत से बच्चे सिसकियां ले रही अपनी बदहवास मां के आंचल में लिपट कर रोते-रोते बेहाल हो चुके थे।

बताते चलें कि रविवार की शाम गंगा एक्सप्रेस-वे पर खेतौली सर्विस रोड पर तेज़ रफ्तार ईको कार की टक्कर लगने से बाइक सवार चकौती बंथला के दीपू पुत्र संतराम और उसके बहनोई गोविंद पुत्र सुरेश निवासी बम्हरौली थाना कांट शाहजहांपुर और चकौती बंथला के लवकुश पुत्र परमेश्वर की दर्दनाक मौत हो गई थी, जबकि लवकुश का पुत्र ईश्वर दयाल और कार ड्राइवर निहाल ज़ख्मी हो गया था। पुलिस ने तीनों शवों को कब्ज़े में लेते हुए सोमवार को पोस्टमार्टम कराया। हादसे के बाद से दोनों घरों में कोहराम बरपा है।

बताते है कि गोविंद की शादी पिछले साल 14 मई को संतराम की बेटी रुकमां देवी के साथ हुई थी। हादसा होने से चार दिन पहले गोविन्द पत्नी को साथ लेकर ससुराल आया था। रविवार को वह साले दीपू के साथ बाज़ार के लिए निकला, लवकुश भी बेटे को साथ लेकर सवायजपुर गया था। उधर खेती-बाड़ी कर पत्नी नेहा और बच्चों का पेट पाल रहा था, उसकी मौत होने से बच्चों के मुंह से निवाला छिन गया। सोमवार की शाम एक साथ दीपू और लवकुश का शव उनके गांव पहुंचा तो हर तरफ चीख-पुकार होने लगी। वहीं गोविंद के घर वाले उसका शव ले कर शाहजहांपुर रवाना हो गए।

दीपू की मौत की खबर पर बेहोश हो गिरी मां

हरदोई, अमृत विचार। दीपू अपने घर का बड़ा लाडला था। चार भाइयो में उसके तीन बड़े भाई धर्मेंद्र, जितेंद्र और सिकंदर उसकी हर ख्वाहिश पूरी करते थे। रविवार को जैसे ही हादसे की खबर परिजनों को लगी तो कोहरामच मच गया। लाडले बेटे की मौत होने का पता होते ही मां बेहोश होकर गिर गई। दीपू की मौत से उसके घर का कोना-कोना रोते-रोते सिसकने लगा।

कमरे में फंदे से लटककर किशोरी ने दी जान

उन्नाव, अमृत विचार। अचलगंज थानाक्षेत्र के गंगाखेड़ा गांव में 17 वर्षीय किशोरी का शव फंदे से लटका देख परिजन बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है।

बेहटा नथई सिंह गांव के मजरा गंगाखेड़ा निवासी नेहा (17) पुत्री रामदेव लोध का शव सोमवार सुबह उसके कमरे में रस्सी के फंदे से लटका देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। पिता ने बताया कि सुबह 4 बजे वह रोज की तरह वह ईंट भट्ठा पर मजदूरी करने जा रहा था तो नेहा ने उसे टिफिन बनाकर दिया था। लेकिन सुबह जब अन्य बच्चे सोकर उठे तो नेहा फंदे से लटकी मिली। वह 4 बहनों सीता, राधिका, शारदा, भाई कृष्ण व विष्णु से बड़ी थी। बेटी की मौत से मां गुड्डी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन उसके आत्महत्या करने की वजह नहीं बता सके। पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें उसकी हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

NAME CHANGE

AMAN KUMAR, FATHER No- JC 248986P, RANK - RIS. NAME- JAY CHANDRA, RESIDING AT VILL - BARAHIPURVA POST- LALPUR SHIVRAJPUR, DIST - KANPUR Dehat UTTAR PRADESH, 208001, HAVE CHANGE MY NAME AMAN KUMAR TO AMAN KUMAR PAL FOR ALL FUTURE PURPOSES. AFFIDAVIT DATED 26 March 2026 Before public notary.

सूचना

एक किता भवन निर्मित जुज भाग आराजी नं0– 526 मि0 स्थित मौजा– किशरवल, अकबरपुर कानपुर देहात को स्वामी द्वारा हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेन्स लि0 में बन्धक हेतु प्रस्तुत किया गया है। जिसका मूल बैनामा दिनांकित 28.12.2020 जो कि क्रमांक सं0– 10368 पर स0 रजि0 कार्या0 अकबरपुर में दर्ज है, कहीं खो गया है। उक्त सम्पत्ति पर यदि किसी को सत्व/दावा हो तो 7 दिवस के अन्दर सम्पर्क करें, अन्यथा उक्त सम्पत्ति को बन्धक स्वीकार कर लिया जायेगा। **शिवेन्द्र अवस्थी (एडवोकेट), चे0नं0– 24 बाबू लाल अधिवक्ता भवन, सिविल कोर्ट कानपुर, मो0 : 9335063025**

सूचना

मैंने अपने पुत्र रोहित कुमार व उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी के गलत चाल चलन के चलते उससे संबंध विच्छेद कर दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके किसी भी कार्य व लेन देन से मेरा कोई सरोकार न होगा। **रामचंद्र पुत्र सोनेलाल निवासी ग्राम लाला भगत थाना रसूलाबाद कानपुर देहात।**

सूचना

मैंने अपने सबसे छोटे पुत्र सत्यप्रकाश पुत्र जगदीश बाबू व उसकी पत्नी अंजली पत्नी सत्यप्रकाश के गलत चाल–चलन के चलते सम्बन्ध विच्छेद कर चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इन दोनों के किसी कृत्य अथवा लेन–देन का मैं व मेरे परिवार के अन्य सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा। **जगदीश बाबू पुत्र शिव दयाल निवासी 5/232, मोहल्ला इस्माइलगंज सानी, शहर व जिला फर्रुखाबाद**

सूचना

सूचित हो कि मेरे स्कूल में नाम हेमंत कुमार सिंह और आधार कार्ड में अमन दर्ज है। प्रार्थी आधार कार्ड में अपना नाम हेमन्त कुमार सिंह दर्ज करवाना चाहता है। **हेमन्त कुमार सिंह पुत्र ओम प्रकाश सिंह ग्राम चुलम्भा पोस्ट कैसरगंज जिला बहराइच, यू.पी.।**

सूचना

बैंक ऑफ इंडिया शाखा भेलसर के खाता संख्या 75191 011 00 13116 में मेरा नाम पिंटू अंकित है। मेरा नाम आधार कार्ड में राजेश कुमार है। पिंटू और राजेश कुमार दोनों नाम मेरा ही है। **राजेश कुमार पुत्र अंबिका प्रसाद निवासी ग्राम शाहपुर पोस्ट शुजागंज थाना टिकैत नगर जिला अयोध्या।**

सूचना

सूचित हो कि मेरी इण्टरमीडिएट (वर्ष 2024, रोल नंबर 2247082870) व हाईस्कूल (वर्ष 2022, रोल नंबर 1222350526) के अंकपत्र वास्तव में खो गए हैं। मैंने इण्टरमीडिएट चौधरी ओंकारनाथ इंटर कॉलेज, चंद्रनगर नंदवल, फखरपुर (बहराइच) तथा हाईस्कूल श्री महंत जागेश्वर पुरी उच्च माध्यमिक विद्यालय, नंदवल (बहराइच) से उत्तीर्ण किया है। **जया वर्मा पुत्री मयंकर वर्मा ग्राम दिकौलिया, विकास खंड फखरपुर, बहराइच।**

सूचना

मैं जितेंद्र वर्मा (JITENDERA VERMA) पुत्र किशोरी लाल (KISHORI LAL) निवासी ग्राम 32 मनकौटी पोस्ट दिलावर नगर थाना रहीमाबाद तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ का है। मेरा नाम पासपोर्ट जितेंद्र (JITENDRA) दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड जितेंद्र वर्मा (JITENDERA VERMA) पुत्र किशोरी लाल (KISHORI LAL) दर्ज है जो कि सत्य व सही है। इसी नाम से जाना पहचाना जाता हूं। मुझे (JITENDERA VERMA) पुत्र किशोरी लाल (KISHORI LAL) के नाम आज दिनांक से जाना पहचाना जाए।

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने छोटे पुत्र प्रवीन शुक्ला के गलत चाल–चलन के कारण उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से दिनांक 29/3/26 से बेदखल कर रहा हूँ। मेरा या मेरे परिवार के किसी सदस्य से उसका कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। उसके द्वारा किये गये किसी भी अनुचित/गैर कानूनी कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **अमरपाल पुत्र राम प्रसाद, निवासी– रहीमनगर डिडौली, थाना मड़ियांव, जनपद लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मेरा डाक घर बचत बैंक, जिला लखनऊ में खाता सं0– 010019529258 है। जिसमें मेरा नाम त्रुटिवश फूलमती मौर्या (PHOOLMATI MAURYA) दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम फूल मती (FOOL MATI) है जो मेरे आधार कार्ड पर दर्ज है। अतः मेरे उपरोक्त खाते में मेरा सही नाम फूल मती (FOOL MATI) दर्ज किया जाये। **फूल मती पत्नी प्रियांशु मौर्या निवासिनी– ग्राम सैदापुर परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मेरा भारतीय स्टेट बैंक शाखा माल, लखनऊ में खाता सं0– 44018243776 है। जिसमें मेरा नाम त्रुटिवश फूलमती मौर्या (PHOOLMATI MAURYA) दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम फूल मती (FOOL MATI) है जो मेरे आधार कार्ड पर दर्ज है। अतः मेरे उपरोक्त खाते में मेरा सही नाम फूल मती (FOOL MATI) दर्ज किया जाये। **फूल मती पत्नी प्रियांशु मौर्या निवासिनी– ग्राम सैदापुर परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला लखनऊ।**

सूचना

भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा प्रथम रायबरेली द्वारा जारी पॉलिसी संख्या 236903689 जो कि 26–3–2011 को बीमाधन 62500 की जारी पालिसी में नाम सकंठा प्रसाद हो गया है, जबकि सही नाम मनोज कुमार है। आधार में मनोज कुमार ही अंकित है। उपरोक्त पॉलिसी में सकंठा प्रसाद के स्थान पर मनोज कुमार अंकित किया जाए। **मनोज कुमार पुत्र कैलाश चन्द ग्रा. सेमौरा पो. हुसैनगंज, फतेहपुर**

गंदगी के अंबार से मच्छरों ने दी दस्तक, सहमे नगरवासी

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। नगर में बढ़ती गंदगी व गर्मी की दस्तक ने मच्छरों का प्रकोप बढ़ा दिया है। आलम यह है कि जगह-जगह नालियों का पानी व कूड़े के ढेर मच्छरों का प्रकोप बढ़ा रहा है। इससे न केवल दुर्गंध फैल रही है बल्कि डेंगू, मलेरिया व वायरल बुखार जैसी बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है। इसे देखते हुए नगर के प्रबुद्ध नागरिकों ने डीएम को पत्र भेजकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

अधिवक्ता आफताब इदरीसी, रामपाल, मुजम्मिल अहमद, महमूद आलम, केशव प्रसाद व वीरेंद्र सिंह आदि ने सफाई व्यवस्था पर चिंता जताई है। पत्र में बताया कि नौनिहाल गंज बाजार किनारे कचरे के ढेर लगे हैं। जिससे उठ रही दुर्गंध ने स्थानीय दुकानदारों व राहगीरों का जीना मुहाल कर दिया है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने प्रभावी कदम नहीं उठाए तो नगर में संक्रामक बीमारियां महामारी का रूप ले सकती हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि नगर के सभी मोहल्लों में नियमित सफाई अभियान चलाया जाए। मच्छरों की रोकथाम के लिए फागिंग की जाए। रुके पानी पर कीटनाशकों का छिड़काव कराया जाए। सीएचसी के डाक्टर ने भी जनता को सतर्क रहने की सलाह दी है। डॉक्टरों का मानना है कि मच्छरों से बचाव ही बीमारी से बचने का सबसे बड़ा हथियार है। लोग मच्छरदानी का प्रयोग करें और अपने आसपास पानी जमा न होने दें।

दुर्घटना में घायल युवक की काफी इलाज के बावजूद नहीं बची जान

हरदोई, अमृत विचार। ज़िंदगी बचाने के लिए ज़िंदगी भर की कमाई दांव पर लगाने और इधर-उधर से कर्ज़ लेकर भी रोहित की रुक-रुक कर चल रहीं सांसों को रफ्तार नहीं दी जा सकी और आखिरकार 7 महीनें बाद चलते-चलते रुक गईं।

बात 30 जुलाई 2025 की है, सुरसा थाने के खुटेहना निवासी 23 वर्षीय रोहित पुत्र इन्द्रपाल अपने बहनोई इच्छाराम के साथ बाइक से बुआ के गांव सारीपुर छछेटा जा रहा था, रास्तें में बांधा पुलिया से अहिरोरी वाले रास्तें पर उमरी पुलिया पर पहुंचते ही सामने से आ रही बाइक ने उसकी बाइक में ज़ोरदार टक्कर मार दी, सिर में चोंट पहुंचने से रोहित बेहोश हो गया, जबकि उसके बहनोई इच्छाराम के हाथ-पैर में चोंटे आईं थीं। पिता इन्द्रपाल ने बताया कि सीएचसी अहिरोरी से उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, लेकिन बेहोशी नहीं टूटी, उसके बाद हायर सेंटर लखनऊ पहुंचाया गया, वहां भी कुछ हासिल नहीं हुआ। बेटे को बचाने के लिए अपनी सारी कमाई दांव पर लगाते हुए उसे एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया, ज़मीन और ज़ेवर तक बेंच दिए, लेकिन अपने बेटे की रुक-रुक कर चल रहीं सांसों को रफ्तार नहीं दे सका। इधर-उधर से कर्ज़ भी लिया जो नाकाफी रहा, उसके बाद वह उसे घर उठा लाया, तब से वह वहीं अपनी बाकी बची ज़िंदगी के दिन काट रहा था। रविवार को हालत बिगड़ गई, एम्बुलेंस-108 से उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया जाता, लेकिन उसी बीच उसकी मौत हो गई। इन्द्रपाल ने बताया कि उसी साल 10 मई को रोहित की शादी हुई थी, मौत 13 दिन पहले ही उसके घर बेटी का जन्म हुआ था। तीन भाई-बहन में रोहित से बड़ी बहन और उससे छोटा भाई है। इन्द्रपाल ने बताया कि बेटे को बचाने की खातिर उसने सारा कुछ दांव पर लगा दिया, उसके बाद भी 10 से12 लाख का कर्ज़दार भी हो गया। रोहित के पिता और मां छोटी बिटिया का रोते-रोते बुरा हाल है।



रोहित की फाइल फोटो।

मेडिकल स्टोर से नशीली दवाओं की बिक्री होने की चर्चा

औरास उन्नाव, अमृत विचार। औरास थानांतर्गत कस्बा स्थित साप्ताहिक बाजार कस्बा में एक मेडिकल स्टोर किराए की दुकान में संचालित है। जिसमें कस्बा के एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर एक खबर वायरल कर आरोप लगाया कि मेडिकल स्टोर में नशीली दवाओं की बिक्री होती है। इससे आसपास के युवाओं को नशीली दवाओं की बिक्री की जा रही है। यह खबर 1 सप्ताह पूर्व से चलाई जा रही है। हालांकि, ऐसी किसी भी खबर की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। खबर में मेडिकल स्टोर की औषधि निरीक्षक अशोक कुमार द्वारा जांच करने व इसके बाद शिकायतकर्ता को ही धमकाने के आरोप लगाए गए हैं। खबर सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रही है।

आई तेजी | जिला जज ने स्थाई भवन के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण कर दी मंजूरी

जल्द शुरू होगा मुंसिफ न्यायालय का निर्माण कार्य

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव

अमृत विचार। जिला जज अनिल कुमार वर्मा ने सोमवार को बार भवन में संचालित मुंसिफ न्यायालय का निरीक्षण कर स्थाई भवन हेतु प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण कर निर्माण हेतु हरी झंडी दे दी। लंबे समय से न्यायालय भवन निर्माण हेतु भूमि अलग-अलग स्थानों पर देखी जा रही थी जिस पर डीजे ने विराम लगा दिया।

17 जुलाई-2020 को मुंसिफ न्यायालय की शुरुआत बार भवन में कर स्थाई रूप से भवन निर्माण हेतु मियागंज मार्ग किनारे सलीन्द गांव की भूमि संख्या 102,103,105 का करीब ढाई बीघा क्षेत्रफल का प्रस्ताव कर फाइल आगे बढ़ाई थी। इस बीच निर्माण प्रक्रिया लंबित होने के बाद कई बार निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारियों के मार्गदर्शन पर अन्य स्थानों पर भी भूमि की तलाश शुरू की गई थी। बीते दिनों खोखापुर गांव के पास भूमि का निरीक्षण किया गया पर स्थानीय अधिवक्ताओं द्वारा लगातार की जा रही मांग पर जिला जज मुंसिफ न्यायालय पहुंचे। उन्होंने मुंसिफ कोर्ट से संबंधित सभी थानों के मामलों की समीक्षा की। इसके बाद मुंसिफ न्यायालय भवन हेतु प्रस्तावित भूमि मियागंज मार्ग पहुंचे जहां निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को उचित स्थान बताकर निर्माण हेतु कार्यवाई बढ़ाने के निर्देश दिए। अधिवक्ताओं ने बताया कि सलीन्द गांव क़स्बे से जुड़ा होने से दूर से आने वाले लोग व अधिवक्ता पैदल भी जा सकेंगे। इसमें प्रसिक्षु आईपीएस संचित शर्मा, एसडीएम शिवेंद्र कुमार वर्मा, कोतवाली प्रभारी एसएन त्रिपाठी मौजूद रहे।

प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण करते जिला जज। अमृत विचार

ठेके के पास संदिग्ध हालात में पड़ा मिला युवक का शव

- चार माह पहले हुई थी भाई की हत्या

उन्नाव, अमृत विचार। असोहा थानाक्षेत्र के कालूखेड़ा गांव के पास भाई की हत्या के मुकदमे के वादी छोटे भाई का शव शराब ठेके के पास पड़ा मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें उसकी बीमारी से मौत होने की पुष्टि हुई है। मौरावां थानाक्षेत्र के पारा गांव निवासी राकेश (35) पुत्र स्व. भगवानदीन खेती करता था। माता-पिता की मौत हो चुकी है और उसकी अभी शादी नहीं हुई थी।

रविवार सुबह वह घर से निकला था। बाद में वह असोहा थानाक्षेत्र के कालूखेड़ा में शराब ठेके के पास अचेत पड़ा मिला। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उसकी शिनाख्त कराकर परिजनों को सूचना दी। विवाहित बहन पुष्पा की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बता दें कि राकेश के बड़े भाई की बीती 30 दिसंबर को जमीनी विवाद में खेत में कुल्हाड़ी से काट कर हत्या हुई थी। राकेश मुकदमे की पैरवी कर रहा था। इसे लेकर परिजनों ने उसकी मौत पर शक जताया। हालांकि पोस्टमार्टम में सेप्टीसीमिया बीमारी से उसकी मौत की पुष्टि हुई है।

न्यूज ब्रीफ

भूमि विवाद में चार को पीटकर घायल किया

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। मंझिला थाना क्षेत्र के आलमनगर गांव में भूमि विवाद को लेकर कुछ दबंगों ने दूसरे पक्ष पर लाठियों और डंडों से हमला कर दिया जिससे महिला सहित चार लोग घायल हुए हैं। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायलों का डॉक्टर परीक्षण कराया गया। आलम नगर निवासी सोहेब गाजी के अनुसार मुंजन, अमीरू, सबाब एवं तबरेज उसकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। शोएब ने जब मना किया तो लाठी और डंडों से हमला कर दिया। वह खुद, पिता लतीफ पत्नी गुलशन और शरीफ घायल हो गए। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। कटरा-बिल्हौर राजमार्ग पर बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव काजीपुर निवासी 58 वर्षीय विनोद उर्फ गुड्डू की उन्नाव जनपद के थाना बांगरमऊ के गांव नसिरापुर में दूध डेरी है। सोमवार की सुबह वह दूध डेरी पर जा रहे थे। कटरा-बिल्हौर हाइवे पर काजीपुर गांव की मोड़ में उनकी बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

कल धूमधाम से मनाई जाएगी रामजी की छठीं

हरदोई, अमृत विचार। नगर के राम जानकी मंदिर में बुधवार को छठी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी मैथिलीशरण ने बताया कि छठी महोत्सव 11 बजे भजन कीर्तन के साथ प्रारंभ होगा। बधाई गीत व पूजन के पश्चात दोपहर 12 बजे छठी की महाआरती की जाएगी। सीएचसी से उसे लखनऊ रेफर किया गया है।

रेल प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों से मांगा क्षेत्र से जुड़े रेलवे विकास कार्यों का प्रस्ताव

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जिले में रेलवे सुविधाओं के विस्तार को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है। आगामी अप्रैल में रेलवे अधिकारियों और सांसदों के बीच प्रस्तावित बैठक को देखते हुए रेल प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र से जुड़े रेलवे विकास कार्यों का प्रस्ताव मांगा है। हरदोई सदर से सांसद जयप्रकाश रावत से भी हरदोई रेलवे स्टेशन के विकास संबंधी मांगों का विस्तृत पत्र देने को कहा गया है। बताते चले कि स्थानीय यात्रियों और सामाजिक संगठनों द्वारा लंबे समय से हरदोई रेलवे स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग उठाई जा रही है। इसमें देहरादून और मेरठ के लिए वंदे भारत, डबल डेकर एक्सप्रेस, पोरबंदर मोतिहारी एक्सप्रेस, लखनऊ काठगोदाम एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, कुंभ एक्सप्रेस, सुल्तानपुर अहमदाबाद एक्सप्रेस, बेगमपुरा एक्सप्रेस और अन्य महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों को शामिल करने की बात कही गई है। यात्रियों का मानना है कि इन ट्रेनों का ठहराव होने से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत होगी और लोगों को बड़े शहरों तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी।

● हरदोई रेलवे स्टेशन के विकास को लेकर उठीं मांगें

इसके अलावा स्टेशन पर पहले प्रस्तावित एस्केलेटर सुविधा को हटाए जाने पर भी यात्रियों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों ने मांग की है कि सांसद अपने प्रस्ताव में एस्केलेटर की पुनः स्थापना को प्राथमिकता दें। वहीं, कोविड काल के बाद बंद हुई तीन जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों के संचालन को भी बहाल करने की मांग उठ रही है। ये ट्रेनें पहले बरेली-प्रयागराज, लखनऊ-सहारनपुर जैसे रूटों पर चलती थीं, जिससे दैनिक यात्रियों को काफी राहत मिलती थी।

बेहतर संपर्क के लिए स्लोप या अंडरपास निर्माण की मांग

हरदोई। स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं की कमी भी यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। यात्रियों ने निशुल्क प्रतीक्षालय की व्यवस्था और खान-पान सेवाओं में सुधार की मांग की है। साथ ही, ट्रेनों में जनरल कोच की स्थिति को लेकर भी समस्या सामने आई है। लखनऊ की ओर जाने वाली ट्रेनों में जनरल डिब्बे आगे-पीछे होने के कारण यात्रियों को लंबी दूरी तक पैदल चलना पड़ता है, जिससे बुजुर्ग और दिव्यांग यात्रियों को विशेष दिक्कत होती है। शाहजहांपुर छोर पर प्लेटफॉर्मों के बीच बेहतर संपर्क के लिए स्लोप या अंडरपास निर्माण की मांग भी जोर पकड़ रही है। इसके साथ ही शहर के व्यस्त रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण की जरूरत बताई जा रही है, जहां रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है और आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित होती हैं। धार्मिक यात्राओं को ध्यान में रखते हुए ब्रह्मकुमारी संगठन से जुड़ी महिलाओं ने आबू रोड जाने वाली ट्रेनों के ठहराव की मांग की है, ताकि उन्हें माउंट आबू तक सीधी सुविधा मिल सके। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों ने लखनऊ और बरेली रूट पर मेमू ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। अब सभी की निगाहें सांसद द्वारा भेजे जाने वाले प्रस्ताव पर टिकी हैं, जिससे हरदोई रेलवे स्टेशन के विकास की दिशा तय होगी। इसको लेकर सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र ने बताया कि बुधवार को सांसद दिल्ली से वापस हरदोई आएंगे, उनके आने के बाद यात्रियों की समस्याओं को लेकर पत्र हरदोई रेल अधिकारियों को भेजा जाएगा।

88 आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण

जिपं अध्यक्ष ने सौंपे 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर चयनित अभ्यर्थिनियों को नियुक्ति पत्र का वितरण, आंगनवाड़ी भवनों का लोकार्पण, शिलन्यास एवं राज्य पोषित आंगनवाड़ी केन्द्रों के नवीन नक्शे का विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री ने जिले के 88 आंगनवाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण किया।

इसी क्रम में विवेकानन्द सभागार में बाल विकास परियोजना शाहाबाद टोडरपुर, हरपालपुर एवं मल्लावां में आंगनबाडी केन्द्रों पर आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर चयनित 10 अभ्यर्थिनियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, जिलाधिकारी एवं सीडीओ ने प्रतिभाग किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने नवचयनित आंगनवाड़ी सहायिकाओं को अपने पदीय दायित्वों का भली-भांति निर्वाहन किये जाने करते हुए केन्द्र पर आने वाले बच्चों की देख-भाल किये जाने हेतु निर्देशित किया। जनपद में आंगनवाड़ी केन्द्रों पर शाला पूर्व शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों हेतु प्री स्कूल किट का वितरण भी कराया गया।

चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र सौंपतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती।

पिहानी में बनी ढाई करोड़ की कार्ययोजना

पिहानी, हरदोई, अमृत विचार। ब्लॉक सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा के साथ भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में अब तक कराए गए विकास कार्यों की सराहना करते हुए आगामी कार्यों के लिए लगभग ढाई करोड़ रुपये के प्रस्ताव सदस्यों से प्राप्त किए गए। ब्लॉक प्रमुख कुशी बाजपेई ने कहा कि विकास खंड की सभी ग्राम पंचायतों में अभूतपूर्व कार्य कराए गए हैं। वर्तमान कार्यकाल में क्षेत्र पंचायत द्वारा लगभग हर ग्राम पंचायत में नाली, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग और प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। इसके अलावा करीमनगर और अब्दुल्ला नगर में भव्य खेल मैदानों का निर्माण कराया गया है, जबकि विकास खंड की 10 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी का कार्य तेजी से प्रगति पर है।

सीबीआई की टीम ने बैंक में की जांच पड़ताल

कछौना, हरदोई, अमृत विचार। कस्बे में बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में इन दिनों सीबीआई द्वारा अभिलेखों की जांच-पड़ताल जारी है। लखनऊ से आई सीबीआई टीम द्वारा बैंक में घुसकर फाइलों को बारीकी से जांचा, जिसे देखकर बैंक कर्मचारियों के पसीने छूट गए। यह जांच-पड़ताल कुछ दिनों पहले शाखा के मैनेजर और ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक सुरेश कुमार चौधरी की रिश्वत मामले में गिरफ्तारी से संबंधित है। सीबीआई ने यह कार्रवाई बघौली थाना क्षेत्र के ग्राम कमोलिया निवासी सीमा देवी की शिकायत पर की है। शिकायत के आधार पर सीबीआई टीम द्वारा 10 मार्च को दर्ज मुकदमे के मामले की जांच शुरू की। इसी जांच के सिलसिले में लखनऊ सीबीआई की एसीबी ब्रांच टीम बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा पहुंची। टीम ने बैंक के इंचार्ज मैनेजर वैभव से पूछताछ की और अभिलेखों की पड़ताल की। इस दौरान शिकायतकर्ता महिला सीमा देवी भी बैंक में मौजद थी।

यूपीपीएएसी की परीक्षा में चमकी मल्लावां की दीप्ति

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई,

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में मल्लावां की बेटी दीप्ति वर्मा ने छठवीं रैंक पाकर जिले का नाम रोशन किया है। उसकी इस कामयाबी से परिजनों और रिश्तेदारों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

क्षेत्र के गांव पुरबावा निवासी दीप्ति वर्मा पुत्री देवेंद्र सिंह ने यूपीपीएससी की परीक्षा में सामान्य वर्ग में 6 वीं रैंक पाकर गांव से लेकर जिले का नाम रोशन किया। दीप्ति वर्मा की प्रारंभिक शिक्षा 1 से 12 तक सेंट फ़िडलिस इंटर कॉलेज लखनऊ से हुई। हाईस्कूल सन 2011 में तो इंटरमीडिएट 2013 में किया। बीएससी लखनऊ विश्वविद्यालय से 2016 और फिर 2021 में एमए किया। दीप्ति ने बताया कि शुरू से ही उनका लक्ष्य प्रशासनिक सेवा में जाने का था।

दीप्ति वर्मा। अमृत विचार

उस पर माता-पिता का साथ मिला तो और हौसला बढ़ गया। शुरू में तो वह तीन बार से यूपीएससी का एग्जाम दिया पर सफलता नहीं मिल सकी। पिता देवेंद्र सिंह एलआईसी में काम करते है तो माता गृहिणी है जो अब लखनऊ में रह रहे है। बड़े भाई सुमित सिंह इंजीनियर हैं। गांव की बिटिया की सफलता पर प्रधान प्रतिनिधि विशाल वर्मा लल्लू ने खुशी का इजहार कर कहा कि आज गांव का नाम रोशन हो गया।

राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान दें विभाग

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में राजस्व एवं विकास कार्यों से सम्बंधित विभागों की सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर विभागीय योजनाओं की प्रगति बढ़ायी जाये। सभी विभाग राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान दें और निर्धारित समयसीमा में लक्ष्य पूरा करें। सभी विभाग अपने-अपने विभाग की रैकिंग पर विशेष ध्यान दें। बैठक मे जिलाधिकारी ने जल निगम ग्रामीण तथा पीडब्ल्यूडी सीडी 2 को धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते कार्य को निर्धारित समय सीमा मे पूर्ण करने के निर्देश दिये। आबकारी विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष कम प्रगति पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये प्रगति बढाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी वि0र0, प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, समस्त उपजिलाधिकारी व अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

जनगणना : पहली बार होगी स्वगणना की सुविधा

हरदोई, अमृत विचार। स्वामी विवेकानन्द सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता मे जनगणना कार्यों की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की द्वितीय बैठक आयोजित की गई। उन्होंने सम्बन्धित चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रगणकों व सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण के लिये उपयुक्त स्थानों का चयन तथा आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि पहली बार स्वगणना की सुविधा होगी जिसमे आप पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपना डेटा भर सकते है।

जन सनुवाई में डीएम ने सुनीं 115 शिकायतें

हरदोई, अमृत विचार। कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में सोमवार को कुल 115 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। जन सुनवाई मे आज 03 बच्चों को बाल सेवा योजना तथा एक महिला को निराश्रित महिला पेशंन योजना का लाभ दिलाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्टेट पूनम भाष्कर व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

चौपाल में दी गई सुरक्षा की जानकारी

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना बिलग्राम क्षेत्र के ग्राम रावण पुरवा में मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने हेतु चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को एकत्रित कर उन्हें उनकी सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों 112, 1090, 1930, 181, 108, 102 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें इन सेवाओं का आवश्यकता पड़ने पर सही तरीके से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। टीम द्वारा पंपलेट वितरित कर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिससे महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें और योजनाओं का लाभ उठा सकें।

बच्चों का शत-प्रतिशत कराएं नामाकंन

संवाददाता, हरदोई,

अमृत विचार। स्वामी विवेकानन्द सभागार में स्कूल चलो अभियान की आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये एक अप्रैल से प्रारम्भ होने वाले स्कूल चलो अभियान में गांव एवं कस्बे प्रत्येक घर का सर्वे कराकर के तीन वर्ष तक के बच्चों का आंगनबाड़ी केन्द्रों पर तथा छह वर्ष के बच्चों का कक्षा एक में प्राथमिक विद्यालयों में शतप्रतिशत नामाकंन कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने अधिक से अधिक बच्चों को प्राथमिक विद्यालयों में प्रवेश दिलाने के लिए जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधान एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थित में भव्य स्कूल चलो रैली एवं कार्यक्रमों का आयोजन करायें तथा सरकारी विद्यालयों में बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं से ग्रामवासियों को अवगत करायें और बच्चों को प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ाने के लिए प्रेरित करें। उन्होने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि स्कूल चलो अभियान का प्रचार-प्रसार समाचार पत्रों, स्थानीय मीडिया, सोशल मीडिया, पोस्टर, बैनर, प्रभातफेरी, सांस्कृतिक क्रार्यक्रमो एवं एलईडी वैन आदि के माध्यम से करायें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी वि0र0 प्रियंका सिंह, न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

बच्चों को दी पाठ्य पुस्तकें और सामग्री

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। संविलियन विद्यालय लच्छीपुर में वार्षिकोत्सव परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम प्रधान अभिनव त्रिपाठी मुन्ना ने इंचार्ज प्रधानाध्यापक प्रेमशील पाण्डेय ने परीक्षाफल और देकर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। नवीन सत्र की पाठ्य पुस्तकों का भी निः शुल्क वितरण किया गया। इस दौरान मनीराम, कमलेश, रामसंहाय, विमलेश कुमारी, सहायक अध्यापक प्रसूनलता, राजकुमार, त्रिपाठी, धीरज कुमार, सौरभ सिंह, आरती देवी, विमला, पूजा सहित अन्य उपस्थित रहे।

छात्रा को पुरस्कृत करते अधिकारी।

घर में अकेली बीए की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरदोई, अमृत विचार। बीए की छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सुरसा थाने के ढ़ोलिया निवासी कढ़िले और उसकी पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी थी, उसकी दो बेटी और एक बेटे राहुल में बड़ी बेटी की शादी हो चुकी थी, जबकि 17 वर्षीय छोटी बेटी अनामिका डा.हरीशंकर मिश्रा डिग्री कालेज में बीए (प्रथम वर्ष) की पढ़ाई कर रही थी। बताते है कि सोमवार की दोपहर राहुल कहीं गया हुआ था, घर में अनामिका अकेली थी, उसी बीच अनामिका ने मकान के ऊपरी कमरे में दुपट्टे से फांसी लगा ली। राहुल जब घर पहुंचा तरे बंद कमरे में बहन का शव फांसी पर लटकता हुआ देखा। सूचना देने पर पहुंची पुलिस ने दरवाज़ा तोड़ कर शव बाहर निकाल कर उसका पोस्टमार्टम कराया। पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

मंत्री ने विकास के दम पर फिर जीत का दावा किया

हरियावां, हरदोई, अमृत विचार। ब्लॉक परिसर में क्षेत्र पंचायत बैठक के दौरान नवनिर्मित बाबू श्रीश चंद्र अग्रवाल सभागार का उद्घाटन आबकारी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में उन्होंने विकास कार्यों का ब्योरा देते हुए आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर खुलकर समर्थन मांगा।

मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि उनके लिए हर कार्यकर्ता परिवार का सदस्य है, चाहे वह किसी पद पर हो या न हो। ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य व पूर्व जनप्रतिनिधि हमेशा उनके साथ खड़े रहते हैं। उन्होंने दावा किया कि पिछले दो वर्षों में उनकी विधानसभा में करीब 200 करोड़ रुपये की सड़कों का निर्माण कराया गया है, जिसमें कई सड़कों का चौड़ीकरण भी शामिल है। उन्होंने हरियावां ब्लॉक को जनपद के 19 ब्लॉकों में विकास के मामले में शीर्ष पर बताया। बैठक में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शशांक सिंह व पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजीव सिंह टेनी ने भी मंत्री के विकास कार्यों की सराहना करते हुए उनके पक्ष में माहौल बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख रामदयाल, मुनेन्द्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य मीना वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम प्रताप सिंह, पुनीत मिश्रा, कुलदीप मिश्रा, रामगोपाल वर्मा, रामसेवक वर्मा, कुलदीप तिवारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल। अमृत विचार

महिलाओं व बालिकाओं की रैली निकालकर किया जाए जागरूक

हरदोई, अमृत विचार। मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण तहत आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी अनुनय झा ने की।

जिलाधिकारी ने उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज 5.0 के अन्तर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की फोटो एवं वीडीओ प्रत्येक दिन मिशन शक्ति पोर्टल पर अपलोड करायें तथा कार्यक्रम का रोस्टर बनाकर प्रत्येक तहसील, ब्लाक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं/बालिकाओं की रैली निकालकर उन्हें जागरूक किया जायें। उन्होने कहा कि जिला पंचायत विभाग गांवों में महिला चौपाल का लगाकर महिलाओं को उनके हक बारे में बताये तथा शिक्षा विभाग सभी विद्यालयों में बालिका शौचालयों का निर्माण कराये और सभी सुविधायें उपलब्ध करायें।

आयोजन | स्कूल में आयोजित प्रदर्शनी में प्रतिभा, उचनात्मकता व वैज्ञानिक सोच का दिखा संगम

विज्ञान का रहा जलवा, बच्चों ने दिखाए कमाल

संवाददाता, पिहानी, हरदोई

अमृत विचार। ताहिर पब्लिक स्कूल में सोमवार को आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी ने पूरे क्षेत्र का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। विद्यालय परिसर में बच्चों की प्रतिभा, रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का ऐसा संगम देखने को मिला, जिसने हर किसी को प्रभावित कर दिया।

नन्हें वैज्ञानिकों ने अपने-अपने मॉडलों के जरिए बड़े-बड़े सिद्धांतों को बेहद सरल और रोचक अंदाज़ में प्रस्तुत किया। फेज़ अंसारी की जेसीबी मशीन, आराध्या अफीफा का डे एंड नाइट मॉडल, ज़िकरा खान का सर्कुलेटरी सिस्टम, फाइज़ा का ह्यूमन हार्ट, उमेहानी का हिंग जॉइंट और कामरान की लिफ्ट ने खूब सराहना बटोरी। वहीं बिलाल का वॉल्केनो, अर्नव का चंद्रयान, अभय सिंह का ट्रैक्टर, समर के टाइप्स ऑफ मोशन, संध्या का वाटर हार्वेस्टिंग मॉडल, लारेब व हमज़ा का रोबोट और कोमल यादव का एक्सक्रेटरी सिस्टम दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। प्रदर्शनी के दौरान बच्चों ने न सिर्फ मॉडल प्रस्तुत किए, बल्कि उनके पीछे के वैज्ञानिक सिद्धांतों को भी आत्मविश्वास के साथ समझाया, जिससे उपस्थित अभिभावक और शिक्षकगण बेहद प्रभावित नजर आए। इसी उत्साहपूर्ण माहौल में विद्यालय द्वारा फाइनल ईयर परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया। अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे पूरे परिसर में खुशी और गर्व का माहौल बन गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल प्रवीण पाण्डेय, प्रबंधक सैफ ज़ैदी, शौज़ब ज़ैदी, नाजिया ज़ैदी, समर ज़ैदी सहित शिक्षक संजीव, गीता, शाकरीन, एकता, सविता, आरिफा व कृतिका मौजूद रहीं। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में नवाचार, आत्मविश्वास और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। यह विज्ञान प्रदर्शनी न सिर्फ एक कार्यक्रम रही, बल्कि बच्चों की प्रतिभा और भविष्य की उड़ान का मंच साबित हुई।

प्रदर्शनी में विभिन्न मॉडलों को प्रस्तुत करते बच्चे।

सेवानिवृत्त होने पर प्रधानाध्यापिका को दी भावभीनी विदाई

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। प्राथमिक विद्यालय मोहिउद्दीनपुर के प्रधानाध्यापिका चंन्द्रावती के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सोमवार को सेवानिवृत होने पर चन्द्रावती ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में 28 वर्ष उनका योगदान रहा। उन्होंने शेखवापुर, तेंदुआ, गंगारामपुर, बरहुवां के बाद प्रमोशन मिलने पर प्राथमिक विद्यालय मोहिउद्दीनपुर में 2009 से कार्यत्त रही। उनके विदाई समारोह में पूरे स्टॉफ और गणमान्य लोगों ने सम्मानित किया गया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य दीपिका ने विद्यालय के बच्चों को रिजल्ट कार्ड व पुरुष्कार दिए। इस अवसर पर पूर्व सभासद पूर्ति मिश्रा, सभासद सगीर अहमद, कप्तान सिंह, एआरपी विवेक कुमार, अवधेश सिंह, राजेश्वरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

श्री श्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। श्री खाटू श्याम संकीर्तन समिति के द्वारा 'आपके शहर में मुहिम : गली-गली ऐलान होना चाहिए, हर जगह बाबा का गुणगान होना चाहिए' के तत्वाधान में श्री खाटू श्याम संकीर्तन समिति का मासिक कीर्तन शहर के पावन भजन सांडी रोड स्थित एक हॉस्पिटल पर संपन्न हुआ।

भजन गायक सीतापुर के भजन गायक शिवांशु ने सजा दो घर को गुलशन सा, अवध में राम आए हैं, मेरे सरकार आए हैं, लगे कुटिया भी दुल्हन सी, अवध में राम आए हैं...। लखनऊ की अनुष्का मिश्रा ने तीन बाण के कलाधारी, कला मुझे भी दिखा दे तू, जैसे दर्शन सबको देता, वैसे मुझे करा दे तू, अब मैं खड़ा हूं द्वार तुम्हारे, दोनों हाथ जोड़ के, इलेने आ जा खाटू वाले, रींगस के उस मोड़ पै...। दूसरे दिन खाटू श्याम संकीर्तन समिति का भंडारा सिनेमा चौराहा मोनी बाबा मंदिर पर आयोजित किया गया। इसमें जरूरतमंदों ने भंडारा ग्रहण किया इस मौके पर श्याम सेवक आर्यन अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, अपूर्व गुप्ता सहित अनेक श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

21वें श्री श्याम मासिक संकीर्तन में भजन प्रस्तुत करती गायिका।

न्यूज ब्रीफ

पिसावां में दो बहनों पर मधुमक्खियों का हमला

सीतापुर, अमृत विचार। पिसावां इलाके में खेत से घर लौट रही दो सगी बहनों पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। इस हमले में दोनों बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सत्य कुमार यादव की भतीजियां खेत से वापस आ रही थीं, तभी अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उन्हें घेर लिया। बच्चियों की चीख-पुकार सुनकर उनके पिता उन्हें बचाने दौड़े, तो मधुमक्खियों ने उन पर भी हमला कर दिया।

रामपुर भूड़ा में अजगर दिखने से दहशत

मिश्रिख, सीतापुर। मिश्रिख क्षेत्र के ग्राम रामपुर भूड़ा में एक अजगर दिखने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। बताते हैं कि दोपहर गांव निवासी कुशेंद्र सिंह जब खेतों की ओर गए थे, तब उन्हें राजेश पुत्र रामलाल के खेत की मेड़ के पास झाड़ियों में एक बड़ा अजगर दिखाई दिया। ग्रामीण सर्वजीत यादव, रामगोपाल, योगेंद्र और रामरूप समेत अन्य ग्रामीणों ने मामले में वन विभाग को अवगत करा दिया है।

विद्यालय में हॉल का किया शिलान्यास

मछरेहटा, सीतापुर। डेंगरा मढ़ी स्थित सुधा सिंह शिप्रा शैक्षिक स्कूल में विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि से स्वीकृत हॉल का शिलान्यास विधायक रामकृष्ण भार्गव ने किया। विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के स्वसंचालित विद्यालयों की समस्याओं का निस्तारण उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने छात्रों से संवाद कर उनकी समस्याओं को भी जाना। विद्यालय की प्रबंधक सुधा सिंह ने हॉल निर्माण के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।

पेड़ से लटके मिले बालक व युवक के शव, जांच शुरू

मछरेहटा व हरगांव की घटनाएं, हरगांव में पीड़ित पक्ष का हंगामा

मछरेहटा/हरगांव, सीतापुर

अमृत विचार। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में युवक और एक बालक के शव पेड़ से लटके हुए मिले। दोनों ही मामलों में पीड़ित पक्षों ने हत्या किये जाने का आरोप लगाया।

रामजीवन।

हरगांव में परिजनों ने खासा हंगामा भी काटा। पुलिस दोनों ही मामलों में छानबीन कर रही है।

हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम नौनेर के बाहर 22 वर्षीय युवक का शव आम के पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान कैंथाभारी निवासी रामजीवन के रूप में हुई, परिवार के लोगों के आ जाने पर पुलिस पूछताछ में पता चला कि वो लापता था। भाई जीतू के मुताबिक, रामजीवन तीन दिनों से लापता था। आरोप लगाया है कि रामजीवन का एक युवती से प्रेम प्रसंग था। उसी के परिवार ने हत्या कर शव पेड़ से लटका दिया है।

बकरी चराने गया बालक मृत मिला: मछरेहटा थाना क्षेत्र के ग्राम बीहट बीरमपुर निवासी 12 वर्षीय अवधेश पुत्र पप्पू बकरी चराने निकला था। पप्पू राजवंशी के मुताबिक, काफी देर तक वापसी न होने पर जब अवधेश की तलाश की तो उसका शव बाग में फंदे से लटका मिला। थाना प्रभारी प्रभात गुप्ता ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह स्पष्ट हो सकेगी।

घटनास्थल का मौका-मुआयना करती पुलिस। अमृत विचार

कब्र से शव निकालने के दौरान विधिक कार्रवाई करती पुलिस। अमृत विचार

कब्र से निकाला गया किशोरी का शव

सीतापुर, अमृत विचार। रामकोट थाना क्षेत्र में किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव को कब्र से बाहर निकलवाया। बाद में उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बता दें कि किशोरी दामिनी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इसी के बाद मृतका की मां अनीता ने प्रेमी पर गंभीर आरोप लगाते हुए तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। साक्ष्यों के अभाव को देखते हुए पुलिस ने डीएम से शव निकलवाने की अनुमति मांगी थी। सोमवार को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक पीयूष सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फैमिली आईडी के लिए 10 तक लगेंगे शिविर

सीतापुर, अमृत विचार। शासन की एक परिवार-एक पहचान योजना को गति देने के लिए जिले में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी तिलक सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार, आगामी 10 अप्रैल तक सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन कैंपों का मुख्य उद्देश्य उन परिवारों की फैमिली आईडी बनाना है जिनके पास राशन कार्ड नहीं है। जिले में अब फैमिली आईडी का लक्ष्य 1.45 लाख से बढ़ाकर 2.10 लाख कर दिया गया है। इसमें मनरेगा श्रमिक, स्कूली बच्चे और श्रम विभाग में पंजीकृत कामगार शामिल हैं। यदि लाभार्थी 10 अप्रैल तक अपनी आईडी नहीं बनवाते हैं, तो आगामी वर्ष में उन्हें मिलने वाले सरकारी लाभ रुक सकते हैं।

प्रतिभाशाली छात्रों को मिले पुरस्कार

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर

अमृत विचार। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय हरिहरपुर में सोमवार को वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने स्वागत गीत, वंदना और कॉमेडी के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि श्री महेंद्र कुमार शास्त्री इंटर कॉलेज के संरक्षक मिथिलेश बाजपेई ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि युवा शिक्षकों की मेहनत से परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर बदली है। विशिष्ट अतिथि अरविंद कुमार अवस्थी व प्रधानाध्यापक प्रशांत वर्मा ने राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में चयनित छात्र विकास बाबू, रागिनी, रेशमा व खुशबू को विशेष रूप से सम्मानित किया। शैक्षणिक सत्र में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले नेहा, प्रिंस, शिप्रा, कामिनी, शुभम, चांदनी, नीति सहित अन्य बच्चों को पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में पारुल, आयुष, राशि, रागिनी व रेशम का प्रदर्शन सराहनीय रहा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार मौर्य, अर्चना कनौजिया, अंकित वर्मा व संदीप वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर कई लोग रहे।

वार्षिकोत्सव में उपस्थित मेधावी और अतिथिगण। अमृत विचार

खूनी संघर्ष में नौ लोग घायल, मुकदमा दर्ज

मारपीट

संवाददाता खैराबाद, सीतापुर

अमृत विचार। खैराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मुलायमपुर में देर शाम पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के कुल नौ लोग घायल हो गए, गंभीर रूप से घायल सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों ओर से तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताते हैं कि मुलायमपुर गांव में विवाद तब शुरू हुआ जब गांव का सचिन देर शाम कूड़ा फेंकने बाग की ओर जा रहा था। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद मकरंद रंजन और उसके साथियों ने सचिन को घेरकर मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते लाठी-डंडे चलने लगे। इधर, घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गयी।

मुलायमपुर में हुए खूनी संघर्ष में सचिन, मकरंद, दत्यपाल, पिंटू, रजनीश, सुरेश, संदीप, अमर सिंह और सुशील घायल हुए हैं। एसओ खैराबाद एके सिंह के मुताबिक जांच में घटना के पीछे पुरानी रंजिश सामने आई है। क्रास केस दर्ज कर लिया गया है।

महिलाओं को कानूनी अधिकार की दी जानकारी

महिलाओं को जागरूक करती विशेष टीम। अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार। शक्ति का संकल्प हमारा, भयमुक्त समाज हो सारा के ध्येय वाक्य के साथ जनपद में मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण का आगाज हुआ। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में पुलिस ने बाजारों, सार्वजनिक स्थानों व ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति सजग किया। इस दौरान 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन और 112 जैसे आपातकालीन नंबरों के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया।

श्रद्धा से मनाया गया महावीर जन्म कल्याणक

महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव में पूजन-अर्चन करते श्रद्धालु।

सीतापुर, अमृत विचार। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के पावन अवसर पर आयोजित महोत्सव में जैन समाज ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। बच्चों ने फैंसी ड्रेस, भक्ति नृत्य, नाटिका और भाषण के माध्यम से भगवान महावीर के सिद्धांतों को जीवंत किया। जिला जज आशीष जैन, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रेखा गोयल एवं मदर्स प्राइड की प्रिंसिपल मोनिका आनंद उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान आरती थाल सजाओ, मेहंदी और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। उधर, महावीर पार्क स्थित मान स्तंभ में भगवान महावीर का जलाभिषेक और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। दोपहर में शहर के मुख्य मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें पूरा जैन समाज शामिल हुआ।

सिधौली-महमूदाबाद मार्ग पर टंडई नहर के पास अनियंत्रित पिकअप। अमृत विचार

बेकाबू हुई पिकअप, बाल-बाल बचे राहगीर

सिधौली, सीतापुर। सिधौली-महमूदाबाद मार्ग पर टंडई नहर पुल के पास उस वक्त हड़कंप मच गया, जब ओवरलोड होने के कारण एक पिकअप अचानक असंतुलित होकर दो पहियों पर खड़ी हो गई। गनीमत रही कि पिकअप पलटी नहीं, जिससे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बताते हैं कि संपर्क मार्ग से आ रही अत्यधिक भार से लदी पिकअप जैसे ही मुख्य मार्ग पर पहुंची, उसका अगला हिस्सा हवा में उठ गया। वाहन को इस हालत में देख राहगीरों और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पिकअप के बीच सड़क पर इस तरह खड़े होने से मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में धड़ल्ले से दौड़ रहे ओवरलोड वाहन आए दिन हादसों को दावत दे रहे हैं, लेकिन प्रशासन इस पर अंकुश लगाने में नाकाम दिख रहा है।

चिकित्सक नदारद मरीज परेशान

साण्डा, सीतापुर। विकासखंड सकरन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी साण्डा में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली की तस्वीर सामने आई है। अस्पताल परिसर से डॉक्टरों के अनुपस्थित होने के कारण दूर-दराज से आए मरीज और उनके तीमारदार जमीन पर बैठने को मजबूर मिले। सुबह दस बजे का समय था, अस्पताल की ओपीडी में कक्ष संख्या 15 और 16 पूरी तरह खाली पड़े मिले। तीमारदार अपने मासूम बच्चों के साथ ओपीडी के बाहर फर्श पर बैठकर डॉक्टर के आने की राह ताकते नजर आए। अस्पताल में इंतजार करने के बाद मरीजों में स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रति भारी रोष देखा गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या अक्सर रहती है।

तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग, किशोर गंभीर

वारदात

संवाददाता हरगांव, सीतापुर

अमृत विचार। थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत हैदरपुर के मजरा सुजौलापुर में बीती रात एक तिलक समारोह के दौरान अवैध असलहे से हुई फायरिंग में 13 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव निवासी रामसेवक कनौजिया के मुताबिक, उनके घर में तिलक का कार्यक्रम चल रहा था। आरोप है कि इसी दौरान वहां मौजूद अनुराग पांडेय और लालू यादव अवैध असलहे को एक-दूसरे से छीनने लगे। इसी छीना-झपटी में अचानक गोली चल गई, जो वहां मौजूद हिमांशु (13 वर्ष) की कमर में जा लगी। गोली लगने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन आनन-फानन में घायल किशोर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी हरगांव ले गए।

घायल हिमांशु।

किशोर की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीतापुर में भी स्थिति नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए लखनऊ भेज दिया है।

नपा के पांच नामित सदस्यों ने ली शपथ

बिसवां, सीतापुर। नगर पालिका परिषद बिसवां के लिए शासन द्वारा नामित पांच सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह कस्बे के एक निजी होटल में संपन्न हुआ। उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने सभी नामित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राज्यपाल द्वारा मनोनीत सदस्यों में विजय वर्मा, रश्मि जैन, केके मिश्रा, मनोज कुमार राजवंशी और पंकज गुप्ता शामिल हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि अब नगर पालिका में सदस्यों की कुल संख्या 30 हो गई है, जिससे विकास कार्यों में और गति आएगी। अधिशासी अधिकारी नीलम चौधरी ने आभार जताया। इस दौरान करुणा शंकर पटेल, राकेश वर्मा, सौरभ शुक्ला मौजूद रहे।

कौशल विकास केंद्र के नाम पर 2.40 लाख ठगे

मिश्रिख, सीतापुर। कस्बे में कौशल विकास और आधार सेंटर दिलाने के नाम पर दो युवकों से लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। केशवामऊ निवासी नीरज कुमार और रामकोट के बरगदहा निवासी अखिलेश ने बताया मिश्रिख के रामबाग निवासी नितेश कुमार ने उन्हें सेंटर दिलाने का झांसा दिया था। इसके बदले नितेश ने अपने और अपने रिश्तेदारों प्रवीण व विकास गौरव के बैंक खातों में ऑनलाइन माध्यम से 2.40 लाख रुपये मंगवा लिए। काफी समय बीतने के बाद भी जब सेंटर नहीं मिले तो पीड़ितों ने पैसे वापस मांगे। नितेश पहले तो पैसे लौटाने का आश्वासन देता रहा, लेकिन बाद में टालमटोल करने लगा। बाद में पीड़ितों ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई।

सिधौली में निकली महावीर जयंती शोभायात्रा

सिधौली, सीतापुर। भगवान महावीर स्वामी जयंती के अवसर पर सिधौली कस्बे में जैन समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा तहसील रोड, मिश्रिख रोड, नेशनल हाईवे, विसवां चौराहा और महमूदाबाद चौराहा होते हुए वापस मंदिर पहुंची। इससे पूर्व मंदिर में प्रभु का अभिषेक किया गया। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। जगह-जगह स्थानीय नागरिकों ने शोभायात्रा का स्वागत किया और पुष्प वर्षा कर अपनी आस्था प्रकट की।

पुरस्कार मिलते ही खिले मेधावियों के चेहरे

मछरेहटा, सीतापुर। बीरमपुर स्थित आरजेजे एजूकेशन प्वाइंट में वार्षिक सत्र 2025-26 का परीक्षाफल घोषित किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। परीक्षा परिणाम में कक्षा 8 के छात्र अभिनव राजपूत ने विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, कक्षा 8 की छात्रा अंतरिका मिश्रा को उनकी प्रतिभा के लिए स्टूडेंट ऑफ द ईयर के खिताब से नवाजा गया। विद्यालय में सर्वाधिक उपस्थिति के लिए भास्कर मिश्रा व अभिनव राजपूत को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जगदीश जायसवाल, पूनम जायसवाल, अरूणिमा श्रीवास्तव, रूपेश प्रिंस आदि मौजूद रहे।

हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से 5 बीघा गन्ना राख

पिसावां, सीतापुर। जसवंतपुर गांव में हाई वोल्टेज लाइन की चिंगारी से करीब पांच बीघा गन्ना जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की तत्परता से गेहूं की सैकड़ों बीघा फसल जलने से बच गई। बबुर्दी निवासी किसान पंकज शुक्ला के मुताबिक उनका खेत जसवंतपुर गांव में है। सुबह हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी ने फसल को चपेट में ले लिया। घटना की सूचना पर लेखपाल राम सागर ने नुकसान का आंकलन किया। नेरी उपकेंद्र के जेई जगदीश कुमार ने बताया कि लाइनमैन को भेजकर जांच कराई जा रही है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

पीसीएस परीक्षा: पूर्णिमा व अंशू बनीं अधिकारी

सीतापुर, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीसीएस) के घोषित परिणामों में सीतापुर की बेटियों ने सफलता का परचम लहराया है। मोहम्मदपुर कलां की पूर्णिमा सिंह यादव ने 96वीं रैंक हासिल कर असिस्टेंट कमिश्नर का पद प्राप्त किया है, वहीं अटरिया के ससेना गांव की अंशू सिंह ने पहले ही प्रयास में 99वीं रैंक पाकर वाणिज्य कर अधिकारी बनकर जिले का नाम रोशन किया है। दोनों ही बेटियों की इस उपलब्धि से जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में खुशी की लहर है।

कमलापुर रजबहा सूखा, फसलें मुरझाईं

कमलापुर, सीतापुर। कमलापुर रजबहा में लंबे समय से पानी न आने के कारण किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। नहर के सूखे होने से फसलों को पर्याप्त नमी नहीं मिल पा रही है, जिससे उनके सूखने का खतरा मंडराने लगा है। क्षेत्रीय किसान पप्पू ने बताया कि सिंचाई के लिए वे पूरी तरह रजबहा के पानी पर निर्भर हैं। पानी के अभाव में मेहनत से तैयार की गई फसलें दम तोड़ रही हैं। किसानों का आरोप है कि जब वे इस समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों को फोन मिलाते हैं, तो जिम्मेदार फोन उठाना तक मुनासिब नहीं समझते। किसानों ने विभाग से जल्द से जल्द रजबहा में पानी छोड़ने की मांग की है ताकि समय रहते फसलों को बचाया जा सके और क्षेत्र के अन्नदाताओं को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके जिससे उन्हें राहत मिले।

कब्रिस्तान की जमीन पर बनी मस्जिद हटी

- रात तीन बजे शुरू हुई कार्रवाई, छह बुलडोजरों ने हटाया मस्जिद का मलबा
- 12 थानों का पुलिस बल तैनात, पीएसी भी रही मौजूद, एडीएम की अगुवाई में हुई कार्रवाई

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर

अमृत विचार। लहरपुर तहसील अंतर्गत नयागांव बेहटी में प्रशासन ने देर रात कब्रिस्तान की जमीन पर बनी मस्जिद को हटाया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजरों ने एडीएम की उपस्थिति में बलबे को हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान 12 थानों की पुलिस और पीएसी मौजूद रही। एडीएम नीतीश सिंह के मुताबिक, राजस्व अभिलेखों में कब्रिस्तान में दर्ज भूमि पर नियमों के विपरीत मस्जिद का निर्माण कराया गया था। मामले को लेकर निर्माणकर्ता हाईकोर्ट चले गए, न्यायालय ने अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए। जिसको लेकर डीएम कोर्ट से भी बेदखली का आदेश दिया गया, आदेशों के अनुपालन में अवैध निर्माण के रूप में बनाई गई मस्जिद को हटाया गया। इस दौरान एडीएम नीतीश कुमार सिंह, एएसपी आलोक सिंह, एसडीएम समेत 2 प्लाटून पीएसी, 18 थाना प्रभारी, 35 सब इंस्पेक्टर और करीब 250 महिला-पुरुष सिपाही सुरक्षा में तैनात रहे।

नयागांव बेहटी में प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान मौजूद एडीएम व एएसपी। अमृत विचार

तीन घंटे में कार्रवाई पूरी

प्रशासनिक टीम तड़के 3 बजे ही 5 बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंच गई थी। सुबह 5 बजे ध्वस्तीकरण शुरू हुआ और 8 बजे तक मस्जिद को ढहाकर मलबे सहित हटा दिया गया।

12 साल पुराना था विवाद

मस्जिद का निर्माण करीब 12 साल पहले किया गया था। ग्राम सभा की शिकायत पर तहसीलदार कोर्ट में वाद दायर हुआ था। यूपी राजस्व संहिता की धारा 67 के तहत नोटिस के बाद भी अतिक्रमण न हटने पर यह कार्रवाई की गई।

लखनऊ के शातिरों के निशाने पर बैटरियां गैंग के चार आरोपियों को भेजा गया जेल

कसता शिकंजा

- नक्खास की बाजार में धड़ल्ले से बिकता था चोरी का माल

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। लखनऊ के हिस्ट्रीशीटरों के निशाने पर सीतापुर के वाहनों की बैटरियां है। एसओजी की धरपकड़ में चार आरोपियों के जेल जाने के बाद अन्य की तलाश में पुलिस दो जिलों में शातिरों की टोह में है।

बता दें कि बीते दिन एसओजी ने दबिश देकर लखनऊ में रह रहे चार शातिर मुस्तकीम, शहजाद, फैजल अब्बास और मोहम्मद शबी उर्फ हैदर को गिरफ्तार किया, इनके कब्जे से चुराई गई 12 बैटरियां, एक कार सहित अन्य सामान बरामद हुई। कसते शिकंजे के बीच मालुम चला कि पकड़ा गया लखनऊ का मुस्तकीम कबाड़ी है। बताते हैं कि शातिरों का गिरोह लखनऊ के इस कबाड़ी को अपना माल बेचता रहा है। ऐसे में मुस्तकीम बैटरियां और कार का माल अलग-अलग करके उसे नक्खास और यहियागंज की बाजार में बेचता था।

शातिरों के निशाने पर था अयोध्या और बरेली

हिस्ट्रीशीटर शातिरों ने पहले लखनऊ को अपना निशाना बनाया। इसके बाद बाराबंकी और फिर हरदोई होते हुए सुल्तानपुर और बरेली में भी कई चोरियां कीं। पिछले कुछ समय से हिस्ट्रीशीटरों के निशाने पर अयोध्या धाम में आने वाले पर्यटकों की गाड़ियां थीं।

नियुक्ति प्रमाण-पत्र देते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर। अमृत विचार

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को मिले नियुक्ति पत्र

सीतापुर, अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के बाद जनपद में भी आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया को मूर्त रूप दिया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. और मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या ने 10 नवचयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। जिले के 20 ब्लॉकों ऐलिया, बेहटा, बिसवां, महोली, सिधौली समेत अन्य कुल 30 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और 1408 सहायिकाओं की भर्ती की गई है। कलेक्ट्रेट में खैराबाद की शशिप्रभा, अंजली, दीपांशी वर्मा, सर्वेश कुमारी, गीता और शहर क्षेत्र की सरिता कुमारी, लक्ष्मी, राधना, रेशमी देवी व सूफिया को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इस दौरान जनपद में बाल विकास विभाग के बुनियादी ढांचे को भी मजबूती मिली। रामपुर मथुरा, मछरेहटा, खैराबाद, गोंदलामऊ सहित 8 परियोजना कार्यालयों और तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास हुआ।

निफ्ट से हुआ एमओयू | **कलेक्ट्रेट में हुई जिला उद्योग एवं व्यापार बंधु की संयुक्त बैठक**

सीतापुर की दरी को मिलेगा ग्लोबल बाजार

संवाददाता सीतापुर

अमृत विचार। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला उद्योग एवं व्यापार बंधु की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद के पारंपरिक दरी उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। स्थानीय कारीगरों को आधुनिक तकनीक और डिजाइन से जोड़ने के लिए जिलाधिकारी ने एनआईएफटी के ज्वाइंट डायरेक्टर अमितवा चौधरी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी के विशेषज्ञ स्थानीय शिल्पियों को डिजाइन नवाचार, आधुनिक शिल्प तकनीक और कौशल विकास का प्रशिक्षण देंगे। बैठक में डीएम ने स्पष्ट किया कि 'एक जनपद एक उत्पाद' (ओडीओपी) के तहत दरी उद्योग को सुदृढ़ बनाना और कारीगरों की आय बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने ओडीओपी-सीएफसी के माध्यम से अनुसंधान और प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी और उद्यमी मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर। अमृत विचार

डीएम की चौखट पर टूटी बुढ़ापे की लाठी, भटक रहीं विधवाएं

राही (रायबरेली)

अमृत विचार। समाज कल्याण विभाग केअजब गजब निराले खेल हैं। कहीं बुजुर्गों की बुढ़ापे की लाठी छिन गई है तो कहीं विधवाओं को सरकार से मिलने वाली मदद बंद हो गई है। ऐसे में वे कार्यालयों व बैंकों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं किन्तु उनकी समस्या का निदान नहीं हो पाया है। यह समस्या किसी

एक गांव की नहीं है बल्कि पूरे ब्लाक की है। बेलागुशीशी निवासी शिवकली पत्नी स्व. जगन्नाथ को वृद्धा पेंशन मिलती थी जो पिछले तीन साल से बंद है। वहीं की निवासी राजकुमारी पत्नी स्व. वीरेंद्र सिंह को विधवा पेंशन मिलती थी, जो पिछले तीस माह से बंद है। इसी तरह से सीता पत्नी स्व. तेजभान को विधवा पेंशन मिलती थी। जो पिछले दो साल से नहीं मिल रही है। यह तो सिर्फ बानगी मात्र है।

वहीं शिवेंद्र सिंह, प्रभारी एडीओ, समाज कल्याण विभाग का कहना है कि जिन लोगों की पेंशन नहीं मिल रही है वे ई-केवाईसी कराएं। वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थी जिला समाज कल्याण और विधवा पेंशन के लाभार्थी जिला प्रोबेशन अधिकारी के यहां अपना ई-केवाईसी कराएं।

लंबे लगे भीषण जाम में फंसीं अर्थियां, बदहाल सड़क पर थमी जिंदगी

डलमऊ (रायबरेली)

समस्या

- मुराईबाग से गंगा नदी के श्मशान घाट तक जाने में यात्रियों को लगता है दो घंटे का वक्त

अमृत विचार। डलमऊ क्षेत्र में इन दिनों भीषण जाम ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। सोमवार को गंगा पुल के पास वाहनों की घंटों लंबी कतारें लगी रही। इसके अलावां मुराईबाग से लेकर चारों दिशाओं में कई किलोमीटर तक जाम की स्थिति बनी रही है। सबसे गंभीर स्थिति मुराईबाग से गंगा के श्मशान घाट तक जाने के लिए तीन किलोमीटर का सफर तय करने में लोगों को करीब दो घंटे का समय लग रहा है। यह मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो चुका है और बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आवागमन अब बेहद कठिन होता जा रहा है।

कस्बेवासी आदित्य कौशल, जितेंद्र कुमार पटवा, सुधीर जायसवाल, टेशू दीक्षित आदि का कहना है कि इसी रास्ते से शवों को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट तक ले जाया जाता है, लेकिन सड़क की बदहाली और जाम के कारण अंतिम यात्रा भी प्रभावित हो रही है। यह

डलमऊ कस्बे में लगे जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

जाम लगने के कारण गंगा तट के पुल पर खड़े वाहन। अमृत विचार

स्थिति न सिर्फ असुविधाजनक है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को भी आहत करने वाली है। स्थानीय लोगों में प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या के समाधान की दिशा में अब तक कोई कारगर कदम नहीं उठाए गए हैं। कस्बे के शुभम जायसवाल, राजेंद्र वैश्य, मुकेश सोनी, मनोज सोनकर, बिनोद कुमार शुक्ला आदि ने तहसील प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क मरम्मत और यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

न्यूज ब्रीफ

पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

हरचंदपुर : थाना क्षेत्र के टांडा गांव के निकट तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के नेहरू नगर निवासी प्रशस्त शुक्ला पुत्र वीरेंद्र शुक्ला किसी काम से टांडा गए थे। वहां रायबरेली-लखनऊ हाईवे पर खड़े थे, तभी तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर मार दी। इससे उनकी मौत हो गई। घटना में प्रशस्त को टक्कर मारने के बाद पिकअप दूसरे वाहन से टकरा गया। इसमें पिकअप चालक भी घायल हो गया। थानाध्यक्ष हरकेश सिंह ने बताया कि वाहन को कब्जे में ले लिया गया है।

महिलाओं को किया गया प्रेरित

रायबरेली : गदागंज थाना क्षेत्र के कुरौली बुधकर गांव में मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। एसआई मो. मुकीम और कल्पना यादव ने महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति के बारे में बताते हुए सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि किसी को डरने की जरूरत नहीं हैं। आत्मनिर्भर बनकर परिवार और समाज को मजबूत करें। थानाध्यक्ष दयानन्द तिवारी ने टोल फ्री नंबर 1090, 1930, 112, 108, 101, 181, 1076 नंबर के बारे में जानकारी और उपयोगिता के बारे में बताया। कहा कि पुलिस आप की सेवा में तत्पर हैं। सरकारी योजनाओं वृद्धा पेंशन, मुख्यमंत्री सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में विस्तार से बताते हुए साइबर क्राइम की जानकारी दी गई उन्होंने महिलाओं को अपने घर के पुरुषो को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहने के लिए प्रेरित करने को कहा। इस मौके पर श्रीकांत, अनामिका आदि मौजूद रहे।

मेडल से मेधावियों का हुआ सम्मान

सरेनी : धूरेमऊ-सरेनी रोड स्थित ब्राइट कैरियर पब्लिक स्कूल में सोमवार को वार्षिकोत्सव एवं एनुअल रिजल्ट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। वार्षिक परीक्षा परिणाम प्रथम श्रेणी के पीहू, अर्नवी सिंह, अभिषेक कुमार, अंश पाल, एंजेल, सौरभ तिवारी, वेदिका सैनी, अनुष्का एवं सृष्टि तिवारी को गोल्ड मेडल व द्वितीय श्रेणी में प्रतीक सैनी, आरविक, आकृति यादव शौर्य तिवारी, सौम्या साहू, प्रियांशी, आदर्श शुक्ला, प्रीत कुशवाहा, अनन्या द्विवेदी, अंशिका व कल्याणी शुक्ला को सिल्वर मेडल एवं तृतीय श्रेणी में पल्लवी, आयांश यादव, इरम, राज कुशवाहा, आकर्ष, आशीष कुमार, शिवांशी तिवारी, अंश द्विवेदी को ब्रांज मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य गौरव तिवारी ने कहा कि ठोस शिक्षा प्रगति का आधार है। वहीं प्रबंधक अनूप तिवारी ने विद्यार्थियों को अनुशासन व परिश्रम के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

निर्माणाधीन टंकी से गिरकर किशोर की मौत

ठेकेदार पर नाबालिगों से काम कराने का आरोप, जल निगम एक्सईएन ने आरोपों से किया इन्कार

महराजगंज (रायबरेली)

अमृत विचार। विकास खंड महराजगंज के ठाकुरपुर मजरे कैडावा गांव में एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहां पिछले साढ़े तीन साल से अधूरी पड़ी पानी की टंकी के निर्माण कार्य के दौरान रविवार शाम एक 14 वर्षीय किशोर की गिरकर मौत हो गई। आरोप है कि कार्यदाई संस्था के कर्मचारियों द्वारा गांव के मासूम बच्चों को महज 200 रुपये की दिहाड़ी का लालच देकर उससे काम कराया जा रहा था। वहीं जल निगम एक्सईएन ने आरोपों को निराधार बताया है।

जानकारी के मुताबिक रविवार शाम उक्त गांव निवासी रामनिवास का 14 वर्षीय बेटा कुनाल पाइप लेकर निर्माणाधीन टंकी पर चढ़ रहा था। ऊपर पहुंचते ही उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे लगी बांस की शटरिंग से टकराते हुए जमीन पर आ गिरा। हादसे के समय पास के खेत में सरसों काट रहे राजाराम और मवेशी चरा रहे ऋषिकेश ने उसे गिरते देखा तो शोर मचाया तो आसपास लोगों का मजमा लग गया। आनन-फानन में उसे लेकर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचे, जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करके जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन हालत गंभीर देख एक निजी अस्पताल लेकर चले गए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कुनाल की फाइल फोटो।

निर्माणाधीन पानी की टंकी।

मृतक की मां मीना कुमारी ने कोतवाली पुलिस में तहरीर देते हुए बताया कि टंकी का निर्माण करा रही फर्म के कर्मचारी गांव के नाबालिग बच्चों को 200 रुपये का लालच देकर काम पर बुलाते थे। गांव वालों का कहना है कि चार दिन पहले मेरठ से आए कुछ कर्मचारियों ने स्थानीय बच्चों को नट-बोल्ट कसने और भारी पाइप ऊपर चढ़ाने के काम में लगा दिया था। वहीं हादसे से लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

कुनाल कंपोजिट विद्यालय कैडावा में कक्षा 5 का छात्र था। उसके पिता राम निवास की मौत पहले ही कोविड के दौरान हो गई थी। घर में अब उसकी मां और एक मानसिक रूप से दिव्यांग भाई नितिन ही बचे हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब होने के कारण कुनाल चंद रुपयों के लालच में काम करने चला गया था। उसका बड़ा भाई नीरज, जो प्रदेश से बाहर रहता था, हादसे की खबर सुनकर गांव पहुंचा है।

विधायक ने जताई नाराजगी, कार्रवाई की मांग

बछरावां विधायक श्यामसुंदर भारती भी उसी गांव के रहने वाले हैं। घटना की जानकारी होने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए लापरवाह फर्म संचालकों के खिलाफ एफआईआर और कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि गांव के लोगों ने बताया कि छोटे बच्चों से पाइप और नट-बोल्ट कसने का काम कराया जा रहा था। यह घोर लापरवाही और अपराध है। मैंने इस संबंध में उच्चाधिकारियों से शिकायत की है।

> बच्चों से काम करवाये जाने की बात गलत है। मामले की जांच कारवाई जा रही है। यदि सही मिलता है तो संबंधित खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> -सफीकुर्रहमान, एक्सईन जल निगम, ग्रामीण।

ब्लूमिंग चाइल्ड पब्लिक स्कूल में परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

लालगंज (रायबरेली)। ब्लूमिंग चाइल्ड पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य ने बताया कि नर्सरी में बाल्हे मऊ के विकास की पुत्री अदिति ने 94.85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही ऐहार के चंदन त्रिवेदी के पुत्र अश्विन त्रिवेदी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा रामनगर के अमित कुमार त्रिपाठी की पुत्री रक्षिता त्रिपाठी ने 88.85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर कब्जा जमाया। इस दौरान प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया।

पुरस्कृत किए गए बच्चे।

एनटीपीसी में टीबी मरीजों को बांटी गई पोषण किट

ऊंचाहार, अमृत विचार। एनटीपीसी ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत ऊंचाहार क्षेत्र के सौ क्षय रोग (टीबी) मरीजों को छह माह की अवधि के लिए पोषण किट उपलब्ध कराकर सराहनीय पहल की है। यह परियोजना चक्रिय विकास प्रणाली संस्थान के माध्यम से, जिला क्षय रोग अधिकारी के कार्यालय तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊंचाहार के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही है। इसके अंतर्गत प्रत्येक चिन्हित टीबी मरीज को प्रति माह पोषण किट वितरित की जा रही है। कार्यक्रम में पंकज कुमार, ऊंचाहार, डॉ. अंतोष सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एनटीपीसी ऊंचाहार, डॉ. राधा यादव, वरिष्ठ चिकित्सक, सीएचसी ऊंचाहार सहित सीएसआर व टीम उपस्थित रही।

किट वितरित करते एनटीपीसी अधिकारी और चिकित्सक।

सेवानिवृत शिक्षिका को दी गई भावभीनी विदाई

सरेनी। सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रेम चक में आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत शिक्षिका शशि प्रभा को भावभीनी विदाई गई। प्रधान शिक्षक रमेश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि कर्तव्य निष्ट होने के साथ उनका कार्य सराहनीय व अनुकरणीय था। शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता है वह समाज को अपनी सेवाएं देता रहता है। इस मौके पर राकेश द्विवेदी, रमेश सिंह, जीतेंद्र द्विवेदी, हिमांशु द्विवेदी, राजेंद्र सिंह, अनुराधा सिंह, सुजाता, पूजा वर्मा, सुशील कुमार, जितेंद्र कुमार आदि थे।

सेवानिवृत्त शिक्षिका शशि प्रभा को विदाई देते शिक्षक व अन्य।

सेवानिवृत प्रधानाध्यापक का कार्य अनुकरणीय

जगतपुर। क्षेत्र के सान्हूकुंआ स्थित कंपोजिट विद्यालय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह को छात्रों, अभिभावकों व ग्रामीणों ने भावभीनी विदाई दी। समारोह में वक्ताओं ने उनके योगदान को सराहते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा को सेवा व साधना के रूप में अपनाया और कई पीढ़ियों को संवारने का कार्य किया। जो सराहनीय व अनुकरणीय है। इस मौके पर हरिचंद्र बहादुर सिंह, सत्यदेव सिंह सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

बछरावां। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रामपुर मजरे हसनगंज के रहने वाले 27 वर्षीय बृजेश कुमार पुत्र राम सजीवन बाइक द्वारा कस्बे में निजी कार्यवश आये थे। घर वापस जाते समय पशु चिकित्सालय के सामने अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई जिससे डिवाइडर से टकराकर घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायल को सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया।

दरवाजे से पांच बकरियां चोरी

जगतपुर। थाना क्षेत्र के भटपुरवा गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर के बाहर बंधी पांच बकरियां पार कर दीं। जानकारी के अनुसार कमला देवी के घर के बाहर बंधी पांच बकरियों को चोर रात के अंधेरे में चार पहिया वाहन से उठा ले गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़िता ने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़िता ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी है। इस बाबत जगतपुर थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कराई जाएगी।

बीआरसी में सेवानिवृत शिक्षक सम्मानित

छतोह। सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षक अशरफ अली सिद्दीकी एवं सुरेश चंद्र को ब्लॉक स्तर पर बीआरसी छतोह में सम्मानित किया गया। जिसमें खण्ड शिक्षा अधिकारी छतोह विजय प्रकाश द्वारा शिक्षको को अंग वस्त्र प्रदान किया गया। गिरजेश सिंह द्वारा प्रतीक चिन्ह, आदित्य नारायण पाण्डेय ने धार्मिक पुस्तकें देकर सम्मानित किया। इस मौके पर महेंद्र कुमार मिश्रा, सुशील कुमार शुक्ला, अनिल कुमार शुक्ला, सैय्यद नफीस हुसैन, जय करन, अजय कुमार, राम नगीना, हरिकेश मौर्य, जीनत बानो, प्रतिष्ठा मिश्रा, नसीमुन बेगम आदि लोग मौजूद रहे। संचालन मुकेश कुमार सिंह एवं राकेश जायसी ने किया।

सम्मानित किए गए सेवानिवृत शिक्षक, मौजूद अन्य लोग।

एचपीवी टीकाकरण का हुआ शुभारंभ

महराजगंज, अमृत विचार। सोमवार को सीएचसी में हुए टीकाकरण के पहले दिन 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी विभिन्न क्षेत्रों से आई बालिकाओं में वैभवी तिवारी, बंदिता तिवारी, रितिका, नीलम, अर्चना, रोशनी, ललिता, कीर्ति और वर्षा समेत नौ बालिकाओं को सुरक्षा टीका लगाया गया। अधीक्षक डॉ. गणनायक पाण्डेय ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए यह वैक्सीन अत्यंत प्रभावी है। यह वैक्सीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रत्येक कार्य दिवस में नियमित रूप से उपलब्ध रहेगी।

33वीं रैंक से डिप्टी जेलर बने अभिषेक प्रताप सिंह

जगतपुर (रायबरेली)

उपलब्धि

- यूपीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर नाम किया रोशन

अमृत विचार। अगर इरादे मजबूत हों, तो सीमित संसाधन भी सफलता की राह नहीं रोक सकते हैं। इस कहावत को सच कर दिखाया है जगतपुर क्षेत्र के पूरे मती मजरे रोझइया निवासी अभिषेक प्रताप सिंह ने। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग 2024 की परीक्षा में 33वीं रैंक हासिल कर उन्होंने डिप्टी जेलर पद पर चयन पाकर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया है। अभिषेक की इस शानदार उपलब्धि की खबर जैसे ही गांव पहुंची, खुशी की लहर दौड़ गई। घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। गांव से लेकर कस्बे तक हर कोई इस सफलता को अपनी उपलब्धि मानकर जश्न मना रहा है।

एक साधारण किसान परिवार में जन्मे अभिषेक के पिता राजेश प्रताप सिंह भदौरिया खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि माता माधुरी सिंह गृहिणी हैं। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद परिवार ने बेटे की पढ़ाई में कभी कमी नहीं आने दी। यही कारण रहा कि अभिषेक ने भी हर पड़ाव पर खुद को साबित किया। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रायबरेली के हेमकुंड पब्लिक स्कूल से पूरी की। हाईस्कूल में 90 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, जबकि इंटरमीडिएट में 72 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके बाद कानपुर विश्वविद्यालय से बीएससी और भूगोल विषय में परास्नातक की डिग्री हासिल की। उच्च शिक्षा के बाद अभिषेक ने प्रयागराज का रुख किया, जहां उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को अपना लक्ष्य बना लिया। कठिन परिश्रम, अनुशासन और एकाग्रता के बल पर उन्होंने पहले ही प्रयास में परीक्षा पास कर 33वीं रैंक हासिल कर ली।

अभिषेक प्रताप सिंह।

अभिषेक की सफलता पर उदय प्रताप सिंह, राकेश सिंह राना, सोनू सिंह, अजय त्रिपाठी, केके पटेल, श्याम सिंह और ठाकुर बृजेश सिंह सहित कई लोगों ने घर पहुंचकर बधाई दी। अभिषेक के चाचा राकेश सिंह भदौरिया ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के संयोजक हैं, ने भी गर्व जताते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक बताया।

विद्यालय शिक्षा के साथ अनुशासन और संस्कार शाला है : खंड शिक्षा अधिकारी

लालगंज (रायबरेली)

अमृत विचार। विद्यालय बच्चों के लिए शिक्षा के साथ-साथ संस्कार शाला भी हैं। उक्त विचार सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज में आयोजित वार्षिक परीक्षा फल वितरण एवं सम्मान समारोह में व्यक्त करते हुए खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह ने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों पर अपेक्षाओं का बोझ नहीं डालना चाहिए, बल्कि उन्हें शिक्षा और सर्वांगीण डेवलपमेंट के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों में असीम प्रतिभा होती है। शिक्षकों को बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अन्य सभी विधाओं का भी ज्ञान कराना चाहिए।

खंड विकास अधिकारी ने कहा कि बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा और उनकी कला को निखारने का काम शिक्षक ही कर सकते हैं। कार्यक्रम को भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला, भाजपा नेता रवीन्द्र सिंह, प्रबंधक कैलाश बाजपेई ने भी संबोधित किया और कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर संस्कारित शिक्षा देने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। शिशु मंदिर से निकले हुए बच्चे सनातन संस्कृति, राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत होते हैं और सामाजिक कार्यों में भी अपनी भूमिका बखूबी निभाते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य सुरेश पाठक और अशोक आचार्य के द्वारा किया गया। प्रबंधक कैलाश वाजपेई के द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान भी किया गया। वहीं अच्छे नंबर लाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया। इस दौरान स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के द्वारा स्कूल को प्रदान किए गए वाटर कूलर का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम में शिवकुमार, सतीश त्रिवेदी, मनोज गुप्ता, अवध बिहारी शास्त्री, सुरेंद्र गुप्ता, पीके गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, कौशलेंद्र कंचन, राघवेंद्र सूर्यवंशी, मयंक सिंह आदि रहे।

बीडीओ गगनदीप सिंह को सम्मानित करते प्रबंधक कैलाश बाजपेई और अन्य लोग।

आयोजन

बाल विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण आयोजित, रायबरेली: सोमवार को बाल विद्या मंदिर गंगागंज में बच्चों का वार्षिक परीक्षाफल वितरित किया गया। समारोह में कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सर्वाधिक उपस्थिति प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही शैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह व मेडल भेंट कर सम्मानित किया गया। जिसमें जूनियर विभाग में आजाद हाउस व सुभाष हाउस प्रथम स्थान पर, विवेकानंद हाउस द्वितीय स्थान तथा राधाकृष्णन हाउस तृतीय स्थान पर रहे तथा प्राथमिक विभाग में बाबूजी हाउस प्रथम तथा शास्त्री जी हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। इस अवसर पर उप प्रबंधक अखिलेश चरण सिंह, लेखापर्यवेक्षक जीपी सोनकर, कोषाध्यक्ष चंद्र मोहन शुक्ल, देव शंकर चौधरी, महादेव मिश्र, प्रधानाचार्य दिनेश प्रताप सिंह रहे।

आयोजन समारोह में बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया मंत्रमुग्ध

वार्षिकोत्सव में मेधावियों के साथ शिक्षकों का हुआ सम्मान

खीरों (रायबरेली)

अमृत विचार। विकास क्षेत्र के गांव डंडनपुर में स्थित न्यू सरस्वती ज्ञान मन्दिर इण्टर कालेज में सोमवार को धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। समारोह में विद्यालय के प्रबंधक, अध्यक्ष और अतिथियों ने मेधावी बच्चों और अभिभावकों को मेडल, प्रशस्ति पत्र तथा परीक्षाफल देकर सम्मानित किया।

वहीं दो शिक्षकों ऋषि शर्मा, सुरेन्द्र कुमार और एक शिक्षिका नीशू गौतम को उत्कृष्ट कार्य और बच्चों के गणित तथा कला में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। समारोह में बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रबंधक दिनेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2009 से निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर विद्यालय के बच्चे हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। संचालन शिक्षक राम कुमार द्विवेदी ने किया।

मेधावियों को सम्मानित करते प्रबंधक दिनेश कुमार, अध्यक्ष मंगेश कुमार प्रधान, प्रधानाचार्य रजनेश कुमार व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष सन्तोष पासवान, शिक्षक नेता नीरज हंस, प्रधानाचार्य रजनेश कुमार, व्यवस्थापक ऋषि शर्मा, शिक्षक कमलकांत, गयाप्रसाद, श्याम करन, नीशू गौतम, आफरीन, विनय कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

श्री महिपाल सिंह सरस्वती ज्ञान मंदिर में सम्मानित किए गए बच्चे। अमृत विचार

समारोह में मेधावी बच्चों को किया गया सम्मानित, सरेनी: सोमवार को श्री महिपाल सिंह सरस्वती ज्ञान मंदिर सरेनी में वार्षिक परीक्षाफल वितरण किया गया। समारोह में मेधावी बच्चों को आकर्षक शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य प्रभाकर सिंह ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं। इस दौरान प्रत्येक कक्षा से प्रथम पांच रैंक तक के बच्चों को ट्राफी व मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक भीम सिंह ने कहा कि जो बच्चे अपनी कक्षा में स्थान पाने से वंचित रह गये है वह बिल्कुल भी निराश न हो, बल्कि अग्रिम सत्र में कड़ी मेहनत करे ताकि अगले सत्र में वह भी ईनाम पाने वाले विद्यार्थियों में शामिल हो सके। कार्यक्रम में 150 विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों के सम्मुख सम्मानित किया गया। अंइस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, राम प्रकाश पाल, ब्रजेश, कुंवरलाल, प्रदीप, अंकुर, राधेश्याम, अमित, रोहित, मुकेश, शिवबरन, सिद्धधांत, अर्जुन, रेखा, स्मिता, आरती, श्रेया, ममता, वर्तिका, पूजा, शिवानी, अलसिफा, यशी, खुशी, सोफिया, प्राची, नीलम, शुभी आदि लोग मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

लापरवाही से वाहन चलाने पर केस दर्ज

सिंहपुर (अमेठी) : शिवरतनगंज पुलिस ने मार्ग दुर्घटना में दो लोगों पर अलग अलग जगहों पर लापरवाही से वाहन चलाने का मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के टिकरी निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उनके ससुर हनुमान पासी पुत्र घिसयवान पासी हैदरगढ से घर वापस आ रहे थे तभी टिकरी माइनर के पास मो गुलफाम निवासी शिवरतनगंज तेज रफ्तार व लापरवाही से जा रहा था। तभी उस के ससुर हनुमान पासी की साइकिल में जोर दार टक्कर मार दिया। जिससे उसके ससुर हनुमान पासी की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना शुभम सिंह निवासी गोयन ने बताया कि उन के पिता सत्यवान सिंह पुत्र दृगपाल सिंह बीती 23 मार्च को घर से निकल कर रोड पार कर रहे थे। तभी रामदीन पासी निवासी ग्राम महेशपुर मजरे महिया सिंदुरिया ने अपनी मोटर साइकिल से जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे गंभीर रूप से चोटिल हो गए थे। थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि दोनों पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

खाते से निकल गए 12,300 रुपये

सिंहपुर (अमेठी) : शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के बहादुरगंज गांव निवासी शान मुहम्मद पुत्र यार मुहम्मद के साथ सोमवार दोपहर ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उसके बैंक खाते से 12,300 रुपये अज्ञात साइबर ठगों द्वारा निकाल लिए गए। शान मुहम्मद के अनुसार सोमवार दोपहर उसके मोबाइल पर लगातार संदिग्ध मैसेज आ रहे थे, जिन्हें वह नजरअंदाज कर डिलीट करता रहा। कुछ देर बाद जब उसने खाते की जांच की तो पैसे निकलने की जानकारी हुई। घटना के बाद पीड़ित के होश उड़ गए और उसने तत्काल पुलिस से शिकायत की। इस संबंध में थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं सुनकर श्रद्धालु भावविभोर

मुसाफिरखाना (अमेठी) : सादीपुर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के षष्टम दिवस कथा व्यास स्वामी प्रणव पुरी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान भगवान की लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोग गए। कथा के दौरान प्रणव पुरी महाराज ने बताया कि भगवान ने गोपियों के साथ रास करके यह संदेश दिया कि वे अपने भक्तों के प्रति अनन्य प्रेम रखते हैं। गोपियां प्रभु को अपना सर्वस्व मानती थीं और उनकी निष्काम भक्ति से प्रसन्न होकर श्रीकृष्ण ने स्वयं कहा कि वे उनकी भक्ति के ऋण को कभी चुका नहीं सकते हैं। आगे प्रसंग में कंस वध का वर्णन करते हुए स्वामी प्रणवपुरी जी ने बताया कि भगवान ने अत्याचारी कंस का संघार कर धर्म की स्थापना की और प्रजा को भयमुक्त किया। कंस वध के बाद प्रजा ने उत्सव मनाकर भगवान के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। प्रणवपुरी ने जीवन का महत्वपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि इस संसार में हर व्यक्ति को एक दिन जाना है, इसलिए ऐसा जीवन जियो कि आपके जाने पर लोगों को आपकी कमी का अनुभव हो, न की खुशी हो। इस मौके पर पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, प्रधान भरत कुमार सिंह, प्रमुख सदाशिव यादव, प्रमुख राजेश विक्रम, जिला पंचायत सदस्य विशाल विक्रम सिंह, अभिषेक विक्रम, विजय सिंह, कृपा शंकर सिंह, केके सिंह, डॉक्टर राज नरायन मिश्रा, महेन्द्र तिवारी, मनोज मिश्रा, विपुल सिंह, हरिहर तिवारी रहे।

पीसीएस परीक्षा में जिले के युवाओं ने मारी बाजी

लोगों ने दी बधाई: परिश्रम व प्रतिभा से सफलता हासिल कर कई होनहारों ने नाम किया रोशन

संवाददाता, अमेठी

आयुष पांडे।

विनय कुमार मिश्रा।

अनुराधा सिंह।

आशीष शुक्ला।

अमृत विचार। जिले के युवाओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अमेठी के कई होनहार अभ्यर्थियों ने शानदार सफलता हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। इन सफलताओं से जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। संघर्ष से सफलता तक पहुंचने वाले आयुष पांडे संग्रामपुर विकास क्षेत्र के डेहरा गांव निवासी आयुष पांडे ने पीसीएस परीक्षा में टॉप-10 में स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है।

बता दें कि आयुष की सफलता इसलिए और भी खास है क्योंकि उनके पिता छोटेलाल का पहले ही निधन हो चुका है। घर की जिम्मेदारियों और सीमित संसाधनों के बावजूद आयुष ने हार नहीं मानी। उनके चाचा जगत नारायण कोटेदार हैं, जिनके सहयोग से आयुष ने अपनी पढ़ाई जारी रखी और यह मुकाम हासिल किया। उनकी यह सफलता कठिन परिस्थितियों में संघर्ष कर रहे युवाओं के लिए बड़ी प्रेरणा है। प्रवक्ता से नायब तहसीलदार बनीं स्नेहा शुक्ला ,पंडरी गांव की रहने वाली स्नेहा शुक्ला ने 92वीं रैंक हासिल कर नायब तहसीलदार पद पर चयन पाया है। स्नेहा पहले इंटर कॉलेज में प्रवक्ता के पद पर कार्यरत थीं। नौकरी के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करना आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की। उनके पति विपुल प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक हैं। पूरे परिवार के सहयोग से स्नेहा ने यह मुकाम पाया। उनकी सफलता क्षेत्र की महिलाओं के लिए प्रेरणादायक है। मानसी सिंह और रजनीश विक्रम बने डिप्टी जेलर, जगदीशपुर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मानसिंह राठौर की पुत्री मानसी सिंह ने डिप्टी जेलर पद के लिए 30वीं रैंक हासिल की है। शिक्षा और अनुशासन के माहौल में पली-बढ़ी मानसी ने अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए मेहनत से यह उपलब्धि हासिल की।

वहीं गौरीगंज के पूरब गांव निवासी रजनीश विक्रम सिंह ने डिप्टी जेलर पद पर दूसरी रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से पूरे गौरीगंज क्षेत्र में खुशी की लहर है।

जिले में खुशी और गर्व का माहौल: इन सभी होनहार अभ्यर्थियों की सफलता से अमेठी जिले में उत्साह और गर्व का माहौल है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने सभी सफल युवाओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इन युवाओं ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता है।

मेहनत और समर्पण से अनुराधा सिंह और आशीष शुक्ला को मिली परीक्षा में सफलता

संग्रामपुर के नेवादा कनू गांव की अनुराधा सिंह ने 150वीं रैंक हासिल कर कमर्शियल टैक्स ऑफिसर पद पर चयन पाया है। उनकी मेहनत और समर्पण ने परीक्षा में उन्हें यह सफलता दिलाई। वहीं शुकुल बाजार निवासी आशीष शुक्ला ने 41वीं रैंक प्राप्त कर इसी पद पर चयन हासिल किया है। आशीष पहले उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। सरकारी नौकरी करते हुए उन्होंने लगातार तैयारी जारी रखी और अंतत: बड़ी सफलता हासिल की।

पड़ोसी ने लगाई आग, घर में रखा सारा सामान जलकर हुआ खाक

पीड़ित परिवार को खाद्य सामग्री सहित जरूरत का सामान देते मुन्ना सिंह।

तिलोई (अमेठी)

केस दर्ज

- ग्राम पंचायत छीछा की घटना पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

अमृत विचार। मोहनगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत छीछा निवासिनी अनीता पत्नी राम बहोरे ने थाना मोहनगंज में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मेरे घर में उपरोक्त गांव निवासी राहुल पुत्र देवता ने बिना किसी कारण के दिन सोमवार की दोपहर करीब तीन बजे मेरे घर में आग लगा दी। जिससे मेरे घर में रखी खाद्य सामग्री, कपड़े व चारपाई सहित घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया है।

पीड़िता ने शिकायती पत्र में बताया कि पूरा घर कच्चा होने के कारण छत बैठ गई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया था। सूचना मिलने के पश्चात तिलोई ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह (मुन्ना सिंह) मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और खाद्य सामग्री व कपड़े एवं खाना बनाने के लिए बर्तन सहित जरूरत का सारा सामान देकर पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। वहीं सूचना पर पहुंची राजस्व टीम कानूनगो अजहर, लेखपाल अनूप सिंह ने घटना की जांच कर आगजानी में हुए नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट शासन को भेज दी है।

वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। साथ ही अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

मेधावी छात्र पुरस्कार व बाल मेला कार्यक्रम किया गया आयोजन

सिंहपुर (अमेठी)

अमृत विचार। सिंहपुर ब्लॉक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय रामपुर टेढई में मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार समारोह, बाल मेला कार्यक्रम, नवारम्भ उत्सव एवं अभिभावक सम्मान समारोह का संयुक्त आयोजन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ ब्लॉक प्रमुख सिंहपुर अंकित पासी ने दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।कर किया एवं विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की जिसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनों का मन मोह लिया। छात्रों को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख अंकित पासी ने कहाकि सरकार परिषदीय विद्यालयों को हाईटेक करने की दिशा मे तमाम प्रयास कर रही है। छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा की ओर लें जाया जा रहे है। मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार समारोह के अंतर्गत शैक्षणिक, खेलकूद एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओंकार नाथ पाण्डेय ने विद्यार्थियों की मेहनत और अनुशासन की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को बीइओ हरिओम तिवारी, प्रधान टेढई गौरव श्रीवास्तव, अनिल पाण्डेय आदि ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर अनुज शुक्ला, शिक्षक विकल्प श्रीवास्तव, सुरेंद्र नाथ पाण्डेय, अनुज तिवारी, आशीष गुप्त, सतीश मिश्रा इंद्र प्रकाश वर्मा,प्राची गुप्ता, वर्मा रैना बेन, आकांक्षा वर्मा, आकाश वर्मा, सतेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करें

संवाददाता, अमेठी

बैंकर्स के साथ बैठक करते सीडीओ। अमृत विचार

- समीक्षा एवं सलाहकार समिति (बैंकर्स) की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने दिए निर्देश

अमृत विचार। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा एवं सलाहकार समिति (बैंकर्स) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत बैंकों में लंबित आवेदन पत्रों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों और बैंकर्स को आवश्यक निर्देश दिए गए।

सीडीओ ने वित्तीय समावेशन योजना, पीएम सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन एवं मत्स्य पालन किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, मुख्यमंत्री ग्राम उद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और प्रधानमंत्री जन धन योजना सहित कई योजनाओं के लंबित आवेदनों की बिंदुवार समीक्षा की।

सीडीओ सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी आवेदन को अस्वीकृत किया जाता है तो उसका कारण स्पष्ट रूप से दर्ज किया जाए। साथ ही विभागों को लक्ष्य के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक राजीव पाण्डेय, जीएमडीआईसी, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी व बैंकर्स मौजूद रहे।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को समारोह में वितरित किए गए नियुक्ति पत्र

संवाददाता, अमेठी

नियुक्ति पत्र देते जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव। अमृत विचार

आयोजन

अमृत विचार। सोमवार को लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेवाओं को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की। आयोजित समारोह के दौरान प्रदेशभर में 69,804 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन तथा 2 लाख से अधिक ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस वितरित किए गए। साथ ही 18,440 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर लगभग 450 करोड़ रुपये की लागत से 3,170 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों और 140 बाल विकास परियोजना कार्यालयों का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया गया। अमेठी जनपद में 26 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। विकास भवन गौरीगंज सभागार में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, जहां 40 कार्यकत्रियों को रॉकेट लर्निंग संस्था द्वारा "गोल्ड स्टार" और "सिल्वर चमकता सितारा" प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जनपद में 4.14 करोड़ रुपये से बने 35 आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण तथा 2.35 करोड़ रुपये से चार बाल विकास परियोजना कार्यालयों का शिलान्यास भी किया गया। कार्यक्रम में कई अधिकारी व कर्मचारी आदि लोग मौजूद रहे।

एसएन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

बच्चों को पुरस्कार देते भारतीय पत्रकार संघ अमेठी के जिलाध्यक्ष लोकेश त्रिपाठी।

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। एस.एन. पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय पत्रकार संघ अमेठी के जिलाध्यक्ष लोकेश त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य अरुण प्रजापति और समाजसेवी संतोष सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। पंजाबी, राजस्थानी, अवधी और ब्रज गीतों पर आधारित नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महक व कनिष्का के मोबाइल नृत्य, प्रिन्सी व शिवांगी के अवधी नृत्य तथा साक्षी व प्राची के "सास-बहू" नाट्य मंचन को खूब सराहा गया। वहीं श्रेया द्वारा माता सीता और आकर्ष द्वारा भगवान राम का अभिनय कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। विद्यालय के प्रबंधक सुनील मिश्रा व प्रधानाचार्य ममता मिश्रा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

आरएस पब्लिक स्कूल में वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरण व पुरस्कार समारोह आयोजित

बच्चों को वार्षिक रिपोर्ट कार्ड व पुरस्कार देतीं अतिथि।

जामों (अमेठी) अमृत विचार। क्षेत्र स्थित आर एस पब्लिक स्कूल में सोमवार को वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरण एवं पुरस्कार समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जामों के खंड विकास अधिकारी तथा गौरीगंज की एसडीएम प्रीति तिवारी उपस्थित रहीं। विद्यालय परिवार ने उनके आगमन पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की उपलब्धियों की जानकारी दी। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को रिपोर्ट कार्ड के साथ पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे छात्रों में उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। मुख्य अतिथि एसडीएम प्रीति तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और लगन के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। साथ ही विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य व गणमान्य लोगों में केके त्रिपाठी, दीपक शुक्ला, विनय तिवारी, कुलदीप तिवारी, प्रेम शंकर गिरी और डॉ. अबरार अहमद सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

सीएचसी में शुरू हुआ एचपीवी वैक्सीनेशन

बछरावां (रायबरेली)। बछरावां सीएचसी में सोमवार से एचपीवी वैक्सीनेशन की शुरुआत की गई है। यह वैक्सीन 14 से 15 वर्षों की लड़कियों को लगाई जानी है। इस उम्र की लड़कियों को इसलिए लगाई जाएंगे की बच्चेदानी के मुंह के कैंसर जैसी समस्याओं से निजात मिलेगी। इस वैक्सीनेशन की शुरुआत बछरावां नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। सोमवार को पांच किशोरियों को टीकाकरण करने के बाद सीएचसी अधीक्षका अर्पित श्रीवास्तव शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

आयोजित कार्यक्रम में मौजूद चिकित्साधिकारी।

आंगनबाड़ी केंद्रों का हुआ लोकार्पण

सतांव (रायबरेली)। सतांव विकास खण्ड के मलिकमऊ चौबारा स्थित ब्लॉक सभागार में सोमवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में नव निर्मित 29 आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर महिलाओं की गोद भराई रस्म भी संपन्न कराई गई, जिसमें गर्भवती महिलाओं को पोषण सामग्री और उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

श्री कृष्ण जन्म की कथा का किया मार्मिक वर्णन

लालगंज (रायबरेली)। आदर्श नगर गोविंदपुर वलौली ने श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। सोमवार को व्यास गद्दी पर विराजमान कथावाचक ने श्री कृष्ण जन्म की कथा सुना कर लोगों को भाव विभोर कर दिया। भागवत कथा के समय देवी संपत मंडल के महामंडलेश्वर श्री ज्योतिर्मयानंद जी का आशीर्वचन भी प्राप्त हुआ। कथा व्यास पंडित अक्षयानंद जी द्वारा कृष्ण जन्म की पूरी कथा सुनाई गई जिसमें मनीष तिवारी, आशु तिवारी समेत सभी परिवारजन एवं शुधी श्रोता उपस्थित रहे। श्री कृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने कहा कि द्वापर युग में मथुरा में अत्याचारी कंस का राज था। आकाशवाणी हुई कि देवकी का आठवां पुत्र उसका वध करेगा। कंस ने देवकी-वसुदेव को कारागार में डाल दिया और उनके सात पुत्रों को मार डाला। भाद्रपद की अष्टमी की आधी रात को आठवें पुत्र के रूप में भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में धरा पर अवतार लिया। जन्म लेते ही कारागार के द्वार खुल गए, पहरेदार सो गए। वसुदेव बालक कृष्ण को सूप में रखकर यमुना पार गोकुल ले गए। वहां नंद-यशोदा के घर कन्या योगमाया को रखकर कृष्ण को सुला दिया। कथा व्यास ने कहा कि कंस के अत्याचार से मुक्ति के लिए ही कृष्ण का अवतार हुआ।

कार्यक्रम श्रीविशेश्वर सिंह इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह में बच्चों ने दी प्रस्तुति

समारोह में मेधावियों को मिला सम्मान, बच्चों के खिले चेहरे

संवाददाता, रायबरेली

समारोह में सम्मानित मेधावी व साथ में शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

समारोह में मेधावी को पुरस्कृत करते अतिथि। अमृत विचार

अमृत विचार। शहर के इंदिरा नगर स्थित श्रीविशेश्वर सिंह इंटर कॉलेज में सोमवार को वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें एलकेजी से कक्षा 11 तक के मेधावियों को बेहतर अंक लाने पर सम्मानित किया गया। साथ ही अभिभावकों को बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति दी।

इससे पहले मुख्य अतिथि विद्यालय मैनेजर इंद्र प्रताप सिंह ने मेधावी बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है। बेहतर शिक्षा हासिल करके आप समाज में परिवार का गौरव बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बेहतर शिक्षा का माहौल के साथ अनुशासन और संस्कार का विशेष ख्याल रखा जाता है। बच्चों को कुशल शिक्षकों के साथ तकनीकी ज्ञान भी दिया जाता है।

वहीं विद्यालय प्रधानाचार्य अवनीश सिंह ने बताया कि कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इसमें आयुष वर्मा, विवांश, काव्या, आहिल, जानवी, महक, ध्वनि, अलमालिक, तनू, कृष, मीनाक्षी, समीक्षा, सृष्टि, माही, दिशा, आयुष मौर्या, शिवा आदि को सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन इंद्रेश सिंह ने किया। इस मौके पर मुस्कान, काजोल, संगीता, मीरा, दुबेश, सत्येंद्र, अभिषेक, रूचि, अंशिका, लवलेश, मालती, सत्येंद्र, कुलदीप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

प्राथमिक विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव, महाराजगंज: क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जियापुर शिवगढ़ में सोमवार को वार्षिक उत्सव एवं कक्षा 5 के छात्रों हेतु विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव व विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह रहे। समारोह में बच्चों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इस दौरान कक्षा 1 से 5 तक के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक बीरेंद्र कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षक दीपक सिंह, एसएमसी अध्यक्ष अनीता रहीं।

अमृत विचार

मंगलवार, 31 मार्च 2026

लोकतंत्र अच्छा है। मैं ऐसा इसलिए कहता हूं, क्योंकि अन्य प्रणालियां इससे बदतर हैं।

–**जवाहर लाल नेहरू**, पूर्व प्रधानमंत्री

घर में घिरे ट्रंप

अमेरिकी जनता में उभरता व्यापक जन-असंतोष मात्र सत्ता से नीतिगत मतभेद ही नहीं, बल्कि शासन-शैली और संस्थागत संतुलन पर गहरे सवालों का संकेत है। अमेरिका में 'नो किंग्स मूवमेंट' के तहत डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के विरुद्ध जिस प्रकार देशव्यापी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं, वे इस बात का प्रमाण हैं कि लोकतांत्रिक समाजों में जनता केवल मतदाता नहीं, बल्कि सतत निगरानी करने वाली शक्ति भी है। इन प्रदर्शनों का दायरा केवल युद्ध नीतियों तक सीमित नहीं। संघीय इमिग्रेशन कानूनों की कठोरता, बढ़ती महंगाई और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसे मुद्दों पर जनता की मुखरता ने ट्रंप के लिए नया मोर्चा खोल दिया है।

अमेरिकी जनता के एक वर्ग में यह धारणा मजबूत हुई है कि सत्ता का केंद्रीकरण बढ़ रहा है और कार्यपालिका, विशेषकर राष्ट्रपति, अपनी शक्तियों का विस्तार असाधारण रूप से कर रहे हैं। ट्रंप द्वारा एग्जीक्यूटिव ऑर्डर का व्यापक उपयोग, राज्यों की आपत्तियों के बावजूद नेशनल गार्ड की तैनाती और कथित राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ जांच या मुकदमे चलाने के संकेत, इन सबने इस असंतोष को हवा दी है। आलोचकों का आरोप है कि यह प्रवृत्ति अमेरिकी लोकतंत्र की संस्थागत परंपराओं के विपरीत है। ट्रंप स्वयं को 'राजा न होने और 'राष्ट्रहित में निर्णायक नेतृत्व' देने की बात भले ही कहते रहें, पर लोकतंत्र में केवल दावों से नहीं, बल्कि संस्थागत आचरण से विश्वास बनता है। व्हाइट हाउस द्वारा इन विरोध प्रदर्शनों को 'ट्रंप डिरेंजमेंट थेरेपी' कहकर खारिज करना भी चिंताजनक है। यह न केवल असहमति का सामान्यीकरण है, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद को कमजोर करने वाला दृष्टिकोण भी है। इतिहास बताता है कि जनमत को नज़रअंदाज़ करने की कीमत राजनीतिक रूप से चुकानी पड़ती है, विशेषकर तब, जब मिडटर्म चुनाव नजदीक हों। यदि ये प्रदर्शन व्यापक और लगातार बने रहते हैं, तो ट्रंप की अप्रूवल रेटिंग पर नकारात्मक असर पड़ना तय है और इससे चुनावी परिणाम भी प्रभावित हो सकते हैं। तमाम शहरों में जनता का सड़कों पर उतरना यह दर्शाता है कि युद्ध की कीमत समाज को भी चुकानी पड़ती है। लंदन सहित यूरोप के अन्य हिस्सों में भी अमेरिका-इजराइल की नीतियों के खिलाफ आवाज उठ रही है, जो वैश्विक जनमत के बदलते स्वरूप का संकेत है। ये विरोध युद्ध को प्रत्यक्ष तो नहीं रोक सकते हैं, परंतु वे राजनीतिक नेतृत्व पर दबाव अवश्य बनाते हैं। लोकतंत्रों में जनमत दीर्घकालिक नीति-निर्माण को प्रभावित करता है और यही इन आंदोलनों की वास्तविक शक्ति है। भारत के लिए इसमें महत्वपूर्ण सीख छिपी है। पहली, लोकतंत्र में असहमति को स्थान देना उसकी मजबूती का संकेत है, कमजोरी का नहीं। दूसरी, विदेश नीति में संतुलन न तो अंध समर्थन, न ही अनावश्यक विरोध- पारंपरिक 'रणनीतिक स्वायत्तता' का आधार होना चाहिए। तीसरी, आंतरिक रूप से यह सुनिश्चित करना कि विकास, सुरक्षा और लोकतांत्रिक संस्थाओं के बीच संतुलन बना रहे।

अमेरिका में उठती ये आवाजें हमें याद दिलाती हैं कि लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं, बल्कि निरंतर संवाद, जवाबदेही और जनविश्वास से संचालित होता है। भारत को इस वैश्विक परिघटना से सीखते हुए अपने पहले ही सुदृढ़ लोकतांत्रिक मूल्यों को और प्रबलित करना चाहिए।

प्रसंगवश

भगवान महावीर: सत्य, तप व संयम की शाश्वत संहिता

प्रतिवर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के दिन जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव मनाया जाता है। महावीर जयंती इस वर्ष 31 मार्च को मनाई जा रही है। भगवान महावीर का जन्म 599 ईसा पूर्व बिहार के कुंडलपुर के राजघराने में हुआ था। भगवान महावीर ने जीवन पर्यन्त अपने अमृत वचनों से समस्त मानव जाति को ऐसी अनुपम सौगात दी, जिन पर अमल करके मानव चाहे तो इस धरती को स्वर्ग बना सकता है। 'अहिंसा परमो धर्मः' सिद्धांत के लिए जाने जाते रहे, भगवान महावीर का अहिंसा दर्शन आज के समय में सर्वाधिक प्रासंगिक और जरूरी प्रतीत होता है, क्योंकि वर्तमान समय में मानव अपने स्वार्थ के वशीभूत कोई भी अनुचित कार्य करने और अपने फायदे के लिए हिंसा के लिए भी तत्पर दिखाई देता है।

श्वेता गोयल
शिक्षिका

महावीर का जन्म होते ही उनके पिता राजा सिद्धार्थ के राज्य, मान-प्रतिष्ठा और धन-धान्य में वृद्धि होने लगी थी, इसीलिए उनका नाम वर्धमान रखा गया था और चूंकि वर्धमान बचपन से ही बड़े साहसी व निर्भीक थे, इसीलिए उनके पराक्रम के कारण आगे चलकर वे महावीर के नाम से प्रसिद्ध हुए। आज के परिवेश में हम जिस प्रकार की समस्याओं और जटिल परिस्थितियों में घिरे हैं, उन सभी का समाधान महावीर के सिद्धांतों और दर्शन में समाहित है।

भगवान महावीर कहा करते थे कि जिस जन्म में कोई भी जीव जैसा कर्म करेगा, भविष्य में उसे वैसा ही फल मिलेगा। वह कर्मानुसार ही देव, मनुष्य, नर्क व पशु-पक्षी की योनि में भ्रमण करेगा। कर्म स्वयं प्रेरित होकर आत्मा को नहीं लगते, बल्कि आत्मा कर्मों को आकृष्ट करती है। वह कहते थे कि रूग्णजनों की सेवा-सुश्रुषा करने का कार्य प्रभु की परिचर्या से भी बढ़कर है। अपने जीवनकाल में उन्होंने ऐसे अनेक उपदेश और अमृत वचन दिए, जिन्हें अपने जीवन तथा आचरण में अमल में लाकर हम अपने मानव जीवन को सार्थक बना सकते हैं।

भगवान महावीर का कहना था कि जो मनुष्य स्वयं प्राणियों की हिंसा करता है, या दूसरों से हिंसा करवाता है अथवा हिंसा करने वालों का समर्थन करता है, वह जगत में अपने लिए बैर बढ़ाता है। उनका कहना था कि संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, अतः हिंसा को त्यागिए और 'जीओ व जीने दो' का सिद्धांत अपनाइए। वे कहते थे कि संसार में प्रत्येक जीव अवध्य है, अतः आवश्यक बताकर की जाने वाली हिंसा भी हिंसा ही है और वह जीवन की कमजोरी है।

उनके अनुसार छोटे-बड़े किसी भी प्राणी की हिंसा न करना, बिना दी गई वस्तु स्वयं न लेना, विश्वासघाती असत्य न बोलना, यह आत्मा निग्रह सद्पुरुषों का धर्म है। जो लोग कष्ट में धैर्य को स्थिर नहीं रख पाते, वे अहिंसा की साधना नहीं कर सकते। अहिंसक व्यक्ति तो अपने से शत्रुता रखने वालों को भी अपना प्रिय मानता है। उनका कहना था कि संसार में रहने वाले चल और स्थावर जीवों पर मन, वचन एवं शरीर से किसी भी तरह के दंड का प्रयोग नहीं करना चाहिए। भगवान महावीर के अनुसार किसी भी प्राणी की हिंसा न करना ही ज्ञानी होने का एकमात्र सार है और यही अहिंसा का विज्ञान है। जिस प्रकार अणु से छोटी कोई वस्तु नहीं और आकाश से बड़ा कोई पदार्थ नहीं, उसी प्रकार अहिंसा के समान संसार में कोई महान् व्रत नहीं। महावीर के शब्दों में कहें तो ज्ञानी होने का यही एक सार है कि वह किसी भी प्राणी की हिंसा न करे और यही अहिंसा का विज्ञान है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

'नो किंग्स' से गूंजा लोकतंत्र का वैश्विक संदेश

राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ उभरता जनाक्रोश अब केवल राजनीतिक असहमति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों, संस्थागत संतुलन और नागरिक चेतना की व्यापक अभिव्यक्ति बन चुका है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका के लगभग 50 शहरों में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए, वहीं यूरोप और ऑस्ट्रेलिया सहित 12 देशों में भी लोगों ने सड़कों पर उतरकर अपनी आवाज बुलंद की। 3300 से अधिक स्थानों पर विरोध और 80 से अधिक विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन इस बात का प्रमाण हैं कि यह आंदोलन अब वैश्विक स्वरूप ग्रहण कर चुका है।

इस व्यापक विरोध के केंद्र में केवल ट्रंप की नीतियां ही नहीं, बल्कि सत्ता के केंद्रीकरण के प्रति बढ़ती चिंता भी है। इसी संदर्भ में नो किंग्स प्रोटेस्ट का उभार विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यह आंदोलन इस विचार के खिलाफ है कि कोई भी नेता लोकतांत्रिक ढांचे में निरंकुश या राजा की तरह व्यवहार करे। नो किंग्स का संदेश स्पष्ट है, लोकतंत्र में सर्वोच्च सत्ता जनता के पास होती है, न कि किसी एक व्यक्ति के हाथों में।

ट्रंप के कार्यकाल के दौरान अपनाई गई नीतियों, जैसे- सख्त आव्रजन नीति, नस्लीय मुद्दों पर विवादित टिप्पणियां और मीडिया व न्यायपालिका के साथ टकराव ने अमेरिकी समाज को गहरे स्तर पर विभाजित किया। उनके समर्थक, जहां उन्हें एक मजबूत राष्ट्रवादी नेता के रूप में देखते हैं, वहीं आलोचक उन्हें लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए खतरा मानते हैं। यही विभाजन आज सड़कों पर दिखाई दे रहा है। नॉट माई प्रेसिडेंट और नो किंग्स जैसे नारों का उभार यह दर्शाता है कि एक बड़ा वर्ग सत्ता के प्रति असहमति को खुलकर व्यक्त कर रहा है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए एक दोधारी तलवार की तरह है। एक ओर यह असहमति की स्वतंत्रता को दर्शाती है, वहीं दूसरी ओर यह प्रतिनिधित्व के संकट की ओर भी संकेत करती है। जब नागरिक अपने ही निर्वाचित नेता को स्वीकार करने से इंकार करते हैं, तो यह राजनीतिक व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन जाता है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि विरोध-प्रदर्शन लोकतंत्र की आत्मा होते हैं। अमेरिका का इतिहास नागरिक अधिकार आंदोलनों, युद्ध विरोधी अभियानों और सामाजिक न्याय के संघर्षों से भरा रहा है। नो किंग्स आंदोलन उसी परंपरा का आधुनिक संस्करण है, जो यह सुनिश्चित करना चाहता है कि सत्ता का दुरुपयोग न हो और लोकतांत्रिक संस्थाएं मजबूत बनी रहें। इस आंदोलन में युवाओं और शिक्षित वर्ग की भागीदारी विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय परिसरों में हुए प्रदर्शन यह दर्शाते हैं कि नई पीढ़ी राजनीतिक रूप से जागरूक है और वह सत्ता से जवाबदेही की मांग कर रही है। डिजिटल युग ने इस आंदोलन को और गति दी है। सोशल मीडिया के माध्यम से विचारों का तेजी से प्रसार हो रहा है, जिससे आंदोलन की पहुंच और प्रभाव दोनों बढ़े हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इस विरोध के गहरे निहितार्थ हैं। अमेरिका को लंबे समय से लोकतंत्र का आदर्श माना जाता रहा है, ऐसे में वहां इस तरह के व्यापक विरोध-प्रदर्शन यह संकेत देते हैं कि लोकतंत्र एक सतत् प्रक्रिया है, जिसमें निरंतर सुधार की आवश्यकता होती है।

अब यदि इस पूरे घटनाक्रम को भारत के संदर्भ में देखा जाए, तो कई महत्वपूर्ण समानताएं और सीख सामने आती हैं। भारत भी एक विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र है, जहां समय-समय पर नागरिक अपनी असहमति व्यक्त करते रहे हैं। चाहे वह नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन हों, किसान आंदोलन हो, या अन्य सामाजिक राजनीतिक मुद्दे, भारतीय समाज ने भी लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए अपनी आवाज उठाई है।

भारत में भी अक्सर यह बहस होती है कि क्या सत्ता का केंद्रीकरण लोकतांत्रिक संतुलन को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में अमेरिका का नो किंग्स आंदोलन भारतीय संदर्भ में एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि लोकतंत्र में संस्थाओं की स्वतंत्रता, मीडिया की निष्पक्षता और न्यायपालिका की स्वायत्तता अत्यंत आवश्यक है। यदि ये संतुलन बिगड़ता है, तो नागरिकों का असंतोष बढ़ना स्वाभाविक है।

भारत और अमेरिका की परिस्थितियां पूरी तरह समान नहीं हैं। भारत की सामाजिक संरचना, राजनीतिक इतिहास और सांस्कृतिक विविधता अलग है। फिर भी, दोनों देशों में एक समान तत्व यह है कि लोकतंत्र की मजबूती नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। जब जनता जागरूक होती है और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहती है, तभी लोकतंत्र जीवंत बना रहता है। यह भी उल्लेखनीय है कि किसी भी विरोध-प्रदर्शन की सफलता उसकी प्रकृति पर निर्भर करती है। अमेरिका में हुए अधिकांश प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, जो यह दर्शाता है कि नागरिक अपने अधिकारों का प्रयोग जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं। भारत के लिए भी यह एक महत्वपूर्ण सीख है कि लोकतांत्रिक आंदोलनों को शांतिपूर्ण और रचनात्मक बनाए रखना आवश्यक है, ताकि वे व्यापक समर्थन प्राप्त कर सकें और सकारात्मक बदलाव ला सकें।

ट्रंप के खिलाफ यह आक्रोश केवल एक व्यक्ति के विरोध तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस विचारधारा के खिलाफ है, जो लोकतंत्र को कमजोर कर सकती है। नो किंग्स आंदोलन इस बात का प्रतीक है कि नागरिक किसी भी प्रकार के निरंकुश व्यवहार को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। भारत सहित पूरी दुनिया के लिए यह एक महत्वपूर्ण संदेश है कि सत्ता चाहे जितनी मजबूत क्यों न हो, उसकी वैधता जनता की स्वीकृति पर ही निर्भर करती है। जब नागरिक अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हैं और आवश्यकता पड़ने पर सड़कों पर उतरते हैं, तभी लोकतंत्र जीवंत और प्रभावी बना रहता है। यही इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा निष्कर्ष है।

अमेरिका के दर्जनों शहरों में 'नो किंग्स' आंदोलन हो रहे हैं। यह भारत सहित पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण संदेश है कि सत्ता चाहे जितनी मजबूत क्यों न हो, उसकी वैधता जनता की स्वीकृति पर ही निर्भर करती है।

आमने

ममता दीदी हमेशा पीड़ित होने का नाटक करके राजनीति खेलती हैं। कभी उनका पैर टूट जाता है, कभी वो सिर पर पट्टी बांधे नजर आती हैं। कभी-कभी वह बीमार पड़ जाती हैं और अब वह (चुनाव) आयोग के सामने खुद को असहाय बता रही हैं और उसकी झूठी आलोचना कर रही हैं।

–**अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री

सामने

वे कहते हैं कि मैं चुनाव के समय पट्टी बांधकर घूमती हूं। मैं कई बार मौत के मुंह से वापस लौटी हूं। जाकर डॉक्टर की रिपोर्ट देखिए। क्या आपने साल 2021 के चुनाव में जानबूझकर मेरे पैर को चोट पहुंचाई थी? मैंने व्हीलचेयर पर बैठकर प्रचार किया।

–**ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल

उत्तर भारत की जल सुरक्षा पर मंडराता संकट

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

कश्मीर की वादियों में मार्च का महीना आमतौर पर बर्फ के पिघलने और नदियों के उफनते वेग का प्रतीक होता है, लेकिन साल 2026 के मार्च का पहला सप्ताह एक ऐसी खामोशी लेकर आया है, जिसने पर्यावरणविदों और नीति-निर्धारकों की नींद उड़ा दी है। झेलम नदी, जो सदियों से सभ्यता और संस्कृति की संवाहिका रही है, उसका प्रवाह अचानक थम सा गया है। श्रीनगर के बीचों-बीच सूखी गाद और उभरते पत्थरों का दृश्य केवल एक स्थानीय भौगोलिक परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह समूचे उत्तर भारत की जल व्यवस्था के लिए एक खतरे की घंटी है। इस संकट की जड़ें जितनी गहरी हैं, इसके परिणाम उतने ही व्यापक और विनाशकारी हो सकते हैं।

झेलम का उद्गम कश्मीर घाटी के ऊपरी हिस्से में स्थित बेरीनाग से है और यह लीदर घाटी की बर्फ से जल धारा प्राप्त करती है। वूलर झील में मिलने के पूर्व श्रीनगर के बाद इसमें सिंधु नदी मिलती है। बारामूला के नीचे झेलम कश्मीर घाटी को छोड़कर तेज गति से आगे बढ़ती है और गहरी घाटी बनाती हुई पश्चिम की ओर होती हुई मुजफ्फराबाद पहुंचती है, जहां दाईं ओर से आकर किशनगंगा मिलती है। इसके बाद नदी दक्षिण की ओर कश्मीर और पाकिस्तान की सीमा-रेखा बनाती हुई बहती है और झेलम शहर के उत्तर-पूर्व में पाकिस्तान में प्रवेश करती है। यहां से 322 किमी आगे बहने के बाद तिरमू के पास यह चेनाब में मिल जाती है। स्पष्ट है झेलम पर दोनों देशों के लाखों लोगों की उम्मीदें रहती हैं– खेत के लिए, पेयजल और बिजली परियोजनाओं के लिए। मार्च के तीसरे हफ्ते में कुछ बरसात और बर्फबारी हुई है, लेकिन नदी के हालात इतने खराब हैं कि यह जल-आवक ऊंट के मुंह में जीरा जैसा है। झेलम सूखने के संकट की जड़ें सर्दियों के दौरान हुई वर्षा और हिमपात की भारी कमी में छिपी हैं। झेलम जैसी नदियां मुख्य रूप से बर्फ के पिघलने पर निर्भर करती हैं और जब पहाड़ों का 'वाटर बैंक' ही खाली हो, तो मैदानों में प्रवाह की उम्मीद बेमानी हो जाती है, लेकिन संकट केवल नदी के सूखने तक सीमित नहीं है; इसका भयावह असर कश्मीर की पहचान मानी जाने वाली डल झील पर भी दिखने लगा है। झेलम में कम होते प्रवाह और पानी की गति थमने के कारण डल झील के बड़े हिस्से अचानक गहरे हरे रंग में तब्दील हो गए हैं। स्थानीय निवासी, जो दशकों से इस झील के किनारे रह रहे हैं, बताते हैं कि उन्होंने अपने जीवन में डल का ऐसा रूप पहले कभी नहीं देखा। विशेषज्ञों के अनुसार, जब नदी का इनफ्लो (आवक) कम हो जाता है और पानी स्थिर रहने लगता है, तो पोषक तत्वों (न्यूट्रिएंट्स) का जमाव बढ़ जाता है, जिससे पानी की सतह पर इस तरह के बदलाव दिखाई देते हैं।

इस सूखे का तात्कालिक कारण सर्दियों के दौरान हिमालयी क्षेत्र में वर्षा और हिमपात की भारी कमी है। कश्मीर की नदियां मुख्य रूप से बर्फ के पिघलने पर निर्भर करती हैं। जब सर्दियों के 'चिल्लई कलां' जैसे कठिन समय में पहाड़ों पर बर्फ की परतें नहीं जमीं, तो बसंत के आगमन पर नदियों को मिलने वाला प्राकृतिक भंडार खाली रह गया। यह 'हिम-ऋण' अब झेलम के सूखे तल के रूप में हमारे सामने है। झेलम का सूखना केवल पानी की कमी नहीं, बल्कि एक संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र के चरमराने का संकेत है। इसका सबसे पहला और सीधा प्रहार कृषि और खाद्य सुरक्षा पर पड़ेगा। झेलम घाटी के धान के खेत और दक्षिण कश्मीर के विश्व प्रसिद्ध फलों के बागान इसी नदी के जल पर आश्रित हैं। मार्च और अप्रैल का समय बुवाई और सिंचाई के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यदि इस समय जल का प्रवाह न्यूनतम रहा, तो इसका असर न केवल उत्पादन पर पड़ेगा, बल्कि भविष्य की फसल सुरक्षा भी अनिश्चित हो जाएगी। कृषि के बाद, ऊर्जा सुरक्षा का बड़ा संकट हमारे सामने खड़ा है। भारत की कई महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाएं झेलम के बहाव पर टिकी हैं। नदी का स्तर गिरने से बिजली उत्पादन ठप हो सकता है, जिससे पूरे उत्तरी ग्रिड पर दबाव बढ़ेगा और हमें वैकल्पिक, प्रदूषित ऊर्जा स्रोतों की ओर मुड़ने को मजबूर होना पड़ेगा। जल कूटनीति के नजरिए से भी यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है। सिंधु जल संधि के प्रावधानों के तहत झेलम के पानी का एक बड़ा हिस्सा सीमा पार जाता है, जबकि भारत के पास इसके सीमित उपयोग के अधिकार हैं। जब प्रकृति की ओर से ही पानी की आवक कम होगी, तो दोनों देशों के बीच संसाधनों के बंटवारे को लेकर तनाव बढ़ना लाजिमी है। ऐसी स्थिति में अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर कूटनीतिक जटिलताएं बढ़ सकती हैं, जो क्षेत्रीय स्थिरता के लिए नई चुनौतियां पेश करेंगी। शहरी जल जीवन और जैव विविधता पर पड़ने वाले प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। झेलम का धीमा पड़ता वेग वुलर और डल जैसी विशाल झीलों और आर्द्रभूमियों के अस्तित्व को संकट में डाल रहा है। प्रवासी पक्षियों के आवास और जलीय जीवों का विनाश इस त्रासदी का वह मौन अध्याय है, जिसे अक्सर विकास की फाइलों में जगह नहीं मिलती। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

झेलम नदी के हालात इतने खराब हैं कि यह जल-आवक ऊंट के मुंह में जीरा जैसा है। इसके सूखने के संकट की जड़ें सर्दियों के दौरान हुई वर्षा और हिमपात की भारी कमी में छिपी हैं।

सोशल फोरम

पुरुष का मन

पुरुष के भीतर एक ऐसी जगह होती है, जहां वह खुद भी आसानी से नहीं पहुंच पाता। बाहर की दुनिया में वह चलता-फिरता, बोलता-बतियाता, फैसले लेता हुआ दिखाई देता है, लेकिन भीतर कहीं एक शांत, गोल-सी जगह होती है, जहां उसके अपने नियम चलते हैं। उस जगह में प्रवेश करना ऐसा होता है, जैसे किसी बंद कमरे में कदम रखना, जहां हर हरकत का अपना अर्थ होता है।

आरके आंद रश
कारोबारी

पुरुष का मन अक्सर बाहर से कठोर दिखता है, लेकिन भीतर वह एक अनुशासन चाहता है। यह अनुशासन किसी डर से नहीं बनता, बल्कि इसलिए बनता है कि भीतर की शांति टूट न जाए। जब आदमी अपने भीतर उतरता है, तो उसे महसूस होता है कि वहां हर दिशा, हर कदम का महत्व है। अगर वह जल्दी-जल्दी भागेगा, अगर वह बिना सोचे किसी भी भावना के बीच से गुज़र जाएगा, तो भीतर की व्यवस्था बिगड़ जाती है।

मन के भीतर भी एक 'आग' होती है। यह आग क्रोध की नहीं होती, बल्कि चेतना की होती है। यही वह जगह है, जहां आदमी अपनी बात खुद से कहता है, जहां उसके संदेह, पछतावे, उम्मीदें और प्रार्थनाएं एक साथ बैठती हैं। इस आग के साथ एक रिश्ता बनाना पड़ता है। अगर आदमी इसे अनदेखा करता है, अगर वह इसमें हर तरह का कचरा छोटी-छोटी शिकायतें, दूसरों की नकल, या बेकार की तुलना डालने लगता है, तो धीरे-धीरे यह आग धुंधली पड़ जाती है।

बहुत से पुरुष बाहर की दुनिया में तो मजबूत दिखते हैं, लेकिन जब वे अपने भीतर बैठते हैं तो उन्हें एहसास होता है कि बैठना भी एक अभ्यास है। शरीर की तरह मन को भी एक मुद्रा चाहिए। जब आदमी थोड़ी देर शांत बैठता है, अपनी पीठ सीधी रखता है, अपने विचारों को भागने नहीं देता, तभी भीतर की आवाज़ धीरे-धीरे साफ़ सुनाई देने लगती है। अगर वह बेचैन होकर हर पल उठने-बैठने लगे, तो वह आवाज़ खो जाती है।

पुरुष का मन एक बंद जगह की तरह भी होता है। उसमें हर कोई, हर विचार, हर भावना बिना इजाज़त नहीं आ सकती, लेकिन अक्सर पुरुष खुद ही इस नियम को भूल जाता है। वह हर आलोचना को भीतर आने देता है, हर तुलना को जगह दे देता है, हर डर को अपने कमरे में बैठा लेता है। धीरे-धीरे उसका मन भीड़ से भर जाता है। फिर उसे समझ नहीं आता कि उसकी अपनी आवाज़ कौन-सी है। –**फेसबुक वाल से**

सामयिकी

बराबरी है तो जमीन पर भी नजर आनी चाहिए

भारत का लोकतंत्र विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अपनी पहचान रखता है। यह केवल एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं, बल्कि करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाओं, अधिकारों और सपनों का प्रतिबिंब है। संविधान ने हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का वादा किया है, लेकिन यह सवाल आज भी हमारे सामने खड़ा है कि क्या यह वादा वास्तव में हर नागरिक तक समान रूप से पहुंच पाया है? क्या आज भी एक गरीब और एक अमीर व्यक्ति के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय की सुविधाएं बराबर हैं? यदि नहीं, तो यह स्वीकार करना होगा कि हमारा लोकतंत्र अभी भी अधूरा है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में हाल के वर्षों में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिला है। दवाइयों को ब्रांड के बजाय 'साल्ट' के आधार पर उपलब्ध कराने की पहल ने यह साबित किया है कि सही नीति और नीयत के साथ आम जनता को बड़ी राहत दी जा सकती है। सस्ती दवाइयां केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का माध्यम बनती हैं। यह एक उदाहरण है कि जब सरकार समानता को केंद्र में रखकर काम करती है, तो बदलाव संभव है। यही सोच यदि शिक्षा और न्याय जैसे क्षेत्रों में भी लागू की जाए, तो देश की तस्वीर बदल सकती है।

डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका

शिक्षा आज के समय में केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक उन्नति का सबसे बड़ा साधन है, लेकिन दुर्भाग्य से भारत में शिक्षा की व्यवस्था दो भागों में बंटी हुई है। एक ओर महंगे निजी स्कूल और संस्थान हैं, जहां विश्वस्तरीय सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध हैं और दूसरी ओर सरकारी स्कूल हैं, जहां कई जगह बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। यह विभाजन केवल संस्थानों का नहीं, बल्कि अवसरों का विभाजन है। एक अमीर परिवार का बच्चा जिस स्तर की शिक्षा प्राप्त करता है, वह एक गरीब परिवार के बच्चे के लिए अक्सर एक सपना बनकर रह जाता है।

ऐसी स्थिति में यह विचार स्वाभाविक रूप से सामने आता है कि क्यों न पूरे देश में एक समान शिक्षा प्रणाली लागू की जाए। एक ऐसा ढांचा, जहां हर कक्षा के लिए एक जैसी किताबें हों, एक जैसा पाठ्यक्रम हो और हर बच्चे को समान अवसर मिले। इससे शिक्षा के स्तर में संतुलन आ सकता है और प्रतियोगी परीक्षाओं में भी एक समान आधार तैयार हो सकता है। यह व्यवस्था न केवल सामाजिक समानता को बढ़ावा देगी, बल्कि देश की प्रतिभाओं को भी एक समान मंच प्रदान करेगी। यह भी समझना आवश्यक है कि भारत की विविधता इतनी व्यापक है कि पूरी तरह एकरूप शिक्षा प्रणाली लागू करना सरल नहीं है। अलग-अलग राज्यों की भाषाएं, संस्कृतियां और स्थानीय आवश्यकताएं हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, इसलिए एक 'कॉमन कोर' के साथ-साथ क्षेत्रीय लचीलापन भी जरूरी है, ताकि समानता और विविधता के बीच संतुलन बना रहे।

न्याय व्यवस्था भी लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, लेकिन आम नागरिक के लिए न्याय तक पहुंचना आज भी एक कठिन प्रक्रिया है। न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या, कानूनी प्रक्रियाओं की जटिलता और वकीलों की ऊंची फीस- ये सभी मिलकर न्याय को महंगा और दूर बना देते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति के लिए न्याय प्राप्त करना कई बार असंभव जैसा हो जाता है। यदि न्याय व्यवस्था को सरल, सुलभ और निःशुल्क बनाया जाए, तो यह लोकतंत्र के वास्तविक अर्थ को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

ऋषियों की तपोभूमि चंदौली है प्राचीन काशी

पूर्वी उत्तर प्रदेश की पावन भूमि पर स्थित चंदौली जनपद को सामान्यत: आधुनिक प्रशासनिक इकाई के रूप में देखा जाता है, किंतु इतिहास, पुरातत्व और आध्यात्मिक परंपराओं की दृष्टि से यह क्षेत्र प्राचीन काशी परंपरा का अविभाज्य अंग रहा है। काशी केवल वर्तमान वाराणसी तक सीमित नहीं रही, अपितु प्राचीन काल में इसका सांस्कृतिक-धार्मिक विस्तार चंदौली, मिर्जापुर, सोनभद्र और गाजीपुर तक फैला हुआ था। मां गंगा ने संगम नगरी प्रयागराज के पश्चात विन्ध्य पर्वत को छूते हुए वाराणसी के दक्षिण दिशा से बाबा विश्वनाथ मंदिर वाले भाग काशी को अपनी गोद में लिया, तो तपस्थली वाले भाग प्राचीन काशी चंदौली को भी गाजीपुर के पूर्व ही उत्तर दिशा से काशी के दोनों संपूर्ण भाग को सामान्य रूप से गौरवान्वित किया है। प्राचीन काशी चंदौली के भौगोलिक मानचित्र पर ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के रसूलपुर से वैराठ तक आज भी विद्यमान है। इसकी महत्ता पौराणिक ग्रंथों में विधिवत वर्णित है। यहां ऋषियों की तपोभूमि, शिव-शक्ति उपासना और वैदिक संस्कृति की सशक्त छाप आज भी विद्यमान है। चंदौली का नाम चंद्रसाह नामक बरहौलिया राजपूत के नाम पर बताया जाता है, जिन्होंने यहां एक किला बनवाया था।

गौरीशंकर वैश्य विनम्र
लखनऊ

नगर की प्राचीनता

यह पूरा जिला काशी राज्य के अधिकार में था। इस जिले से संबंधित अनेक कथाओं के अतिरिक्त यहां प्राचीनकाल की मूल्यवान धरोहरों के प्रमाण पाए गए हैं। ईंट आदि के अवशेष जहां-तहां बिखरे पड़े हैं, अनेक तालाब और कुंड हैं। एक बहुत प्राचीन क्षेत्र बलुआ है, जो सकलडीहा तहसील से 22 किलोमीटर दक्षिण गंगा नदी के तट पर स्थित है। यहां हिंदुओं का एक धार्मिक मेला हर वर्ष माघ महीने में मौनी अमावस्या के दिन लगता है। यह पश्चिम वाहिनी मेला के नाम से जाना जाता है। सकलडीहा तहसील का गांव एक महान अघोरेश्वर संत कीनाराम की जन्मभूमि है। वे वैष्णव धर्म के अनुयायी थे, इनका शिव और शक्ति में गहरा विश्वास था। हेतमपुर गांव एक प्राचीन स्थान है, यहां एक किला है, जिसे 'हेतमपुर किला' कहा जाता है। कहा जाता है कि इसको 14 वीं-15 वीं शताब्दी के बीच राजा टोडरमल के द्वारा निर्मित कराया गया था,जो शेरशाह सूरी के राज्य में निर्माण पर्यवेक्षक थे। मुगलकाल के बाद जागीरदार हेतमखां ने इस पर कब्जा कर लिया। चंदौली के राजदरी, देवदरी, चन्द्रप्रभा क्षेत्र तथा आसपास की पहाड़ियों में शैलचित्र, पत्थर के औजार और गुफाएं मिली हैं। ये प्रमाण बताते हैं कि यहां आदिम मानव निवास करता था और यह क्षेत्र जीवन, साधना और प्रकृति-पूजा का केंद्र था। चंदौली का चौसठी देवी क्षेत्र, चन्द्रप्रभा वन्य क्षेत्र और आसपास के स्थल बौद्ध काल में भी महत्वपूर्ण रहे। समीप स्थित सारनाथ से इसका सीधा सांस्कृतिक संबंध रहा। बौद्ध भिक्षु ध्यान और साधना हेतु इन वनों में निवास करते थे।

मोक्षदायिनी नगरी

'काश्यां मरणान्मुक्ति:' काशी की यह आध्यात्मिक ऊर्जा केवल एक नगर तक सीमित नहीं थी। चंदौली उस ऊर्जा का वनांचली और तपस्वी स्वरूप रहा। चंदौली क्षेत्र में शिवलिंगों, देवी मंदिरों और शक्ति स्थलों की प्राचीन परंपरा है। यहां की लोक मान्यता के अनुसार भगवान शिव ने काशी क्षेत्र की रक्षा हेतु इन वनों में विचरण किया। चंदौली में स्थित चन्द्रप्रभा नदी और वन क्षेत्र को अत्यंत पवित्र चंद्रप्रभा तीर्थ के माना जाता है। यहां स्थित जलप्रपात और कुंडों को प्राचीन काल में तपस्या और स्नान के लिए श्रेष्ठ माना गया। यह स्थान केवल प्राकृतिक सौंदर्य ही नहीं, अपितु आध्यात्मिक शांति का केंद्र रहा है।

विश्वामित्र की कर्मस्थली

चंदौली भूभाग पर हजारों वर्षों से अब तक ऋषि-महर्षियों के तप करने का प्रमाण उपलब्ध है। गंगा नदी के तटों से लेकर वाणगंगा और चकिया नौगढ़ के जंगलों तक विस्तृत यह क्षेत्र सभी दृष्टिकोण से सुरक्षित और शांतिप्रिय रहा है, जहां सैकड़ों वर्षों तक एक मुद्रा में बैठे ऋषि-मुनियों ने साधना की। प्राचीन काशी में ही महर्षि याज्ञवल्क्य को चकिया के पठारी तथा जंगली क्षेत्र की शांति खींच लाई थी। जहां उन्होंने एक पैर पर खड़े होकर सैकड़ों वर्ष तपस्या किया। भगवान शंकर से नाराज होकर महर्षि वेदव्यास ने प्राचीन काशी (चंदौली) के साहूपुरी (व्यासनगर) में आए, जहां अपना क्रोध - त्याग किया और वहीं साधना करने लगे। महर्षि विश्वामित्र ने अपनी कर्मस्थली और लीलास्थली नौगढ़ क्षेत्र को बनाया, इसका प्रमाण कर्मनाशा के रूप में विस्तृत है। महाराज दुष्यंत और शकुंतला की प्रेम कहानी इसी भूभाग से जुड़ी है, जहां मगरौर में महाराज भरत के जन्म का प्रमाण मिलता है, इनके नाम पर ही इस देश का नाम भारत पड़ा। विद्वानों का यह भी मानना है कि इस समृद्ध क्षेत्र में कभी है हयवंशी क्षत्रियों के संहार हेतु यमदग्नि-पुत्र परशुराम ने अशांति फैलायी थी, जिसका प्रमाण रायल ताल को माना जाता है।

लोक आस्थाएं एवं परंपराएं

चंदौली की ग्राम्य संस्कृति में आज भी काशी की परंपराएं जीवित हैं। श्रावण मास की शिव पूजा, कार्तिक स्नान, लोक देवी-देवताओं की आराधना, संस्कारों में वैदिक मंत्रोच्चार यह सब दर्शाता है कि चंदौली केवल भौगोलिक इकाई नहीं, अपितु यहां के लोक जीवन में आध्यात्मिक निरंतरता व्याप्त है। चंदौली की लोक संस्कृति में काशी की छवि स्पष्ट दिखाई देती है। यहां की भोजपुरी-काशी बोली में राम, शिव, गंगा और काशी से जुड़े असंख्य लोकगीत प्रचलित हैं। विवाह, जन्म और पर्वों पर गाए जाने वाले गीतों में काशी को पुण्य स्थल के रूप में स्मरण किया जाता है। यहां के शिवरात्रि मेले,नवरात्र उत्सव, कार्तिक पूर्णिमा आदि आयोजनों में काशी परंपरा की झलक मिलती है।

वर्तमान स्वरूप

आज का चंदौली जनपद आध्यात्मिक विरासत और आधुनिक विकास के संतुलन का उदाहरण है। वाराणसी से 20 मई, 1997 में अलग होकर चंदौली जनपद बना। यह उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग में स्थित है, जो वाराणसी से 30 किलोमीटर दूरी पर है। यह जनपद वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र से घिरा हुआ है, जो इसके ऐतिहासिक-धार्मिक महत्व को और पुष्ट करता है। चंदौली को उत्तर प्रदेश का 'धान का कटोरा' कहा जाता है। उपजाऊ भूमि, नहर प्रणाली, कर्मनाशा और चन्द्रप्रभा के जल से परिपूरित यह क्षेत्र कृषि के साथ-साथ अब औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों की ओर भी बढ़ रहा है। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यहां चन्द्रप्रभा वन्यजीव अभयारण्य, जलप्रपात, ऐतिहासिक स्थल और अनेक धार्मिक स्थल पर्यटकों के आकर्षण के केंद्र हैं। यदि इनका समुचित विकास किया जाए, तो चंदौली आध्यात्मिक-पर्यटन मानचित्र पर विशेष स्थान प्राप्त कर सकता है। चंदौली और काशी का पुराना अटूट संबंध है। जहां काशी (वाराणसी) ज्ञान, मोक्ष और चेतना का केंद्र रही, वहीं चंदौली उसका वन्य, तपस्वी और प्राकृतिक विस्तार क्षेत्र कहा जा सकता है। चंदौली ने काशी की आत्मा को अपने वनों, नदियों, लोक जीवन और आस्थाओं में सुरक्षित रखा है। आज आवश्यकता है कि इस विरासत को पहचाना जाए, संरक्षित किया जाए और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जाए। चंदौली केवल एक जनपद नहीं, अपितु यह प्राचीन काशी की जीवित स्मृति है।

पौराणिक कथा

कर्ण और वृषकेतु

वेदव्यास लिखित महाभारत में कर्ण की कथा अत्यंत मार्मिक और रहस्यमयी रूप में वर्णित मिलती है। विवाह से पूर्व ऋषि दुर्वासा के वरदान के प्रभाव से कुंती को एक पुत्र प्राप्त हुआ, जिसे समाज के भय से उन्होंने नदी में बहा दिया। यह बालक सूर्यपुत्र कर्ण था। नदी की धारा में बहते हुए उस शिशु को सारथी अधिरथ और उनकी पत्नी ने अपनाकर उसका पालन-पोषण किया। आगे चलकर हस्तिनापुर के महाराज धृतराष्ट्र के ज्येष्ठ पुत्र दुर्योधन ने कर्ण की प्रतिभा को पहचानते हुए उसे अपना मित्र बनाया और अंग देश का राजा बनाया। कर्ण के जीवन की सबसे बड़ी विडंबना यही रही कि न तो वह स्वयं अपने जन्म का सत्य जान पाया और न ही पांडव और कौरव इस रहस्य से परिचित थे कि वह कुंती का ज्येष्ठ पुत्र है। कर्ण की दो पत्नियां थीं-ऋषाली और सुप्रिया। ऋषाली सूत कुल की थीं। उनसे कर्ण को नौ पुत्र प्राप्त हुए। महाभारत युद्ध के दौरान कर्ण के आठ पुत्र- वृषसेन, चित्रसेन, सत्यसेन, सुसेन, शत्रुंजय, प्रसेन, बनसेन और अन्य अर्जुन, भीम तथा सात्यकि जैसे महारथियों के हाथों वीरगति को प्राप्त हुए। केवल सबसे छोटा पुत्र वृषकेतु, जो उस समय अल्पायु था, भीष्म पितामह के आदेश से युद्ध में शामिल नहीं हुआ।

शिवचरण चौहान
लेखक

महाभारत युद्ध के उपरांत कर्ण का अंतिम संस्कार उसके वरदानानुसार श्रीकृष्ण के हाथों संपन्न हुआ। कर्ण की पत्नी ऋषाली पति-वियोग सहन न कर सकीं और सती हो गईं। इधर वृषकेतु ने पिता की मृत्यु का प्रतिशोध लेने का संकल्प लिया, परंतु सम्राट युधिष्ठिर ने सत्य स्वीकार करते हुए कर्ण को अपना बड़ा भाई घोषित किया और वृषकेतु को स्नेहपूर्वक इंद्रप्रस्थ का अधिपति बना दिया। वृषकेतु ने बाद में अर्जुन के साथ कई सैन्य अभियानों में भाग लिया। कुंती द्वारा कर्ण जन्म का रहस्य छिपाए जाने पर धर्मराज युधिष्ठिर ने अपनी माता को श्राप दिया कि भविष्य में कोई भी स्त्री रहस्य नहीं छिपा सकेगी। इसके पश्चात उन्होंने कुंती का त्याग कर दिया। कुंती, धृतराष्ट्र, गांधारी, विदुर और संजय वन को प्रस्थान कर गए। कहा जाता है कि कर्ण को न स्वीकार पाने का पश्चाताप कुंती को जीवनभर व्यथित करता रहा, ऐसे में वृषकेतु ने ही उनका सहारा बनकर सेवा की।

एक दिन जंगल में आग लग गई और आग बहुत तेजी से फैलने लगी। आंखों में पट्टी बांधे गांधारी और धृतराष्ट्र नहीं भाग सके। जंगल की आग में जलने लगे तो उनके साथ कुंती, विदुर और संजय ने साथ नहीं छोड़ा और सभी के सभी जंगल की आग में जलकर मृत्यु को प्राप्त हुए। बाद में जब पांडव हिमालय की ओर प्रस्थान कर गए, तब इंद्रप्रस्थ का शासन वृषकेतु और हस्तिनापुर का राज्य परीक्षित के हाथों में रहा। परीक्षित की मृत्यु तक्षक नाग के दंश से हुई, जिसके पश्चात उनके पुत्र जनमेजय ने नाग यज्ञ का आयोजन किया।

अलखनाथ मंदिर: भाव ही भक्ति

आनंद अखाड़ा के नागा बाबा अलखिया के नाम पर पड़ा अलखनाथ मंदिर नाम किला रोड स्थित 84 बीघे में फैला बेहद प्राचीन है। मुगलों के आक्रमण के समय धर्मरक्षा का केंद्र था यह मंदिर। बताते हैं कि वट वृक्ष के बीचो-बीच शिवलिंग स्वयं प्रकट हुए थे। मुगल शासकों के आक्रमण के समय में मंदिर व धर्म की साख बचाने के लिए आनंद अखाड़ा ने नागा बाबा अलखिया को यहां भेजा था। उन्होंने न सिर्फ मंदिर परिसर मुगल आक्रांताओं से सुरक्षित रखा, बल्कि गुरु-शिष्य परंपरा शुरू कर अलखनाथ मंदिर को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित कर दिया। बाबा अलखिया ने यहां पर रहकर तपस्या की फिर मंदिर की स्थापना भी कराई।

-फीचर डेस्क

अलखनाथ मंदिर में वट वृक्ष के बीचो-बीच प्रकट हुए शिवलिंग के दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। मंदिर के पुजारी बताते हैं कि यहां पर भक्त जिस भाव से आते हैं भोलेनाथ भी उसकी इच्छा उसी भाव से पूरी करते हैं। अलखिया बाबा के बाद 1008 सूरज गिरि, नागा बाबा दत्त गिरि और कमल गिरि ने मंदिर की गद्दी संभाली फिर देव गिरि महाराज 24 वर्ष तक गद्दी पर विराजमान रहे। धर्म गिरि और इनके बाद बालक गिरि ने 9 वर्ष की आयु में यहां आकर अपना पूरा जीवन लगा दिया। अब उनके शिष्य कालू गिरि महाराज 2016 से मंदिर की व्यवस्था देख रहे हैं। मंदिर परिसर में ही मंदिर की गद्दी संभालने वाले महंतों की समाधियां भी बनी हैं।

पुजारी सलोने श्याम के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में मंदिर का विकास तेजी से हुआ है। वर्ष 2022 में नाथ मंदिरों में शामिल किए जाने के बाद मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था भी दुरुस्त की गई है। मंदिर परिसर में राम-सीता का दरबार, शनि मंदिर, शिव विवाह की झांकी, विष्णु दरबार की झांकियां बनी हैं। मंदिर के मुख्य द्वार पर हनुमान की 51 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। मंदिर परिसर में सावन, शिवरात्रि आदि त्योहारों पर भक्तों की भीड़ उमड़ती है। मंदिर परिसर में करीब 25 संत-महंत रहते हैं।

भक्तों के लिए सीधे-सच्चे हैं बाबा अलखनाथ

पिछले 40 साल से मंदिर आने वाली 60 वर्षीय सुमन ने बताया कि बाबा अलखनाथ बहुत सच्चे हैं। जीवन में जो मांगा आज तक सब कुछ मिला है। इस उम्र में भी यहां रोजाना आती हूं। रमेश ने बताया ठेले पर सामान बेचता था, कभी उन्नति नहीं हुई। पांच साल से बाबा के दर्शन के बाद ही काम पर जाता हूं, अब अपनी कमाई से संतुष्ट हूं। बाबा पर पूरा भरोसा है। मंदिर में मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित है। अलखनाथ मंदिर के बाहर मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित लिखा है। हालांकि मंदिर के पुजारी सलोने श्याम के अनुसार ये बोर्ड तत्कालीन परिस्थितियों को देखते हुए लगाया गया था। वर्तमान में मंदिर में केवल असामाजिक तत्वों का आना मना है।



किसे कहा जा सकता है गुरु

गुरु मूल रूप से वह शिक्षक नहीं है, जैसा कि हम आमतौर पर इस शब्द का प्रयोग करते हैं-यानी वह व्यक्ति जो अपने मन से ज्ञान को आप तक पहुंचाता है। ज्ञान पुस्तकों में मिल सकता है। अवधारणाएं एक ही दोपहर में समझी जा सकती हैं। गुरु के पास जो ज्ञान है, उसे न तो समझाया जा सकता है, न ही सिखाया जा सकता है। यह केवल संचारित होता है, ठीक वैसे ही जैसे एक लौ बुझी हुई मोमबत्ती को अग्नि प्रदान करती है। मोमबत्ती लौ नहीं बन जाती, बल्कि वह स्वयं ही उसी अग्नि से भीतर से प्रज्वलित हो जाती है। यही शक्तिपात है।

शिवानंद मिश्रा
आध्यात्मिक लेखक

गुरु उपाय:- गुरु ही साधन हैं। एक विशेष प्रकार का अंधकार होता है, जो प्रकाश की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि प्रकाश के अस्तित्व को ही भूल जाना है। आप इसमें वर्षों, दशकों तक भी रह सकते हैं-संसार में कुशलतापूर्वक, बुद्धिमानी से, यहां तक कि कुछ क्षणों के लिए प्रसन्नतापूर्वक भी आगे बढ़ सकते हैं-फिर भी भीतर ही भीतर एक शांत, अनकहा दर्द लिए रहते हैं। एक अनुभूति कि कुछ आवश्यक चीज़ गायब है। कि आप अपने आप की सतही अवस्था में जी रहे हैं। कि आपके भीतर की गहराई को कभी छुआ ही नहीं गया है। यदि आप भाग्यशाली हैं, यदि ब्रह्मांड में कोई असाधारण कृपा से आपकी ओर मुड़ता है, तो एक व्यक्ति प्रकट होता है। सहमेशा वस्त्रों में नहीं। हमेशा औपचारिकता के साथ नहीं। कभी-कभी सबसे साधारण परिस्थितियों में-एक आकस्मिक मुलाकात में, सही समय पर बोले गए एक वाक्य में, किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा आपके हाथों में रखी गई पुस्तक में, जिसने बस इतना कहा हो-इसे पढ़ो। लेकिन उस मुलाकात में कुछ ऐसा होता है, जो आपकी अब तक की सभी मुलाकातों से अलग होता है।



उसमें कुछ ऐसा होता है, जो आपको केवल जानकारी नहीं देता, आपका मनोरंजन नहीं करता या आपको सांत्वना नहीं देता-वह आपको बदल देता है। वही व्यक्ति गुरु है। और यह सूत्र-मात्र दो शब्द-'गुरु उपाय:', उस बात की घोषणा करता है जिसे तर्कसंगत मन गंभीरता से लेने के लिए लगभग बहुत सरल पाता है-गुरु साधन हैं। केवल साधन नहीं। आध्यात्मिक उपकरणों के अनेक साधनों में से एक नहीं-साधन। वह स्वयं साधन। वह माध्यम, जिसके द्वारा सोई हुई आत्मा अपने वास्तविक स्वरूप को जागृत करती है। गुरु की आवश्यकता क्यों है? आपमें ऐसी कई बातें हैं, जिन्हें आप स्वयं नहीं देख सकते, लेकिन दूसरे उन्हें स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। आंख स्वयं को नहीं देख सकती। मन अपनी कमियों को पूरी तरह से नहीं देख सकता। चेतना में एक विशेष प्रकार की गांठ होती है-वह है अपने आप को केंद्रीय मानने वाली छोटी-सी 'स्व' की गांठ, जिसे उसी हाथ से खोलना असंभव है जिसने उसे बांधा है। आपको एक दूसरे हाथ की आवश्यकता है। ऐसा हाथ नहीं, जो आपको नियंत्रित करे। ऐसा हाथ नहीं, जो आपको छोटा करे। बल्कि एक ऐसा हाथ, जो आपके विस्मृति के अंधकार में इतनी स्थिरता, इतने प्रेम और सत्य में इतनी अटूट दृढ़ता के साथ पहुंचे कि उनकी उपस्थिति में वह गांठ स्वतः ही खुलने लगे। वही हाथ गुरु है।

बोधकथा

दीपक और हवा

एक गांव में अर्जुन नाम का एक युवक रहता था। वह बहुत महत्वाकांक्षी था और जीवन में बड़ा नाम कमाना चाहता था, लेकिन हर बार जब वह कोई नया काम शुरू करता, तो थोड़ी सी कठिनाई आते ही हिम्मत हार बैठता। असफलताओं से परेशान होकर एक दिन वह गांव के एक वृद्ध गुरु के पास पहुंचा। अर्जुन ने कहा, "गुरुदेव, मैं मेहनत तो करता हूं, लेकिन बार-बार असफल हो जाता हूं। समझ नहीं आता कि मेरी मेहनत में कमी है या किस्मत साथ नहीं दे रही।" गुरु ने कुछ देर सोचा और उसे रात को अपने साथ बैठने को कहा। जब अंधेरा हुआ, तो गुरु एक छोटा सा दीपक जलाकर अर्जुन के सामने रख दिया। फिर उन्होंने खिड़की खोल दी, जिससे तेज हवा अंदर आने लगी। हवा के झोंकों से दीपक की लौ बार-बार डगमगाने लगी और कुछ ही क्षणों में बुझ गई। गुरु ने फिर दीपक जलाया, इस बार खिड़की बंद कर दी। अब दीपक की लौ स्थिर और शांत जलने लगी। गुरु मुस्कुराते हुए बोले, "अर्जुन, क्या तुमने कुछ समझा?" अर्जुन ने कहा, "जी गुरुदेव, जब हवा तेज थी तो दीपक बुझ गया और जब हवा बंद कर दी तो वह स्थिर जलने लगा।" गुरु ने समझाया, "यह दीपक तुम्हारी मेहनत है और हवा तुम्हारी कमजोरियां-जैसे अधैर्य, डर और जल्दी हार मान लेना। जब तक तुम इन कमजोरियों को अपने ऊपर हावी होने दोगे, तुम्हारी मेहनत का दीपक बार-बार बुझता रहेगा।" अर्जुन ध्यान से सुन रहा था। गुरु ने आगे कहा, "सफलता के लिए केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि धैर्य और आत्मविश्वास भी जरूरी है। जब तुम अपने मन को स्थिर कर लोगे, तब कोई भी कठिनाई तुम्हें रोक नहीं पाएगी।" अर्जुन को अपनी गलती समझ में आ गई। उसने निश्चय किया कि अब वह हर कठिनाई का सामना धैर्य से करेगा और जल्दी हार नहीं मानेगा। कुछ समय बाद वही अर्जुन अपने काम में सफल होने लगा। अब वह हर परिस्थिति में शांत और दृढ़ बना रहता था। इस कथा से सीख मिलती है केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि धैर्य और आत्मविश्वास भी सफलता की कुंजी हैं।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	71,947 .55	22,331
गिरावट	1635 .67	488 .20
प्रतिशत में	2 .22	2 .14

सोना 1,51,500 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,37,000 प्रति किलो

अमृत विचार

लखनऊ, मंगलवार, 31 मार्च 2026

www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

बीएचईएल को मिला 13,500 करोड़ का ठेका

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को तेलंगाना में 2,400 मेगावाट की 'चरण-दो' ताप बिजली परियोजना के मुख्य संयंत्र पैकेज के निर्माण के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी से 13,500 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। बीएचईएल ने सोमवार को यह जानकारी दी। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, बीएचईएल अक्टूबर, 2024 में इस परियोजना के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरी थी। इसके बाद 29 मार्च, 2026 को एनटीपीसी ने बीएचईएल को 800-800 मेगावाट की तीन इकाइयों वाली इस परियोजना के मुख्य संयंत्र कार्य के लिए आधिकारिक आवंटन पत्र जारी किया।

प्रॉपशेयर सेलेस्टिया का आईपीओ 10 को खुलेगा

नयी दिल्ली। देश के पहले पंजीकृत लघु और मझोले रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (एसएम रीट), प्रॉपर्टी शेयर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट ने सोमवार को घोषणा की कि प्रॉपशेयर सेलेस्टिया का 244 .65 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 10 अप्रैल को खुलेगा। एसएम रीट एक ऐसा निवेश माध्यम है जो छोटे और मध्यम स्तर के निवेशकों को बड़े व्यावसायिक भवनों या संपत्तियों में हिस्सेदारी खरीदने और उससे किराया कमाने का मौका देता है। एक बयान के अनुसार, यह आईपीओ 16 अप्रैल को बंद होगा। इसके लिए प्रति यूनिट 10 लाख से 10 .50 लाख रुपये का मूल्य दायरा तय किया गया है।

वोल्टास को 23.52 करोड़ रुपये का नोटिस

नयी दिल्ली। टाटा समूह की कंपनी वोल्टास लिमिटेड को आयातित वस्तुओं के कथित गलत वर्गीकरण के मामले में सीमा शुल्क अधिकारियों से 23 .52 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिला है। इसमें शुल्क और जुर्माना दोनों शामिल हैं। वोल्टास ने कहा कि वह इस आदेश का विश्लेषण कर रही है और इस मामले में सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सेसटैट) के समक्ष अपील दायर करने सहित उचित कानूनी कदम उठाएगी। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को इसकी जानकारी दी।

सीएमपीडीआईएल का शेयर पहले दिन ही टूटा

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया की इकाई सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टिट्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआईएल) का शेयर सोमवार को 172 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई पर शेयर का कारोबार 162 .80 रुपये पर शुरू हुआ, जो निर्गम मूल्य से 5 .34 प्रतिशत कम था। कारोबार के दौरान, इसमें 11 .45 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 152 .30 रुपये पर आ गया। बाद में गिरावट के साथ 154 .05 रुपये पर बंद हुआ।

पेट्रोल पंप पर केरोसिन भी मिलेगा हर जिले में 2 पंपों पर होगी सुविधा

केंद्र का फैसला: पीडीएस के तहत 60 दिन के लिए केरोसिन के वितरण की अनुमति

नयी दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया संकट के बीच एलपीजी से दबाव कम करने के लिए सरकार ने पीडीएस के तहत 60 दिनों के लिए कैरोसिन यानी मिट्टी के तेल के वितरण की अनुमति दी है। इसके तहत अब पेट्रोल पंपों से भी केरोसिन मिलेगा। प्रशासन जिले में सरकारी कंपनियों के अधिकतम दो पेट्रोल पंप इस सुविधा के लिए चुन सकेगा। इनमें से प्रत्येक पंप पर 5,000 लीटर तक केरोसिन स्टोर किया जा सकेगा।

केंद्र सरकार का यह आदेश 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होगा, जो राज्य पहले केरोसिन-मुक्त घोषित किए जा चुके हैं। यह 60 दिन की आपातकालीन व्यवस्था रसोई गैस (एलपीजी) पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए की गई है। यह निर्णय पश्चिम एशिया में पिछले एक माह से जारी युद्ध के कारण ऊर्जा आपूर्ति, विशेषकर रसोई गैस (एलपीजी) में बाधा आने के बाद लिया गया है। भारत अपनी रसोई गैस की लगभग 60 प्रतिशत जरूरत को आयात के जरिये पूरा करता है, जिनमें से 85-90 प्रतिशत गैस खाड़ी देशों से आती है।

युद्ध के कारण इसकी आपूर्ति में रुकावट आई है, जिससे होटल और रेस्तरां जैसे वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं के लिए गैस की आपूर्ति कम करनी पड़ी है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 29 मार्च की अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 और पेट्रोलियम नियम, 2002 के तहत अस्थायी छूट प्रदान की है ताकि 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत केरोसिन का वितरण सुचारू रूप से किया जा सके।

अधिसूचना के अनुसार, प्रत्येक जिले में अधिकतम दो नामित सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनी (ओएमसी) के पेट्रोल पंप को 5,000 लीटर तक केरोसिन रखने की अनुमति दी जाएगी, बशर्ते निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए। इन पेट्रोल पंप पर केरोसिन भरने के लिए एजेंट और डीलर को लाइसेंस लेने से छूट दी गई है, जबकि पहले से लाइसेंसधारी टैंकर वाहनों को भी इसके लिए अतिरिक्त अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। ये छूट कड़ाई से सुरक्षा मानकों और पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) द्वारा जारी संचालन संबंधी दिशानिर्देशों का पालन करने के शर्त पर दी गई है।

- एलपीजी पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए उठाया कदम

केरोसिन के भंडारण, भराई और वितरण का पूरा रिकॉर्ड रखा जाना चाहिए और इसे जिला प्रशासन तथा पीईएसओ द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है।

यह आदेश तुरंत प्रभावी होगा और 60 दिन तक या अगले आदेश तक वैध रहेगा। एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, केरोसिन का उपयोग खाना पकाने और रोशनी के लिए किया जाएगा।

इसे उन 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अस्थायी रूप से फिर से उपलब्ध कराया जाएगा, जिन्हें पहले 'पीडीएस एसकेओ (केरोसिन-मुक्त)' घोषित किया गया था। इनमें दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गोवा, मध्य प्रदेश और गुजरात शामिल हैं।

आईटी मंत्री की चेतावनी: प्रोडक्ट डिजाइन नहीं तो रोकेंगे सरकारी फंड

गुणवत्ता मानक पूरे नहीं करने वाली कंपनी होगी योजना से बाहर

नयी दिल्ली, एजेंसी

आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने साफ किया है कि भारत में प्रोडक्ट डिजाइन और क्वालिटी पर निवेश नहीं करने वाली कंपनियों को ईसीएमएस स्कीम का सरकारी फंड नहीं मिलेगा। साथ ही सिक्स सिग्मा मानक पूरे नहीं करने पर उन्हें योजना से ही बाहर किया जा सकता है।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को ईसीएमएस के तहत 7,104 करोड़ रुपये के नए निवेश से जुड़े 29 प्रस्तावों को मंजूरी देने के बाद आगाह किया कि जो लाभार्थी उत्पाद डिजाइन प्रौद्योगिकी में निवेश नहीं करेंगे, उन्हें योजना से बाहर किया जा सकता है। वैष्णव ने कहा कि यदि उद्योग की ओर से अपेक्षित प्रयास नहीं किए जाते हैं तो मैं आगे किसी भी भुगतान या नई मंजूरी को रोकने के लिए तैयार हूं।

मंत्री ने मंत्रालय द्वारा निर्धारित एकीकृत दृष्टिकोण का पालन नहीं करने पर उद्योग संगठन इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन और उसकी सदस्य कंपनियों की आलोचना भी की। कहा कि मैं यह बहुत स्पष्ट रूप से कह रहा हूं क्योंकि यह हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हम हमेशा 'राष्ट्र प्रथम' में विश्वास करते हैं। वैष्णव ने कहा कि देश को इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन, कलपुर्जा डिजाइन और मशीन डिजाइन के क्षेत्र में आगे बढ़ने की जरूरत है।

मंत्री ने उद्योग को 15 दिन की समय सीमा दी है, जिसके भीतर कंपनियों को यह बताना होगा कि उन्होंने उत्पाद डिजाइन, 'सिक्स सिग्मा' मानक, प्रतिभा विकास और स्थानीय आपूर्ति (सोर्सिंग) जैसे प्रमुख मुद्दों पर क्या कदम उठाए हैं। सिक्स सिग्मा एक ऐसी कार्यप्रणाली है जिसका उद्देश्य उत्पादन में त्रुटियों को न्यूनतम करना और लगभग पूर्ण गुणवत्ता सुनिश्चित करना है।



नई दिल्ली में 'इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम' पर आयोजित एक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव।

तेज हुई डीपफेक हटाने की कार्रवाई

नयी दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कृत्रिम मेधा (एआई) से तैयार किए जाने वाले डीपफेक पर बढ़ती चिंताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया मंचों ने भी अपनी ओर से डीपफेक सामग्री को हटाने के प्रयासों को काफी तेज कर दिया है। सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने पत्रकारों से बातचीत में डीपफेक को समाज के लिए एक नया खतरा और अभिशाप बताया। डीपफेक वह प्रौद्योगिकी है जिसके जरिये किसी व्यक्ति की फोटो, आवाज या वीडियो को डिजिटल माध्यम से बदलकर बिल्कुल असली जैसा दिखने वाला फर्जी रूप दे दिया जाता है। बताया- सोशल मीडिया मंचों ने डीपफेक सामग्री को हटाने की अपनी कार्रवाई को लगभग दोगुना या तिगुना कर दिया है।

प्रौद्योगिकी उद्योग पर फिलहाल असर नहीं

नयी दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि सरकार उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग संगठनों के साथ पश्चिम एशिया संघर्ष और इसके पड़ने वाले प्रभाव को लेकर बातचीत कर रही है। उद्योग निकायों ने अपने संचालन पर किसी भी प्रतिकूल प्रभाव की सूचना नहीं दी है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री की यह टिप्पणी उन खबरों के बीच आई है कि हीलियम की कमी ने वैश्विक प्रौद्योगिकी आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि हमने यहां मौजूद हर उद्योग संगठन से बात की है और सभी ने कहा है कि अभी तक कोई प्रभाव नहीं पड़ा है...। इसमें सेमीकंडक्टर, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे और हार्डवेयर क्षेत्र शामिल हैं...। हम उद्योग के साथ बातचीत जारी रखेंगे।

रुपया 2025-26 में 9.88 प्रतिशत टूटा 14 साल की सबसे बड़ी गिरावट

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रुपया वित्त वर्ष 2025-26 में डॉलर के मुकाबले 9.88 प्रतिशत कमजोर हुआ है, जो 14 साल में डॉलर के मुकाबले सबसे बड़ी गिरावट है। वित्त वर्ष 2011-12 में, घरेलू मुद्रा, डॉलर के मुकाबले 12.4 प्रतिशत कमजोर हुई थी, उस समय चालू खाते का घाटा बढ़कर 4.2 प्रतिशत हो गया था।

मौजूदा वित्त वर्ष में, यह भारी गिरावट लगातार विदेशी कोषों की निकासी, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक स्तर पर डॉलर के मजबूत होने की वजह से हुई। वैश्विक वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव और नकदी की तंगी ने भी 2025-26 में रुपये पर और दबाव डाला। बाजार के जानकारों के अनुसार, एक अप्रैल से अब तक दूसरी एशियाई मुद्राओं में भी डॉलर के मुकाबले भारी गिरावट देखी गई है। जापानी येन छह प्रतिशत, फिलिपीन की मुद्रा पीसो 5.74 प्रतिशत और दक्षिण कोरियाई वॉन 2.88 प्रतिशत कमजोर हुआ है। दक्षिण कोरियाई बैंक शिन्हान बैंक के भारत में ट्रेजरी प्रमुख, सुनल सोधानी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 बाहरी झटकों, पूंजी के बाहर जाने और ढांचागत कमजोरियों जैसी कई समस्याओं के एक साथ आने की वजह से रुपया कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि 2025-26 में असर डालने वाले कारक 2011-12 के कारकों से अलग हैं।

केंद्र का राजकोषीय घाटा लक्ष्य के 80.4% पर

नयी दिल्ली, एजेंसी। केंद्र का राजकोषीय घाटा फरवरी में 2025-26 के बजट लक्ष्य का 12 .52 लाख करोड़ रुपये यानी 80 .4 प्रतिशत रहा है। एक साल पहले इसी अवधि में यह 85 .8 प्रतिशत था। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। केंद्र सरकार ने 2025-26 में राजकोषीय घाटा (व्यय और राजस्व के बीच का अंतर) सकल घरेलू उत्पाद के 4 .4 % यानी 15 .58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान रखा है। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी, 2026 के अंत तक केंद्र की कुल प्राप्तियां 27 .91 लाख करोड़ रुपये रहीं, जो बजट लक्ष्य का 82 प्रतिशत है। इन प्राप्तियों में 21 .45 लाख करोड़ का कर राजस्व (शुद्ध) और 5 .8 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व शामिल है। सीजीए के आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल-फरवरी, 2025-26 के दौरान केंद्र सरकार का कुल व्यय 40 .44 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पूरे वित्त वर्ष के बजट लक्ष्य का 81 .5% है।

विनिर्माण क्षेत्र के प्रदर्शन से औद्योगिक उत्पादन 5.2% बढ़ा

नयी दिल्ली, एजेंसी। देश का औद्योगिक उत्पादन विनिर्माण क्षेत्र में सुधार से फरवरी में 5.2 प्रतिशत बढ़ा। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर मापा जाने वाला कारखाना उत्पादन फरवरी, 2025 में 2.7 प्रतिशत बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जनवरी, 2026 के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि के अनुमान को पहले जारी 4.8 प्रतिशत के अस्थायी अनुमान से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी, 2026 में विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि तेज होकर छह प्रतिशत हो गई जबकि एक वर्ष पहले इसी महीने में यह 2.8 प्रतिशत थी। खनन क्षेत्र की वृद्धि भी थोड़ा सुधरकर 3.1 प्रतिशत हो गई।

- राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जारी किये आंकड़े

डब्ल्यूटीओ वार्ता समाप्त, ई-कॉमर्स पर शुल्क संबंधी रोक बढ़ाने पर नहीं बन सकी सहमति

नयी दिल्ली, एजेंसी। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का चार दिन का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी14) सोमवार को कैमरून के याउंडे में समाप्त हो गया। लेकिन ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क नहीं लगाने की व्यवस्था को आगे बढ़ाने के मुद्दे पर सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बन सकी।

यह व्यवस्था 1998 से लागू है, जिसके तहत डिजिटल डाउनलोड और स्ट्रीमिंग जैसी इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं पर सीमा शुल्क नहीं लगाया जाता। तब इसे दो साल के लिए लागू किया गया था और बाद में हर दो साल में इसे बढ़ाया जाता रहा। अब इस पर सहमति नहीं बनने से देशों के पास इन सेवाओं पर शुल्क लगाने का रास्ता खुल सकता है। बैठक में इस मुद्दे पर अमेरिका और ब्राजील के बीच मतभेद सामने आए। कुछ देश इस व्यवस्था को आगे बढ़ाने के पक्ष में नहीं थे या केवल दो साल का विस्तार चाहते थे, जबकि अमेरिका इसे पांच साल तक बढ़ाने की मांग कर रहा था। मौजूदा व्यवस्था 31 मार्च को समाप्त होने वाली है। सम्मेलन 26 मार्च से शुरू हुआ था और 29 मार्च को खत्म होना था, लेकिन इसे बढ़ाकर 30 मार्च तक चलाया गया।

सम्मेलन की अध्यक्षता करने वाले कैमरून के व्यापार मंत्री ल्यूक मैग्लॉयर म्बार्गा अतांगाना ने कहा कि व्यापार मंत्रियों ने कई मुद्दों को निपटाने की कोशिश की, लेकिन समय की कमी के कारण कुछ लंबित मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई। इनमें ई-कॉमर्स पर डब्ल्यूटीओ की कार्य प्रक्रिया, इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन पर सीमा शुल्क वसूलने पर लगी वर्तमान रोक को जारी रखने और बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधित पहलुओं (टीआरआईपीएस) से जुड़ी शिकायतों का समाधान जैसे विषय सम्मिलित थे।

उन्होंने कहा कि अब इन विषयों पर चर्चा संगठन के मुख्यालय जिनेवा में जारी रहेगी।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के लिए चुनाव अधिसूचना जारी, 6 अप्रैल तक नामांकन

पहले चरण में तमिलनाडु की सभी 234 और पश्चिम बंगाल में 152 सीटों पर होगा मतदान

कोलकाता, एजेंसी

चुनाव आयोग ने सोमवार को तमिलनाडु विधानसभा चुनावों और पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी कर दी, जिससे दोनों राज्यों में औपचारिक रूप से चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

तमिलनाडु की सभी 234 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में मतदान होगा, जबकि पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 152 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। दोनों राज्यों में मतदान 23 अप्रैल को होने वाला है, जो दो राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्यों में एक निर्णायक चुनावी प्रक्रिया होगी। पहले चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 अप्रैल है, जबकि नामांकनों की जांच 7 अप्रैल को की जाएगी। उम्मीदवार 9 अप्रैल तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। विस्तृत कार्यक्रम के अनुसार, पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का मतदान शेष 142 विधानसभा क्षेत्रों में होगा, जिसके लिए मतदान 29 अप्रैल को प्रस्तावित है। इसके लिए अधिसूचना 2 अप्रैल को जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 9 अप्रैल तय की गई है। नामांकनों की जांच 10 अप्रैल को होगी, जबकि उम्मीदवार 13 अप्रैल तक नामांकन वापस ले सकेंगे। इससे राज्य में चुनावी मुकाबले के अंतिम चरण की तैयारी हो जाएगी। विधानसभा चुनावों की मतगणना 4 मई को होगी तथा पूरी चुनाव प्रक्रिया 6 मई तक पूरी कर ली जाएगी। इस अधिसूचना के साथ ही मतदान वाले क्षेत्रों में आचार संहिता (मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट) लागू हो गई है, जो प्रचार गतिविधियों को नियंत्रित करेगी और सभी उम्मीदवारों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करेगी। निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बलों की भारी तैनाती की जाएगी।

स्टालिन ने कोलाथुर विस सीट पर्चा भरा

चेन्नई, एजेंसी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने सोमवार को चेन्नई के कोलाथुर विधानसभा क्षेत्र से 13 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद स्टालिन ने विश्वास जताया कि कोलाथुर क्षेत्र की जनता उन्हें लगातार चौथी बार शानदार जीत दिलाएगी। स्टालिन 2011, 2016 और 2021 के विधानसभा चुनावों में कोलाथुर निर्वाचन क्षेत्र से विजयी रहे हैं। नामांकन के तुरंत बाद उन्होंने रोड शो किया और लोगों का अभिवादन कर समर्थन मांगा। इस दौरान द्रमुक अध्यक्ष ने कोलाथुर क्षेत्र में अपने कार्यों और उपलब्धियों पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया।

शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम से पर्चा दाखिल किया

कोलकाता, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को नंदीग्राम निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में निर्णायक जीत दर्ज करेगी। अधिकारी ने पूर्वी मेदिनीपुर जिले के हल्दिया में एसडीओ के समक्ष अपना नामांकन पत्र सौंपा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। अधिकारी के साथ जिले से भाजपा के दो और प्रत्याशियों ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। पार्टी की संभावनाओं को लेकर आश्वस्त अधिकारी कहा कि इस बार मतदाताओं में भाजपा की मांग कहीं अधिक है। भाजपा पश्चिम बंगाल में स्वच्छ, भ्रष्टाचार मुक्त, विकासोन्मुखी और नैतिक सरकार लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मोदी शबरिमला पर मौन, उन्हें धर्म की परवाह नहीं: राहुल

पत्तनमथिट्टा (केरल), एजेंसी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि वह केरल दौरे के दौरान शबरिमला मुद्दे पर चुप रहे, जो साफ संकेत है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) साथ काम कर रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने अडूर में कांग्रेस की एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि नौ अप्रैल को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भाजपा के गठजोड़ से मुकाबला करना पड़ रहा है। कहा कि हम एलडीएफ के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, जिसे भाजपा का पूरा समर्थन प्राप्त है। एक तरफ संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) है और दूसरी तरफ माकपा-भाजपा का गठजोड़ है। गांधी ने कहा कि भाजपा यहां यूडीएफ को नहीं चाहती क्योंकि वे जानते हैं कि देश में उसे चुनौती देने वाली एकमात्र ताकत कांग्रेस है।

देश लूटने को समाज के सभी वर्गों में झगड़ा पैदा कर रही भाजपा: ममता

बेल्दा (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर समाज के सभी वर्गों के बीच झगड़ा कराने का आरोप लगाया और दावा किया कि वह इस स्थिति का फायदा उठाकर देश लूटना चाहती है।

- कहा-आरोप पर उन पर जारी हो जो दंगे भड़का कर जीत चुनाव

मुख्यमंत्री ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल सरकार के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सियासी 'आरोपपत्र' पर कड़ी आपत्ति जताई। कहा कि पहला आरोपपत्र उनके (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह) खिलाफ दाखिल किया जाना चाहिए, जिन्होंने दंगे भड़काकर सत्ता हासिल की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा समाज के सभी वर्गों में झगड़ा करा रही है। वह ऐसी स्थिति का फायदा उठाकर देश को लूटना चाहती है। उन्होंने भाजपा पर प्रशासनिक व पुलिस सेवाओं तक सभी मामलों में हिंदू और मुसलमानों को बांटने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

भाजपा ने ममता और तृणमूल नेताओं पर लगाया मतदाताओं को धमकाने का आरोप

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को निर्वाचन आयोग का रुख कर आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेता विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को भाजपा को वोट देने से रोकने के लिए डरा-धमका रहे हैं। इस संबंध में एक अर्जी सौंपते हुए, भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से ममता बनर्जी को चुनाव प्रचार में भाग लेने से रोकने और तृणमूल नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की।

- चुनाव आयोग से शिकायत, प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग

निर्वाचन आयोग कार्यालय में अधिकारियों से मिलने गए भाजपा के प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू, पीयूष गोयल और सुकांत मजूमदार तथा भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी और राज्यसभा सदस्य अरुण सिंह शामिल थे। भाजपा ने संवेदनशील और असुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्रों में केंद्रीय बलों की तैनाती बढ़ाने की भी मांग की। कहा कि पश्चिम बंगाल पुलिस अप्रभावी हो गई है। भाजपा ने अर्जी में कहा कि राज्य प्रशासन और पुलिस द्वारा हिंसा या धमकी के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई के लिए निर्वाचन पर्यवेक्षकों के रूप में अधिक आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को तैनात किया जाए।

वर्ल्ड ब्रीफ

दक्षिण सूडान में बंदूकधारियों ने 70 लोगों की हत्या की

जुबा। अफ्रीकी देश दक्षिण सूडान की राजधानी जुबा के बाहरी इलाके में सोने की खदान को लेकर हुए विवाद में अज्ञात बंदूकधारियों ने 70 से अधिक लोगों की हत्या कर दी। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार घटना का वीडियो प्रसारित हुआ है, जिसमें एक खुले मैदान में दर्जनों शव दिखाई दे रहे हैं। एक स्थानीय पत्रकार ने बताया कि माना जा रहा है कि कई अन्य पीड़ित झाड़ियों में भाग गए हैं। सूडान के राज्य जेबेल इराक में स्थित सोने की खदान को लेकर पूर्व में भी अवैध खनिकों और खनन कंपनियों के बीच हिंसक झड़पें हुई थीं। पुलिस प्रवक्ता क्वासीजवोक डोमिनिक अमोण्डोक ने बताया कि जैसे ही उन्हें हमले के बारे में विस्तृत जानकारी मिलेगी, वह उसे साझा करेंगे।

शंघाई-कोलकाता के लिए इंडिगो ने सीधी उड़ान सेवा शुरू की

बीजिंग। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने सोमवार को शंघाई और कोलकाता के बीच अपनी दैनिक उड़ान सेवा शुरू की, जिससे भारत और चीन के बीच हवाई संपर्क को मजबूती मिलेगी। शंघाई में भारत के महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर ने 'इंडिगो6ई' उड़ान सेवा का उद्घाटन किया। शंघाई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'एक्स' पर जानकारी दी कि इंडिगो के प्रबंधन से मुलाकात में माथुर ने कहा कि यह नई उड़ान सेवा भारत और क्षेत्र के बीच हवाई संपर्क बढ़ने और आर्थिक संबंधों में सकारात्मक संकेत है। इंडिगो और एयर इंडिया जैसी भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने शंघाई को नयी दिल्ली और कोलकाता जैसे महानगरों से जोड़ना शुरू कर दिया है।

ब्रिटेन का राजनयिक को जासूसी के आरोप में रूस से निष्कासित

मास्को। रूस ने ब्रिटेन के एक राजनयिक को जासूसी के आरोप में सोमवार को निष्कासित कर दिया और उसे दो सप्ताह के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया है। एफएसबी (सोवियत काल में केजीबी के नाम से मशहूर) ने कहा, ब्रिटेन के राजनयिक जेन्स वान रेंसबर्ग की राजनयिक मान्यता रद्द करने का निर्णय लिया गया है और उन्हें दो सप्ताह के भीतर रूस छोड़ने का आदेश दिया गया है। रूस के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को रूस में ब्रिटेन की कार्यवाहक राजदूत डैनी ढोलकिया को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। यह कार्रवाई उस खुलासे के बाद की गई, जिसमें कहा गया है कि ब्रिटिश दूतावास के एक राजनयिक ने देश में प्रवेश करते समय अपने बारे में जानबूझकर गलत जानकारी दी थी।

न्यूजीलैंड में इंदिरा गांधी के हत्यारे के भतीजे की पहचान उजागर

वेलिंगटन, एजेंसी

इंदिरा गांधी के हत्यारों में से एक के भतीजे की पहचान न्यूजीलैंड की अदालत में पहचान गुप्त रखने का मुकदमा हारने के बाद जाहिर कर दी गई है। उसे मादक पदार्थ से जुड़े एक मामले में दोषी करार दिया गया था।

न्यूजीलैंड के वेब पोर्टल ''स्टफ'' ने शनिवार को खबर दी कि बलतेज सिंह को 700 किलोग्राम से अधिक मेथमफेटामाइन आयात करने के आरोप में 22 साल कारावास की सजा सुनाई गई है। यह न्यूजीलैंड के अधिकारियों द्वारा जब्त की गई अब तक की सबसे बड़ी मात्रा है। वह स्थायी रूप से अपना नाम गुप्त रखने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहा था। इससे पहले, 1984 में तत्कालीन

- पहचान उजागर न करने की अदालत में लड़ रहा था लड़ाई

प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या करने वाले उनके अंगरक्षकों में से एक सतवंत सिंह के भतीजे बलतेज सिंह के नाम को स्थायी रूप से सार्वजनिक नहीं करने का आदेश यहां के उच्च न्यायालय ने दिया था। अदालत ने यह आदेश बलतेज की इस दलील को स्वीकार करते हुए सुनाया था कि यदि उसकी पहचान उजागर हो जाती है तो उसे और उसके परिवार को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

कितनी उपयोगी कितनी दिलचस्प

भारत में जनगणना

भारत में जनगणना का इतिहास काफी पुराना है। यह जनसंख्या की गिनती ही नहीं, देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे को समझने का जरिया भी है। भारत में जनगणना की जड़ें वैसे तो कौटिल्य के अर्थशास्त्र से जुड़ी हैं, लेकिन आधुनिक पद्धति की शुरुआत ब्रिटिश काल में हुई। पहली गैर तुल्यकालिक जनगणना सन् 1872 में हुई थी, लेकिन यह जनगणना पूरे देश में एक साथ नहीं की गई थी। पहली पूर्ण जनगणना सन् 1881 में लॉर्ड रिपन के समय में पूरे देश में एक साथ हुई। तभी से हर 10 साल में एक बार जनगणना कराने की परंपरा शुरू हुई। वर्ष 2011 तक भारत में 15 बार जनगणना हो चुकी है। स्वतंत्रता के बाद अब तक सात और ब्रिटिश काल में आठ बार जनगणना हुई जिसमें 1921 को महान विभाजक वर्ष कहा जाता है क्योंकि तब जनसंख्या वृद्धि दर ऋणात्मक थी। वर्ष 2021 की जनगणना कोविड-19 के कारण टल गई थी।

जनगणना के नियम और कानूनी ढांचा

- जनगणना अधिनियम 1948 मुख्य कानून है, इसे तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने पेश किया था।
- संविधान के अनुच्छेद 246 के तहत जनगणना संघ सूची का विषय है। यानी इसे केंद्र सरकार ही करा सकती है।
- गृह मंत्रालय के अधीन महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त इस प्रक्रिया का संचालन करने के जिम्मेदार होते हैं।
- जनगणना के दौरान ली गई जानकारी बेहद गोपनीय होती है, इसे साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल नहीं कर सकते।
- हर नागरिक के लिए सवालों का सही जवाब देना कानून के तहत अनिवार्य, गलत जानकारी देने पर दंड का प्रावधान।

जनगणना के दो चरण

- **मकान सूचीकरण** : इसमें घरों की स्थिति और उनमें उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली जाती है।
- **जनसंख्या गणना** : लोगों की उम्र, लिंग, साक्षरता, व्यवसाय व धर्म जैसी जानकारी जुटाई जाती है।

वर्ष 2011 की जनगणना

- इसमें भारत की आबादी लगभग 121.08 करोड़ दर्ज की गई थी।
- उस समय भारत दुनिया की कुल आबादी का 17.5% हिस्सा था।
- 2001 से 2011 के बीच देश की जनसंख्या 17.7% की दर से बढ़ी।
- औसत साक्षरता 2001 में 64.8% थी जो 74.04% हो गई थी थी।

ये थे खास तथ्य

- वर्ष 2011 की जनगणना में पहली बार ट्रांसजेंडर को अलग श्रेणी के रूप में शामिल किया गया था।
- उत्तर प्रदेश की आबादी 20 करोड़ थी, यह दुनिया के 5वें सर्वाधिक आबादी वाले देश के बराबर है।

लिंगानुपात

वर्ष 2001 में प्रति 1,000 पुरुषों पर 933 महिलाएं थीं जो 2011 में 943 हो गईं। सबसे अच्छा लिंगानुपात केरल में 1084 और सबसे कम 879 का हरियाणा में था। 2011 में शून्य से 6 वर्ष का बाल लिंगानुपात चिंताजनक ढंग से गिरकर 919 पर आ गया था।

इस बार जनगणना में क्या खास

- नागरिकों के पास इस बार मोबाइल एप या वेब पोर्टल पर अपना विवरण खुद भरने का विकल्प होगा।
- जो सरकारी कर्मचारी घर-घर आएंगे, वे फॉर्म के बजाय स्मार्टफोन और टैबलेट पर डेटा दर्ज करेंगे।
- सरकार का लक्ष्य जनगणना के डेटा को जन्म-मृत्यु पंजीकरण और चुनावी रोल के साथ जोड़ने का है।
- कोई व्यक्ति 18 वर्ष का होगा, तो उसका नाम स्वतः मतदाता सूची में जुड़ने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।
- मृत्यु होने पर डेटाबेस से नाम हटाना आसान होगा, सरकारी योजना का लाभ सही आदमी तक पहुंचेगा।
- अब तक एससी-एसटी का डेटा ही अलग से लिया जाता था, इस बार ओबीसी का भी डेटा अलग होगा।

ईरान होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से ट्रांजिट टोल वसूल करने की तैयारी में

सांसद अलाउद्दीन बोरुजेर्दी ने की कानून बनाने के लिए विधेयक लाने की घोषणा

- परमाणु रुख को कड़ा कर अप्रसार संधि से हटने का भी दिया संकेत

तेहरान, एजेंसी

ईरान सामरिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर कड़ा नियंत्रण करने की तैयारी में है। ईरानी सांसद एक ऐसा विधेयक लाने की कोशिश कर रहे हैं जो पारगमन शुल्क (ट्रांजिट टोल) और गुजरने वाले जहाजों के लिए अनिवार्य मंजूरी सहित एक नई नियामक प्रणाली पेश करेगा। वरिष्ठ ईरानी सांसद अलाउद्दीन बोरुजेर्दी ने कहा कि इस कानून को ईरानी संसद (मजलिस) की ओर से जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है और यह कानून लागू होने के बाद ईरान की अनुमति के बिना किसी भी जहाज को इस जलमार्ग से गुजरने नहीं दिया जाएगा।

प्रस्तावित कानून के तहत, जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को सुरक्षा और संबंधित सेवाओं के बदले शुल्क देना होगा। एसएनएन टीवी चैनल ने बोरुजेर्दी के हवाले से कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य पर हमारा पूर्ण नियंत्रण है। मजलिस द्वारा विधेयक अपनाए जाने के बाद जल्द एक नई प्रणाली इस जलमार्ग को नियंत्रित करेगी। यह कदम ईरानी संसद की नागरिक मामलों की समिति के अध्यक्ष मोहम्मद रजा रजाई कूची की पिछली टिप्पणियों के बाद आया है, जिन्होंने पुष्टि की थी कि पारगमन शुल्क लगाने का कानून प्रक्रिया में है।

बोरुजेर्दी ने ईरान के परमाणु रुख को कड़ा करने का भी संकेत दिया और कहा कि ईरान के लिए परमाणु अप्रसार संधि से हटने का समय आ गया है। उन्होंने तर्क दिया कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरानी परमाणु सुविधाओं पर हाल के हमलों के बाद यह समझौता अपनी प्रासंगिकता खो चुका है। होर्मुज पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध की पृष्ठभूमि में भू-राजनीतिक तनाव का केंद्र बना हुआ है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह खर्ग द्वीप पर कब्जा करना पसंद करेंगे जहां से ईरान का 90 प्रतिशत तेल गुजरता है।

इजराइल के शेफाराम शहर में ईरान के मिसाइल हमले के बाद क्षतिग्रस्त एक घर।

आर्थिक आतंकवाद शुरू कर रहा है ईरान : यूएई

होर्मुज से संबंधित इस प्रस्तावित कानून की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी आलोचना हो रही है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रौद्योगिकी मंत्री सुल्तान अहमद अल जाबेर ने चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को हथियार बनाने का कोई भी प्रयास आर्थिक आतंकवाद के समान होगा, जिसके वैश्विक उपभोक्ताओं के लिए दूरगामी परिणाम होंगे। उन्होंने कहा, जब ईरान होर्मुज पर नियंत्रण स्थापित करेगा तो हर देश को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। ईरान ने यह भी कहा कि मौजूदा संघर्ष ने उसकी सांस्कृतिक विरासत को नुकसान पहुंचाया है। इस युद्ध के दौरान लगभग 131 ऐतिहासिक स्थल और 64 पर्यटन स्थल क्षतिग्रस्त हुए हैं।

ईरान के मिसाइल हमले के बाद इजराइली तेल रिफाइनरी में आग लगी

दुबई। ईरान के मिसाइल हमले के बाद उत्तरी इजराइल के हाइफा शहर में बाजार तेल रिफाइनरी में सोमवार को आग लग गई। घटनास्थल के वीडियो में बड़े रिफाइनरी टैंक में आग की लपटें और घना काला धुआं दिखाई दिया, जिसे बाद में इजराइल की अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं ने बुझा दिया। हमले में एक औद्योगिक भवन भी क्षतिग्रस्त हो गया। इजराइल के अधिकारियों के अनुसार, इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। दमकलकर्मी आग को अन्य हिस्सों में फैलने से रोकने के साथ संभावित रूप से फंसे लोगों की तलाश में जुटे हैं। इजराइल में केवल दो ही रिफाइनरियां हैं।

स्पेन: अमेरिकी विमानों के लिए हवाई क्षेत्र बंद

मैड्रिड। रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स ने सोमवार को घोषणा की कि स्पेन ने ईरान युद्ध में शामिल अमेरिकी विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। रोबल्स ने कहा, यह बात शुरू से ही स्पष्ट कर दी गई थी। इसलिए ईरान युद्ध से संबंधित किसी भी कार्रवाई के लिए स्पेन के हवाई क्षेत्र का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के नेतृत्व वाली स्पेन सरकार पश्चिम एशिया में अमेरिकी और इजराइली सैन्य कार्रवाई की सबसे मुखर आलोचक रही है।

हम खुश, ईरान और अमेरिका ने मध्यस्थता के लिए हमें चुना

- पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा- जल्द होगी शांति समझौते के लिए वार्ता

इस्लामाबाद। पाकिस्तान जल्द ही ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता वार्ता की मेजबानी करने के लिए तैयार है। विदेश मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने रविवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इसको लेकर मिस्र, सऊदी अरब और तुर्की के शीर्ष राजनयिकों के साथ बातचीत हुई है।

ये बातचीत ऐसे समय में हुई जब ईरान ने अमेरिका को जमीनी हमला करने के खिलाफ चेतावनी दी थी और अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग के चलते वैश्विक तेल की कीमतें बढ़ गई हैं। डार ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि बातचीत सीधी होगी या परोक्ष, या यह कब और कहां होगी लेकिन उन्होंने कहा कि यह आने वाले दिनों में होगी। पाकिस्तानी विदेश मंत्री के दावों के बाद अमेरिका या ईरान में से किसी ने तत्काल कोई टिप्पणी जारी नहीं की। डार ने कहा, पाकिस्तान बहुत खुश है कि ईरान और अमेरिका दोनों ने बातचीत में पाकिस्तान की मध्यस्थता पर भरोसा जताया है। राजनयिकों से मुलाकात के बाद डार ने दावा किया कि उन्होंने मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान के प्रयासों का सक्रिय रूप से समर्थन किया है और पाकिस्तान से अपील की है कि वह शामिल पक्षों के बीच व्यवस्थित बातचीत के लिए माहौल तैयार करे।

लेबनान : तीन हफ्ते में 3,70,000 बच्चों समेत 10 लाख लोगों ने घर छोड़ा

बेरूत। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक ओर सेना को दक्षिणी लेबनान में आक्रमण का विस्तार करने का निर्देश दिया है, वहीं दूसरी ओर यूनिसेफ ने चेतावनी दी है कि लेबनान में तेजी से बढ़ते संघर्ष ने बड़ा मानवीय संकट पैदा कर दिया है। मात्र तीन हफ्तों के भीतर देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई है। प्रभावित लोगों में 3,70,000 से अधिक बच्चे शामिल हैं।

यूनिसेफ की रिपोर्ट

यूनिसेफ के अनुसार, हर दिन औसतन 19,000 बच्चे घर छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। नेतन्याहू ने रविवार को नॉर्दर्न कमांड से जारी वीडियो संदेश में कहा है, मैंने अभी मौजूदा सुरक्षा बफर जोन का और विस्तार करने का निर्देश दिया है। हम इजराइल के उत्तर की स्थिति को मौलिक रूप से बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही उन्होंने कब्जे वाले गाजा मॉडल को दोहराने के प्रयास को आगे बढ़ाया। यूनिसेफ के अधिकारियों का कहना है कि विस्थापन की गति और पैमाना हाल के वर्षों में अभूतपूर्व है। पूरे देश में 10 लाख से अधिक लोग घरों से भागने को मजबूर हुए हैं। कई तीसरी या चौथी बार विस्थापित हुए हैं।

इजराइल की संसद में बजट पारित, कार्यकाल पूरा कर सकेंगे नेतन्याहू

तेल अवीव। इजराइल की संसद ने सोमवार को रातभर चले मैराथन सत्र में वार्षिक बजट पारित कर दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर सकेगी। इजराइल को समय पूर्व चुनाव से बचने के लिए एक अप्रैल से पहले बजट पारित करना आवश्यक था। इजराइल के विपक्षी दल ने बजट की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इसमें अति-रूढ़िवादी समुदायों को मिलने वाली धनराशि में वृद्धि की गई है, जबकि देश ईरान युद्ध के कारण बढ़ती महंगाई का सामना कर रहा है और गाजा में दो साल से जारी युद्ध से उबर नहीं पाया है।

लिव इन में रहने वालों को माना जाएगा वैवाहिक दंपती के समान

नई दिल्ली, एजेंसी

- जनगणना के पहले चरण के लिए 33 अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची जारी

भारत में जनगणना के सिलसिले में स्वगणना पोर्टल पर दिए गए अक्सर पूछे जाने वाले सवालों में कहा गया है कि अगर सहजीवन यानी लिव इन में रहने वाले दो लोग एक-दूसरे को हमेशा के लिए अपना मानते हैं तो उन्हें जगणना के दौरान वैवाहिक दंपती के समान माना जाए।

जनगणना के दौरान स्वगणना का विकल्प चुनने वालों के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। यह पोर्टल जनगणना के दोनों चरणों हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना (एलएलओ) और जनसंख्या गणना के लिए उपलब्ध होगा। पोर्टल पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) की सूची दी गई है ताकि लोग देश की 16वीं जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले सवालों का आसानी से उत्तर दे सकें। एफएक्यू में कहा गया है, क्या लिव इन संबंध में रहने वाले जोड़े को विवाहित जोड़ा माना जाएगा, यदि वे हमेशा के लिए एक-दूसरे को अपना मानते हैं तो उन्हें विवाहित जोड़े के रूप में माना जाए।

सरकार ने एक अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाले जनगणना हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग गणना के पहले चरण के दौरान लोगों से पूछे जाने वाले 33 प्रश्न अधिसूचित किए हैं। पहले चरण में पूछे जाने वाले प्रश्नों में घर के फर्श और छत में इस्तेमाल सामग्री, वहां रहने वाले विवाहित जोड़ों की संख्या, परिवार के मुखिया का लिंग, उपभोग किए जाने वाले अनाज का प्रकार, बुनियादी और आधुनिक आवश्यकताओं तक पहुंच और स्वामित्व वाले वाहनों के प्रकार शामिल होंगे।

ऐसे होगी प्रश्नों की शुरुआत

प्रश्नों की शुरुआत भवन संख्या (नगरपालिका या स्थानीय प्राधिकरण या जनगणना संख्या), जनगणना मकान संख्या, और घर के फर्श, दीवार और छत में उपयोग की गई प्रमुख सामग्री पूछने से होगी। इसके बाद गणनाकर्ता घर के उपयोग, उसकी स्थिति, और उसमें सामान्य रूप से रहने वाले व्यक्तियों की संख्या के बारे में पूछेंगे। अधिकारी परिवार के मुखिया के बारे में नाम और लैंगिक पहचान की जानकारी भी एकत्र करेंगे।

पटरी पर गिरा यात्री, दिल्ली मेंडेढ़ घंटे थमी रही मेट्रो सेवा

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन के विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री के पटरी पर गिर जाने के कारण मेट्रो सेवाएं करीब डेढ़ घंटे तक बाधित रहीं। इस बीच मेट्रो का इंतजार कर रहे यात्रियों की प्लेटफॉर्मों पर भारी भीड़ इकट्ठी हो गई गई।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री के पटरी पर होने के कारण येलो लाइन पर ट्रेन सेवाओं के संचालन में देरी हुई। डीएमआरसी ने कहा कि घटना के बाद सुरक्षा कारणों से येलो लाइन पर ट्रेन सेवाओं को नियंत्रित किया गया, जिससे सुबह के व्यस्त समय में इस कॉरिडोर के कई स्टेशन पर मेट्रो के लिए प्रतीक्षा का समय बढ़ गया और भीड़ एकत्रित हो गई।

- मेट्रो के इंतजार में प्लेटफॉर्मों पर इकट्ठी हुई यात्रियों की भारी भीड़

डीएमआरसी के अनुसार, करीब डेढ़ घंटे बाद येलो लाइन पर सामान्य सेवाएं बहाल कर दी गईं। दिल्ली पुलिस की मेट्रो इकाई ने एक बयान में कहा कि विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर 52 वर्षीय एक व्यक्ति पटरी पर गिरने से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी स्टेशन नियंत्रक से मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक मेट्रो कर्मियों द्वारा घायल को हिंदू राव अस्पताल भेजा जा चुका था। घायल की पहचान अनिल कुमार के रूप में हुई है, जो करावल नगर के निवासी हैं। अस्पताल में उन्होंने पुलिस को बताया कि प्लेटफॉर्म के किनारे खड़े रहने के दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह गिर गए।

बडगाम : बीएसएफ जवान के घर में मिले नशीले पदार्थ, अफसरों ने शुरू की जांच

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक कांस्टेबल के खिलाफ उसके आवास से संदिग्ध नशीले पदार्थ बरामद होने के बाद मामला दर्ज किया है।

प्राथमिकी रविवार को बडगाम थाने में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट की धारा 8/20 के तहत दर्ज की गई। यह कार्रवाई बीएसएफ कश्मीर फ्रंटियर मुख्यालय, हुमहामा की ओर से शिकायत पर की गई। उन्होंने बताया 28 मार्च की शाम बीएसएफ अधिकारियों ने 112 बटालियन के एक कांस्टेबल के हुमहामा स्थित आवास पर तलाशी ली जिसमें 2.3 किलो गांजा और एक सिम कार्ड सहित एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया गया।

वानूआतू के समीप आया 7.3 तीव्रता का भूकंप

वेलिंगटन। दक्षिण प्रशांत महासागर में वानूआतू के समीप सोमवार को जबर्दस्त भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र लगभग 115 किमी की गहराई पर था। कम गहराई पर आने वाले भूकंप सतह पर अधिक तीव्रता से महसूस किए जाते हैं। यह भूकंप वानूआतू के लुगानविले से लगभग 35 किमी उत्तर-पूर्व में आया। हालांकि भूकंप के कारण किसी प्रकार की क्षति या सुनामी लहरों की कोई खबर नहीं है।

कैसा रहेगा आपका आज का दिन

मेष (आज: होगी।): आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों के प्रति समर्पित रहेंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

वृष: आज सरकारी नियमों के पालन में सावधानी रखें। अनावश्यक यात्राओं से बचें। पेट में जलन की शिकायत हो सकती है।

मिथुन: आज आय के साथ आपके खर्च अचानक बढ़ सकते हैं। साझेदारी वाले व्यवसाय में सावधानी बरतनी अत्यन्त आवश्यक है।

कर्क: आज नए कार्यों को आरंभ करना उचित नहीं है। पैरों में चोट लग सकती है। कार्यक्षेत्र में ओवरटाइम करना पड़ सकता है।

सिंह: आज कार्यक्षेत्र में उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं। बच्चों से शुभ समाचार प्राप्त हो सकते हैं। कारोबार में बड़ा धन लाभ होगा।

कन्या: आज कानूनी मामलों में समझौता हो सकता है। अटकी हुई परियोजनाएं पुनः प्रारम्भ हो सकती हैं। अधिकारियों के साथ तालमेल बढ़ेगा।

तुला: आज आप एक साथ अनेक कार्य करना पसंद करेंगे। पिछले काफी समय से उतार-चढ़ाव की परिस्थितियों में सुधार होगा।

वृश्चिक: आज आकस्मिक खर्चों में बढ़ोतरी होगी। लोग आपको स्वार्थी समझ सकते हैं। कब्ज और गैस के कारण आपकी दिनचर्या खराब हो सकती है।

धनु: आज जीवनसाथी के साथ रिश्तों को लेकर प्रेम भाव बढ़ेंगे। व्यापार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा।

मकर: आज अपनी जिम्मेदारियों को लेकर जागरूकता बढ़ेगी। डायबिटीज के रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना पड़ेगा।

कुंभ: आज प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करेंगे। तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन अत्यन्त उत्तम है।

मीन: आज नए निवेश करने में सावधानी रखने की आवश्यकता है। नजदीकी लोग आपसे शत्रुवत व्यवहार रख सकते हैं।

आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी



आज की ग्रह स्थिति : 31 मार्च, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 06.55 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

दिशाशूल- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 03.20 तक तत्पश्चात उत्तरफाल्गुनी।

सुडोकू - 104 का हल

1	3	9	7	6	5	4	8	2
2	7	8	4	1	3	5	9	6
4	6	5	2	9	8	1	7	3
7	9	2	6	5	4	8	3	1
8	5	1	9	3	7	2	6	4
3	4	6	8	2	1	9	5	7
5	8	3	1	7	2	6	4	9
6	1	4	3	8	9	7	2	5
9	2	7	5	4	6	3	1	8

सुडोकू -105

				6		4		
4	7	8	1			9		
			2		4			
6							2	
3		7				5		8
	2		8		7		1	
			9					
		9			6		7	
		5		4				

नेपाल में ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन जारी

काठमांडू। नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहे। इस बीच, प्राधिकारियों ने धन शोधन को लेकर तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ जांच तेज कर दी है। ओली नीत कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) और उसके सहयोगी संगठनों एवं छात्र इकाइयों के सैकड़ों कार्यकर्ता सोमवार सुबह नया बनेश्वर क्षेत्र में इकट्ठा हुए। उन्होंने हाथों में तख्तियां थाम रखी थीं।

रक्षा उपलब्धि | सरकारी स्वामित्व वाली गार्डन रीच शिपबिल्डिंग एंड इंजीनियर्स लिमिटेड ने निर्मित किए हैं तीनों जहाज

भारतीय नौसेना को मिले तीन जहाज, बढ़ेगी सामरिक ताकत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय नौसेना को सोमवार को सरकारी स्वामित्व वाली गार्डन रीच शिपबिल्डिंग एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) की ओर से निर्मित तीन नए जहाज प्राप्त हुए। दूनागिरि, संशोधक और अग्रय नाम के इन जहाजों से नौसेना की समग्र युद्धक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

दूनागिरि, प्रोजेक्ट 17ए के तहत नीलगिरी श्रेणी का पांचवां जहाज है और इस श्रेणी का दूसरा पोत भी है।

प्रोजेक्ट 17ए के अंतर्गत बनाए गए ये जहाज बहुउद्देश्यीय प्लेटफॉर्म हैं, जिन्हें समुद्री क्षेत्र में वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस जहाज का नाम पुराने आईएनएस दूनागिरि से लिया गया है, जो एक लीएंडर श्रेणी का फ्रिगेट था और 1977 से 2010 तक भारतीय नौसेना के बेड़े का हिस्सा रहा।

इस पोत में ब्रह्मोस मिसाइल, रॉकेट और टॉरपीडो जैसे शक्तिशाली हथियारों का समावेश किया गया है। संशोधक एक सर्वेक्षण पोत है जो यह बंदरगाहों के तटीय और गहरे समुद्री क्षेत्रों का पूर्ण स्तर पर हाइड्रोग्राफिक सर्वे करने में सक्षम है। 110 मीटर लंबाई वाले संशोधक में अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक उपकरण हैं। इसी श्रेणी के अन्य जहाज़ आईएनएस संधायक, आईएनएस निर्देशक और आईएनएस इक्षाक को क्रमशः फरवरी 2024, दिसंबर 2024 और नवंबर 2025 में सेवा में शामिल किया गया था।

क्रूज मिसाइलों व उन्नत रक्षा प्रणालियों से लैस है दूनागिरि

नौसेना ने एक बयान में कहा कि पोत विध्वंसक ब्रह्मोस और जमीन पर हमला करने वाली क्रूज़ मिसाइलों के साथ उन्नत रक्षा प्रणालियों से लैस दूनागिरि नौसेना की मारक और रक्षा क्षमताओं का एक महत्वपूर्ण प्रतिबिंब है। बयान के अनुसार, जीआरएसई द्वारा निर्मित चार बड़े सर्वेक्षण पोतों में से अंतिम 'संशोधक' नौसेना की सर्वेक्षण क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण वृद्धि का परिचायक है। जीआरएसई द्वारा बनाए जा रहे आठ पनडुब्बी रोधी जलयानों में से एक 'अग्रय' को तटीय जलक्षेत्र में अभियानों के लिए डिज़ाइन किया गया है।

श्रेयस अय्यर के लिए आईपीएल की ट्रॉफी जीतने की ललक अब पहले से कहीं अधिक है जिससे वह 2026 सत्र में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए बेताब हैं। मैं उनकी आंखों में उनके जुनून को देख सकता हूं।
-रिकी पोंटिंग, मुख्य कोच, पंजाब किंग्स

स्टेडियम

लखनऊ, मंगलवार, 31 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

IPL 2026

आज का मुकाबला

पंजाब किंग्स — बनाम — गुजरात टाइटंस

समय - शाम 7:30 बजे

वैभव सूर्यवंशी के तूफानी अर्धशतक से राजस्थान ने चेन्नई को 8 विकेट से रौंदा

आईपीएल-2026 : बारिश के कारण पिच में आए बदलाव का रॉयल्स के तेज गेंदबाजों ने उठाया लाभ

वैभव सूर्यवंशी।

गुवाहाटी, एजेंसी

गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद वैभव सूर्यवंशी (52) और यशस्वी जायसवाल (नाबाद) की पारियों की बदौलत राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने सोमवार को इंआईपीएल के तीसरे मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर 47 गेंदें शेष रहते आठ विकेट से बड़ी जीत दर्ज की।

वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी ने 128 रनों के छोटे से लक्ष्य को अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से उड़ाते हुए महज 6.2 ओवरों में 75 रन ठोक डाले। इस दौरान वैभव सूर्यवंशी ने महज 15 गेंदों में चार चौके और पांच छक्कों की मदद से 50 रन बनाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्हें अंशुल काम्बोज ने आउट किया। वैभव सूर्यवंशी ने 17 गेंदों में चार चौके और पांच छक्कों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। नौवें ओवर की तीसरी गेंद पर काम्बोज ने ध्रुव जुरेल को बोल्ड आउट कर अपना दूसरा विकेट लिया। ध्रुव जुरेल ने नौ गेंदों में चार चौकों की मदद से 18 रन बनाये। इसके बाद आरआर ने 12.1 ओवरों में दो विकेट पर 128 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। यशस्वी जायसवाल ने 36 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 38 रनों की पारी खेली और रियान पराग ने 11 गेंदों में एक चौका और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद 14 रन बनाये। इससे पहले आज यहां आरआर के गेंदबाजों ने पहले बल्लेबाजी कर रही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 19.4 ओवरों में 127 रन पर समेट दिया था। राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 19 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। संजू सैमसन और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ छह-छह रन बनाकर आउट हुये। आयुष म्हात्रे अपना खाता भी नहीं खोल पाये। इसके बाद मैथ्यू शॉट पांच रन बनाकर आउट हुये। सरफराज खान और कार्तिक शर्मा ने पारी को संभाले का प्रयास किया। लेकिन रवींद्र जडेजा और बृजेश शर्मा ने दोनों बल्लेबाजों को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। सफराज खान ने 17 और कार्तिक शर्मा ने 18 रन बनाये। शिवम दुबे (छह) का रवींद्र जडेजा ने शिकार किया। नूर अहमद एक रन बनाकर आठवें विकेट के रूप में आउट हुये। मैट हेनरी पांच रन बनाकर आउट हुये। 20वें ओवर की चौथी गेंद पर जेमी ओवर्टन के रनआउट होने के साथ चेन्नई सुपर किंग्स की पारी 127 रन के स्कोर पर सिमट गई। जेमी ओवर्टन और अंशुल काम्बोज ने 10वें विकेट के लिए 33 रन जोड़कर स्कोर 100 रनों के पार पहुंचाया। जेमी ओवर्टन ने 36 गेंदों में दो चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 43 रनों की पारी खेली। राजस्थान रॉयल्स के लिए जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर और रवींद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लिये। बृजेश शर्मा और कार्तिक शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

15 गेंदों पर वैभव सूर्यवंशी ने अर्धशतक पूरा किया

चेन्नई सुपरकिंग्स

127/10 (19.4 ओवर)

संजू सैमसन बो बर्गर	06
रुतुराज गायकवाड़ बो आर्चर	06
आयुष महात्रे स्टं. जुरेल बो बर्गर	00
मैथ्यू शॉर्ट का जायसवाल बो संदीप	02
सरफराज खान पगबाधा जडेजा	17
कार्तिक शर्मा पगबाधा बृजेश	18
शिवम दूबे का बिश्नोई बो जडेजा	06
जैमी ओवरटन रन आउट	43
नूर अहमद का जुरेल बो आर्चर	01
मैट हेनरी का एवं बो बिश्नोई	05
अंशुल कंबोज नाबाद	07

गेंदबाजी : आर्चर 4-0-19-2, बर्गर 4-0-26-2, बृजेश 3-0-17-1, संदीप 2.4-0-22-1, बिश्नोई 3-0-16-1, जडेजा 3-0-18-2

राजस्थान रॉयल्स

128/2 (12.1 ओवर)

यशस्वी जायसवाल नाबाद	38
सूर्यवंशी का सरफराज बो कंबोज	52
ध्रुव जुरेल बो कंबोज	18
रियान पराग नाबाद	14

गेंदबाजी : हेनरी 3-0-40-0, खलील 3-0-17-0, कंबोज 3-0-27-2, नूर 2-0-24-0, ओवरटन 1-0-14-0, शॉर्ट 0.1-0-1-0

अंक तालिका

	टीम	मैच	जीते	हारे	टाई	अंक	नेट रन रेट
1.	राजस्थान रॉयल्स	1	1	0	0	2	4.171
2.	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	1	1	0	0	2	2.907
3.	मुंबई इंडियंस	1	1	0	0	2	0.687
4.	कोलकाता नाइट राइडर्स	1	0	1	0	0	-0.687
4.	सनराइज़र्स हैदराबाद	1	0	1	0	0	-2.907
5.	चेन्नई सुपर किंग्स	1	0	1	0	0	-4.171
6.	दिल्ली कैपिटल्स	-	-	-	-	-	-
7.	गुजरात टाइटंस	-	-	-	-	-	-
8.	लखनऊ सुपर जायंट्स	-	-	-	-	-	-
9.	पंजाब किंग्स	-	-	-	-	-	-
10.	राजस्थान रॉयल्स	-	-	-	-	-	-

औरेंज कैप

रियन रिकलटन मुंबई 81 रन
ईशान किशन हैदराबाद 80 रन
रोहित शर्मा मुंबई 78 रन

पर्पल कैप

जैकब डफी आरसीबी 3 विकेट
शार्दुल ठाकुर मुंबई 3 विकेट
रोमारियो शैफर्ड आरसीबी 3 विकेट

हाईलाइट

यानिक सिनर ने लेहेका को हराकर जीती मियामी ओपन

मियामी गार्डन्स। यानिक सिनर ने जिरि लेहेका को 6-4, 6-4 से हराकर मियामी ओपन पुरुष एकल खिताब जीत लिया और एरिना सबालेंका के बाद उनका भी 'सनशाइन डबल' पूरा हो गया। सबालेंका ने कोको गाफ को हराकर महिला एकल खिताब जीता था। इंडियन वेल्स और मियामी ओपन एक साथ जीतने को 'सनशाइन डबल' कहा जाता है और 2017 में रोजर फेडरर के बाद यह कमाल करने वाले सिनर दूसरे पुरुष खिलाड़ी हैं। सिनर ने तीन साल पहले भी मियामी ओपन जीता था। पिछले साल प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के कारण निलंबन की वजह से वह इस टूर्नामेंट से बाहर रहे थे।

फखर जमां, अफरीदी और रजा ने आरोपों को खारिज किया

लाहौर। पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज फखर जमां, तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने लाहौर कलंदर्स और कराची किंग्स के बीच पाकिस्तान सुपर लीग के मैच के दौरान गेंद से छेड़खानी के आरोपों को खारिज किया है। 35 वर्ष के फखर को मैच रैफरी रोशन महानामा ने पीएसएल की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिये आचार संहिता की धारा 2.14 के तहत लेवल तीन के अपराध का दोषी पाया था। जमां को पीएसएल के अनुच्छेद 41.3 का उल्लंघन करते हुए पाया गया। यह अनुच्छेद गेंद की स्थिति को बदलने वाली किसी भी हरकत पर रोक लगाता है।

मिहिका और अर्जुन अमेरिकी ओपन के लिए पिकलबॉल टीम में

मुंबई। मिहिका यादव और अर्जुन सिंह उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें नौ से 18 अप्रैल तक फ्लोरिडा के नेपल्स में होने वाले अमेरिकी ओपन पिकलबॉल टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। टीम के अन्य सदस्यों में पूर्वांश पटेल (ओपन), आदित्य सिंह (ओपन), नागा मोक्षा (लड़कियां अंडर-18), जीत सूद (अंडर-16) और युवराज सिंह (अंडर-16) शामिल हैं। भारतीय पिकलबॉल संघ ने सोमवार को विज्ञप्ति में बताया कि इसमें सब-जूनियर वर्ग में पंथ ठक्कर और अथर्व शेठ के अलावा सूर्यवीर सिंह भुल्लर (पुरुषों के 50 से ज्यादा उम्र के युगल और मिश्रित युगल) भी शामिल हैं। टीम को धीरेन पटेल कोचिंग देंगे जो 40 से ज्यादा उम्र के पुरुषों के प्रो एकल में भी हिस्सा लेंगे। भारतीय संघ और अमेरिकी ओपन के बीच साझेदारी की वजह से भारतीय खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश मिल जाएगा।

खुद को साबित करने उतरेंगे गिल और अय्यर

मुल्लांपुर, एजेंसी

शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर।

भारतीय टीम से बाहर टी20 बल्लेबाज शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जब इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच में क्रमशः गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स की अगुवाई करेंगे तो उनका इरादा खुद को साबित करने का भी होगा।

भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान गिल को टी20 टीम का उपकप्तान बनाया गया था लेकिन बाद में विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया। उनकी जगह संजू सैमसन को चुना गया था जिनका भारत की खिताबी जीत में अहम योगदान रहा। वर्ष 2023 के बाद से आईपीएल में गिल से ज्यादा रन सिर्फ विराट कोहली ने बनाये हैं लेकिन अब फोकस निरंतरता की बजाय स्ट्राइक रेट पर है। गिल का टी20 कैरियर का स्ट्राइक रेट 138 है लेकिन पिछले साल उन्होंने 155 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। अब बल्लेबाजी कोच के तौर पर मैथ्यू हेडन स्टाफ का हिस्सा है लिहाजा गिल की छक्के मारने के कौशल और बल्लेबाजी पर नजर रखी जायेगी। हार्दिक पंड्या के जाने के बाद से गिल ने कप्तानी का जिम्मा भी बखूबी संभाला है। अपने पदार्पण वर्ष 2022 में आईपीएल खिताब जीतने वाली गुजरात टाइटंस पिछले साल तीसरे स्थान पर रही। एक बार फिर टीम संतुलित लग रही है। सलामी बल्लेबाज गिल और साइ सुदर्शन सबसे बड़ी ताकत हैं। सुदर्शन ने पिछले सत्र में सर्वाधिक 759 रन बनाये थे। वह पसली के फ्रेक्चर से उबरकर लौट रहे हैं पर घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजरात के पास विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र जैसे विकल्प हैं जिन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 160 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाये थे।

पंजाब किंग्स के लिये एक बार फिर श्रेयस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा जो तीन अलग अलग टीमों को आईपीएल फाइनल तक ले जा चुके हैं। उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स 2020 में और पंजाब पिछले सत्र में फाइनल तक पहुंची जबकि केकेआर ने 2024 में खिताब जीता था। लगातार अच्छे प्रदर्शन के बावजूद श्रेयस को भारतीय टी20 टीम में जगह नहीं मिली और भारत के लिये आखिरी टी20 उन्होंने दिसंबर 2023 में खेला था। पिछले सत्र में उन्होंने 175 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 604 रन बनाये थे।

● गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स का मुकाबला आज

टीम

पंजाब किंग्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), निहाल वढेरा, विष्णु विनोद, हरनूर पन्नू, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बरार, मार्को यानसेन, अजमतुल्लाह उमरजइ, प्रियांश आर्य, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विशाख विजयकुमार, यश ठाकुर, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे व विशाल निषाद।

गुजरात टाइटंस : शुभमन गिल (कप्तान), साइ सुदर्शन, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, टॉम बेंटोन, ग्लेन फिलिप्स, निशांत सिंधू, वॉशिंगटन सुंदर, मोहम्मद अरशद खान, साइ किशोर, जयंत यादव, जैसन होल्डर, राहुल तेवतिया, शाहरूख खान, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मानव सुतार, गुरनूर सिंह बरार, ईशांत शर्मा, अशोक शर्मा, ल्यूक वुड, कुलवंत हेजरोलिया, राशिद खान।

भज्जी ने की रहाणे की आलोचना

नई दिल्ली। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान रोहित शर्मा के खिलाफ सुनील नारायण का इस्तेमाल नहीं करने को लेकर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे की आलोचना की।

रोहित तूफानी बल्लेबाजी कर रहे थे, उन्होंने 38 गेंद में 78 रन बनाए और सलामी जोड़ीदार रेयान रिकलटन (81 रन) के साथ 72 गेंद में 148 रन की भागीदारी की। तब रहाणे ने नारायण का इस्तेमाल नहीं किया जबकि मुंबई इंडियंस के इस स्टार खिलाड़ी के खिलाफ इस गेंदबाज का रिकॉर्ड बहुत अच्छा रहा है। सबसे अच्छा मुकाबला यह होता कि पावरप्ले में नारायण से गेंदबाजी कराई जाती, कम से कम एक या दो ओवर तो जरूर ताकि रोहित को शुरुआत में ही निशाना बनाया जा सके। विकेट लेकर मुंबई पर दबाव बनाने का उनके पास यही सबसे अच्छा मौका था। बल्कि नारायण ने अपने कोटे के पूरे ओवर भी नहीं फेंके, जिससे पता चलता है कि कप्तानी उस स्तर की नहीं थी।

रोहित शर्मा 2.0 अपना दबदबा बनाने के लिए तैयार : कुंबले

मुंबई। भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले आईपीएल के इस सत्र के पहले मैच में रोहित शर्मा के प्रदर्शन से काफी प्रभावित हैं और उनका मानना है कि रोहित का '2.0 अवतार' पूरे टूर्नामेंट में विरोधी टीमों के लिये चिंता का सबब रहेगा। 38 वर्ष के रोहित ने 38 गेंद में 78 रन बनाये जिसकी मदद से मुंबई इंडियंस ने रविवार को आईपीएल के पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराया। कुंबले ने स्टार स्पोर्ट्स' से कहा लगता है कि रोहित शर्मा अपने 2.0 अवतार में आ गए हैं। उनकी पारी से साबित हो गया है कि वह फिर से अपना दबदबा बनाने को तैयार हैं। जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहे थे, मुझे उनके कैरियर के शीर्ष दिनों की याद आ गई। उन्होंने कहा वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण और ब्लेसिंग मुजरबानी जैसे गेंदबाजों को छक्के लगाना आसान नहीं है लेकिन उसने इसे आसान बना दिया। उसने अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है और ब्रेक के बाद लौटने पर लय और टाइमिंग हासिल करने में पांच से सात दिन लगते हैं। कुंबले ने कहा वह शानदार पारी थी। छक्के आसानी से लग रहे थे। इस पारी ने साबित कर दिया कि रोहित का यह अवतार आईपीएल की बाकी टीमों के लिए चिंता का सबब होगा।

सूर्या को इंपैक्ट सब के तौर पर एहतियातन इस्तेमाल किया गया : जयवर्धने

मुंबई। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को टीम के पहले आईपीएल मैच में चोट के कारण 'इंपैक्ट सब' के तौर पर इस्तेमाल किया गया और इसमें कोई गैर जरूरी कहानी बनाने की जरूरत नहीं है। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में सूर्यकुमार ने फील्डिंग नहीं की और आठ गेंद में 16 रन बनाए। मुंबई ने केकेआर को छह विकेट से हराया। मैच के बाद जयवर्धने से पूछा गया कि पिछले सत्र में भारत और मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के बाद क्या अब सूर्यकुमार यादव को 'इंपैक्ट सब' के तौर पर इस्तेमाल किया जायेगा, इस पर उन्होंने कहा उम्मीद है कि कोई अवांछित कहानी नहीं बनाई जाएगी। टीम खुश है। उसे अतिरिक्त ब्रेक दिया गया था जो वह चाहता था। उन्होंने कहा उसे मामूली सी जकड़न है और वह फील्डिंग वगैरह कर रहा था। मुझे पता है कि अगले मैच में पांच दिन का समय है तो उसे अतिरिक्त समय देना चाहता था। वह तीन चार ओवर फील्डिंग के लिये तत्पर था लेकिन मैने मना किया। जयवर्धने ने कहा इसलिए प्लीज कोई कहानियां मत बनाइये। मैने कहा कि एहतियात के तौर पर ऐसा किया गया था। ये काफी अनमोल खिलाड़ी हैं और ये फैसले सोच समझकर लिये जाते हैं। उन्होंने खुशी जताई कि आखिरकार मुंबई इंडियंस ने पहला मैच हारने का सिलसिला तोड़ा। रोहित (78) और रियान रिकेलटन (81) की पारियों के दम पर मुंबई ने 221 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल किया। कोच ने कहा यह बल्लेबाजी के लिये अच्छा विकेट था। मुझे लगा कि 220 रन का स्कोर ज्यादा था और हमने 20 रन फालतू दिये लेकिन जिस तरह से रोहित और रियान ने बल्लेबाजी की, देखकर बहुत अच्छा लगा।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि केकेआर को पता है कि ग्रीन गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे

सिडनी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने सोमवार को कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स प्रबंधन को कैमरन ग्रीन की चोट की स्थिति के बारे में पूरी तरह से पता है जबकि केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में मिली हार के बाद कहा था कि सिर्फ मेजबान बोर्ड को ही पता है कि ग्रीन गेंदबाजी क्यो नहीं कर सके। ग्रीन से गेंदबाजी नहीं कराने के बारे में पूछे गए सवालों पर रहाणे ने कहा क्रिकेट आस्ट्रेलिया से पूछो। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के एक प्रवक्ता ने बताया कैमरन को कमर में चोट लगी थी जिससे वह कुछ समय तक गेंदबाजी नहीं कर सकेगा। वह 10.12 दिन के बाद गेंदबाजी कर पायेगा और केकेआर को इसकी पूरी जानकारी है। ग्रीन ने सितंबर 2024 से अक्टूबर 2025 तक गेंदबाजी नहीं की। उन्होंने 20 फरवरी को ओमान के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में गेंदबाजी की थी। पूरे विश्व कप में वह 19 गेंद ही डाल सके। केकेआर ने 25.20 करोड़ रुपये में ग्रीन को खरीदा था।

हुनर साबित करने के लिए मैं नहीं खेल रहा : रहाणे

मुंबई, एजेंसी

अपने भविष्य को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलों को खारिज करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान और भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने कहा कि वह अपने विकास के लिये क्रिकेट खेल रहे हैं, किसी को कुछ साबित करने के लिये नहीं।

सैतीस वर्ष के रहाणे ने पिछले सत्र में मुंबई रणजी टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने सफेद गेंद के टूर्नामेंट में भी कप्तानी नहीं की जिससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी। वह भारत के लिए आखिरी बार 2023 में खेले थे।मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में 40 गेंद में 67 रन बनाने वाले रहाणे ने कहा लोगों को मेरे बारे में बोलने दीजिए। वे 20 साल से बोलते आ रहे हैं। उन्होंने कहा मैं अपनी बल्लेबाजी से खुश हूं। मैं किसी को यह साबित करने के लिये नहीं खेल रहा हूं कि मैं कितना हुनरमंद हूं। लोग देख रहे हैं। उन्हें देखने दीजिये और बोलने दीजिए। उन्होंने कहा मैं बहुत खुश हूं कि पिछले दो तीन साल में सफेद गेंद के प्रारूप में मेरा खेल बेहतर हुआ है। एक क्रिकेटर के तौर पर विकास जरूरी है और मैं वही करने की कोशिश कर रहा हूं।

एशियाई खेल — पुणे में चल रहे शिविर में तकनीक निखारने के साथ मानसिक मजबूती पर दे रहीं खास ध्यान

तीरंदाज कोमोलिका की निगाहें भारतीय टीम में चयन पर

रायपुर, एजेंसी

भारतीय तीरंदाज कोमोलिका बारी के लिए जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर सर्किट में सफर उतना आसान नहीं रहा लेकिन अब वह 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और पुणे में चल रहे शिविर में तकनीक निखारने के साथ मानसिक मजबूती पर खास ध्यान दे रही हैं।

विश्व कैडेट और विश्व जूनियर खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज कोमालिका एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक जैसे बड़े टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश में जुटी हैं।

एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ में पहुंचने के बाद कोमालिका ने अपनी तैयारियों को और तेज कर दिया है। वह पुणे में चल रहे शिविर में अपनी तकनीक को निखारने के साथ-साथ मानसिक मजबूती और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने पर भी खास ध्यान दे रही हैं।

उन्होंने 'साई मीडिया' से कहा, मैं फिलहाल शीर्ष-16 में हूं और राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा हूं। एशियाई खेलों के चयन को लेकर मैं गंभीरता से तैयारी कर रही हूं। साथ ही मैं ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अनुभव हासिल करना चाहती हूं और अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी बनाए रख रही हूं।

कोमोलिका ने 2021 में अपनी राज्य की साथी दीपिका कुमारी की बराबरी करते हुए विश्व कैडेट और विश्व जूनियर दोनों खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज बनने का गौरव हासिल किया। उनकी मां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं जिन्होंने बेटी को तीरंदाजी अपनाने के लिए प्रेरित किया। झारखंड की यह प्रतिभाशाली तीरंदाज यहां चल रहे पहले 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' में तीरंदाजी स्पर्धा की मुख्य आकर्षण हैं।

कोमालिका ने कहा, मेरा अंतिम लक्ष्य 2028 ओलंपिक है। इस समय मेरी ट्रेनिंग काफी अच्छा चल रही है और मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं। सबसे ज्यादा ध्यान मानसिक रूप से मजबूत रहने पर है क्योंकि प्रदर्शन में इसकी बहुत बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने कहा, अभी तक के सफर ने मुझे सिखाया है कि उतार-चढ़ाव आते रहेंगे, लेकिन कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से उन्हें पार कर आगे बढ़ा जा सकता है।

शॉटगन विश्व कप में वापसी की कोशिश करेंगे ट्रैप निशानेबाज

टैंगियेर (मोरक्को)। भारतीय ट्रैप निशानेबाज मंगलवार को यहां आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप के फिर से शुरू होने पर स्कीट निशानेबाजों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। सत्र के पहले शॉटगन विश्व कप में पुरुष और महिला स्कीट टीम का प्रदर्शन फीका रहा था, जहां अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद कोई भी भारतीय निशानेबाज फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका। भवनेश मेंदीरत्ता जैसे खिलाड़ी सत्र की सकारात्मक शुरुआत करने के इरादे से उतरेंगे, क्योंकि इस साल जापान में एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप भी होने हैं।